

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 14 जून - 20 जून, 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - एकादशी , संवत 2080 पृष्ठ : 8 बुधवार वर्ष-9, अंक-16, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## मजबूरी बन गई है सरकार को ज्यादा शुल्क देने की!

सटीक



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**सरकार** जनता से शुल्क के रूप में पैसा वसूलती है और उस पैसे से सरकारी खर्चे और देश के विकास कार्य किए जाते हैं। ऐसे शुल्कों में बहुतेरे शुल्क हैं। जिन्हें वसूलने के लिए सरकार और सरकार की अधीनस्थ संस्थाएं शामिल हैं। यूं मान लो कि सारी नदियां सिमट कर समुद्र में ही समाती हैं वैसे ही सारा राजस्व सिमट कर सरकारी खजाने में ही जाता है। मगर पिछले कुछ समय से ऐसा भी देखने में आ रहा है कि सरकारी शुल्क जितना होता है उससे कई गुना सरकारी खजाने में जा रहा है। आप सोच रहे होंगे कि सुनने में तो आता है कि लोग सरकारी शुल्क चुकाने में गड़बड़ी करते हैं। शुल्क की चोरी करते हैं, हेराफेरी करते हैं। मगर यहां तो सरकार को चुकाने वाले टैक्स से भी ज्यादा चुकाया जा रहा है और चुकाना मजबूरी भी बन गई है। हम बात कर रहे हैं सरकारी स्टाम्प की। कलैक्ट्री या अन्य कई सरकारी ऑफिस होते हैं, जहां सरकारी कार्य के लिए स्टैम्प लगाया जाता है। जरूरत के अनुसार स्टैम्प उपलब्ध नहीं होते हैं तो ज्यादा राशि का स्टैम्प लगाना पड़ता है। पांच, दस, बीस यहां तक कि कभी-कभी तो 50 रुपए तक के स्टाम्प उपलब्ध नहीं हो पाते। जरूरतमंद यहां से वहां चक्कर लगाता रहता है। मगर स्टाम्प नहीं मिल पाते। यहां तक होता है कि स्टाम्प दो गुनी और तीन गुना राशि में उपलब्ध हो पाते हैं। कई स्टाम्प विक्रेता प्रथम तो स्टाम्प होने से ही मना कर देते हैं। ज्यादा निवेदन करने पर कहता है कि देखता हूं होगा तो दे दूंगा। फिर थोड़ी देर में हामी भरता है। ऐसा कह कर स्टाम्प राशि से ज्यादा वसूले जाते हैं। उसमें भी 10 की जगह 50 रुपए का और 50 की जगह 100 रुपए का, कभी-कभी तो 100 रुपए का स्टाम्प भी उपलब्ध नहीं होता है। ऐसे में निधारित राशि से ज्यादा का स्टाम्प लगाना पड़ता है। अलग-अलग कार्यों के अलग-अलग शुल्क निर्धारित होते हैं। जैसे शपथ पत्र, किरायानामा, बिजली कनेक्शन, रजिस्ट्री के लिए। इसके अलावा भी स्टाम्प लगते हैं। मगर निर्धारित शुल्क से ज्यादा लगाना पड़ता है। ये सब पैसा सरकारी खजाने में जाता है जो आम आदमी को मजबूरी में देना पड़ता है। कभी-कभी तो ऐसा भी होता है कि निर्धारित राशि से ज्यादा का स्टाम्प लगाने पर वह निरस्त हो जाता है। उसे फिर से लगाना पड़ता है। इन स्टाम्पों की जरूरत गरीब और अमीर दोनों ही व्यक्तियों को पड़ती है। अमीर तो सहन कर जाता है मगर गरीब पर दोहरी मार पड़ती है। इसलिए संबंधित विभाग को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि जरूरत के अनुसार छोटी राशि से लेकर बड़ी राशि तक के स्टाम्प आम आदमी को सुगमता से मिल सके। देखना यह भी चाहिए कि जरूरत के अनुसार स्टाम्प सुगमता से क्यों नहीं मिल पाते हैं।

### सीएम ने मंजूरी दी : प्रताप के नाम से इंटरनेशनल अवॉर्ड और सम्मेलन शुरू करेगी सरकार



# प्रदेश में बनेगा महाराणा प्रताप बोर्ड

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत सरकार ने महाराणा प्रताप के नाम से बोर्ड बनाने का फैसला किया है। बोर्ड का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराणा प्रताप के नाम से बोर्ड बनाने के प्रस्ताव करे मंजूरी दे दी है। इस बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा सात मेंबर होंगे। बोर्ड में सचिव और स्टाफ अलग से होगा। सीएम की मंजूरी के बाद बोर्ड बनाने का काम शुरू होगा। बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मेंबर के पद राजनीतिक नियुक्तियों से भरे जाएंगे। चुनावी साल को देखते हुए बोर्ड में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति जल्द होने के आसार हैं। सरकार ने इस बोर्ड के गठन का उद्देश्य नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप के महान चरित्र के बारे में बताने, उन पर आधारित पुरातात्विक धरोहरों का संरक्षण बताया है। यह बोर्ड महाराणा प्रताप के बारे में अलग अलग भाषाओं में उपलब्ध प्राचीन साहित्य को इकट्ठा करेगा। बोर्ड प्रताप पर शोध, प्रकाशन और प्रचार-प्रसार करने के साथ सिलेबस भी बनाएगा। इसके अलावा अपने उदयपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में जनाना अस्पताल के पुराने भवन का जायजा लिया। उन्होंने इसके जीर्णोद्धार व नवनिर्माण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

### प्रताप के नाम पर इंटरनेशनल अवॉर्ड

बोर्ड महाराणा प्रताप के नाम से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों की शुरूआत करेगा। प्रताप पर पर आधारित मेलों, प्रदर्शनी, समारोह, सम्मेलन, फिल्मों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों और कवि सम्मेलनों का आयोजन भी करेगा। बोर्ड का उद्देश्य महाराणा प्रताप के विचारों का देश-विदेश में प्रचार-प्रसार करना भी होगा। गहलोत सरकार ने इस बार कई बोर्ड बनाए हैं। महाराणा प्रताप को मानने वालों की बड़ी संख्या है, उस वोट बैंक को मैसेज देने के हिसाब से इस बोर्ड के गठन को अहम माना जा रहा है। सीएम ने उदयपुर दौरे के दौरान ही मई में इसकी घोषणा की थी और अब उदयपुर दौरा खत्म होते ही इसके गठन को मंजूरी दे दी।






## जागरूक खबरें

### वंशिता लखवानी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रचा इतिहास



जागरूक जनता @ जयपुर। वंशिता लखवानी ने 12वीं क्लास में 94.4 अंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का परिचय दिया है। विद्याधर नगर स्थित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की कला वर्ग की छात्रा वंशिता ने अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मेरी इस सफलता के पीछे मेरे दादा नारायणदास लखवानी एवं पिता जयकिशन लखवानी का मार्ग दर्शन और स्कूल के अध्यापकों की मेहनत है।

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट

### यात्री दो घंटे मुफ्त चला सकेंगे हाई स्पीड वाई-फाई

जागरूक जनता @ जयपुर। हवाई यात्रियों के लिए राहत की खबर है। उन्हें जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नि:शुल्क हाई स्पीड वाई-फाई की सुविधा दो घंटे तक मिलने लगी है। एयरपोर्ट पर बढ़ रहे इंटरनेट यूज को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने यह कदम उठाया है। एयरपोर्ट पर हवाई यात्रियों के लिए नि:शुल्क हाई स्पीड वाई-फाई के उपयोग की लिमिट महज 45 मिनट थी। इसे बढ़ाकर अब 120 मिनट कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट पर आने वाले 70 फीसदी यात्री नि:शुल्क हाई स्पीड वाई-फाई का उपयोग कर रहे हैं। यह सुविधा घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए उपलब्ध हो रही है।

### प्रेस क्लब में दंत एवं होम्योपैथी चिकित्सा जांच आज

जागरूक जनता @ जयपुर। पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से क्लब सदस्यों एवं परिजनों के लिए बुधवार, 14 जून को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक दन्त चिकित्सा एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शिविर का आयोजन उपाध्यक्ष राहुल भारद्वाज के संयोजन में किया जाएगा। हेल्दी स्माइल्स ग्रुप के तत्वावधान में दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. समीर शर्मा, शांतनु जैन और होम्योपैथी विशेषज्ञ एस.के.जोशी अपनी सेवाएं देंगे। जांच शिविर में नि:शुल्क उपचार एवं परामर्श दिया जाएगा।

राशि परिवर्तन : 17 जून को रात 10 बजकर 55 मिनट पर शनिदवे कुंभ राशि में वक्री होंगे

# न्याय के देवता शनिदेव 4 माह 19 दिन चलेंगे उलटी चाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। न्याय के देवता शनिदेव 17 जून से उलटी चाल चलेंगे। इस दिन रात 10 बजकर 55 मिनट पर शनिदेव कुंभ राशि में वक्री होंगे, जो 4 माह 19 दिन तक उलटी चाल चलेंगे। इसके बाद 4 नवम्बर को शनिदेव मार्गी होंगे और सीधी चाल चलेंगे। शनिदेव 29 जून 2024 को रात 12 बजकर 37 मिनट पर मार्गी रहेंगे। 7 माह 26 दिन शनिदेव मार्गी रहेंगे। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि शनिदेव कर्क व वृश्चिक राशिवाले जातकों के लिए ढैय्या चल रहे है, जबकि मकर, कुम्भ व मीन राशि के जातकों के लिए शनि की साढ़ेसाती चल रही है। कुम्भस्थ शनि से गत 17 जनवरी को शाम 6:04 बजे पर वृश्चिक राशि के चन्द्रमा में प्रवेश किया था, जिसके अनुसार साढ़ेसाती व ढैय्या शनि का फल किसी पर शुभ पर रहेगा तो किसी के लिए मिश्रित फलदायक रहेगा।



### ढैय्या व साढ़ेसाती के जातकों पर क्या पडेगा प्रभाव

» **मकर**- उतरती साढ़ेसाती से मन असंतुष्ट, पारिवारिक अशान्ति बनी रहेगी।
» **कुम्भ** - मध्यकालीन साढ़ेसाती से व्यापार में लाभ मनोबल में वृद्धि होगी।
» **मीन** - प्रारम्भिक साढ़ेसाती से मनोबल उँचा, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
» **कर्क** - ढैय्या शनि से सहयोग मिले, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
» **वृश्चिक** - ढैय्या शनि से गृहक्लेश व खर्चे की अधिकता, मनमुटाव, मन में अशान्ति रहेगी।

### ये उपाय लाभकारी

**शनि** के अनिष्ट फल से बचने के लिए तेल, छायापात्र दान, शनि मन्त्र का जाप, दशांश हवन, शनिवार का व्रत, सप्तधान्य दान करना चाहिए। इसके साथ ही शनिवार को सुबह पीपल का पूजन करने से शनि का अशुभ फल कम होता है। शिव उपासना और हनुमत उपासना करें। मंगलवार और शनिवार को हनुमान जी की पूजा करें। हनुमान चालीसा व शनि चालीसा का पाठ करें। सुंदरकांड का पाठ करें।

### शनिदेव देते हैं शुभ फल

**ज्योतिषाचार्य** गोपाल पाण्डेय ने बताया कि यदि आपकी जन्म कुंडली में शनि शुभ स्थिति में हैं तो आपको शनि की वक्री चाल के समय भी शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। वहीं जो व्यक्ति धर्म के काम करता है उसको भी शनि कष्ट नहीं पहुंचाते हैं। शनि के बारे में मान्यता है कि ये लोगों को उनके कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं। यदि किसी की जन्म कुंडली में शनि वक्री अवस्था में बैठे हुए हैं और उस कुंडली के लिए शुभ फल कारक ग्रह है तो शनि का वक्री होना शुभ लाभकारी माना जाता है। इसी तरह यदि अशुभ होकर शनि वक्री हों तो अशुभ परिणाम देखने को मिलते हैं।

## इस बार 75 लाख युवा पहली बार डालेंगे वोट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विधानसभा चुनाव में इस बार 75 लाख नए वोटर्स सरकार चुनेंगे। हालांकि, अगले 6 माह में इनकी संख्या साढ़े तीन लाख और बढ़ सकती है। इनकी उम्र 17 से 18 साल के बीच है। ये निर्वाचन आयोग में रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इनके अलावा डेढ़ लाख युवा वोटर और बढ़ सकते हैं। वहीं, 18 से 40 साल तक की उम्र के कुल युवा वोटर्स की संख्या 2.60 करोड़ से ज्यादा होगी। इनमें 1.60 करोड़ महिलाएं हैं। वहीं, 18 से 19 साल तक के वोटर्स में महिलाएं 5,99,429 और पुरुष 9,03,249 होंगे। कुल वोटर्स की संख्या 5.16 करोड़ होगी।

### शतायु वोटर्स 21,601, 80 साल से अधिक उम्र के मतदाता भी बढ़े

**इस** बार 100 से अधिक उम्र के 21,601 वोटर्स होंगे। इनमें से 120 साल से अधिक उम्र के 170 हैं। शतायु वोटर्स में महिलाओं की संख्या 76.91% है। 80 से 100 वर्ष तक के वोटरों की संख्या भी बढ़ी। 12.60 लाख बुजुर्ग वोटर्स में से 7.80 लाख महिलाएं हैं।

» 120 वर्ष की उम्र से अधिक के सबसे अधिक 17 वोट भीनमान विधानसभा क्षेत्र, जबकि 12 धरियावाद में हैं।
» नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100 से 120 उम्र के सर्वाधिक 348 वोटर हैं।

### आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में रक्तदान शिविर आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** झोटवाड़ा रोड स्थित म.शे. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में आज विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर प्रात: 9 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। स.नि. डॉ. बीआर मीणा ने यह जानकारी दी।

बीटू बाइपास और लक्ष्मी मंदिर तिराहे का काम होने में लगेगा अभी समय

# सिग्नल फ्री चौराहा बनने में अभी लेगा साल भर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। जो काम हम अपने समय में शुरू करते है उसे पूरा भी करते है। यही नहीं पिछली सरकार जो काम अधूरा छोड़ देती है उसे भी हम बंद नहीं करते बल्की पूरा करके उसका फीता काटते है। ये बात नगरीय विकास मंत्री (यूडीएच) शांति धारीवाल पिछले कुछ समय से हर सरकारी कार्यक्रम में बोलते है। लेकिन हकीकत ये है कि उनके इस कार्यक्रम में जयपुर में शुरू हुआ एक भी प्रोजेक्ट इस बार पूरा नहीं हुआ है। जयपुर में सिग्नल फ्री जंक्शन बनाने का काम जो कोविड के समय जनवरी 2022 से शुरू हुए उनके इस कार्यकाल (नवंबर 2023) तक पूरा होने की संभावना कम ही दिख रही है। सिग्नल फ्री जंक्शन में एक बड़ा प्रोजेक्ट जेएलएन मार्ग पर ओटीएस चौराहे पर शुरू हो ना था, जिसे फिलहाल ठण्डे बस्ते में रख दिया है। इस प्रोजेक्ट की डिजाइन और डीपीआर तैयार करने के बाद यहां केबिल ब्रिज बनाना प्रस्तावित था। इसके लिए टेण्डर प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी, लेकिन बाद में इसे रोक दिया।

### अगले साल आने तक करना होगा इंतजार

**इन** दोनों प्रोजेक्ट्स को पूरा होने में अभी करीब एक साल का समय और लगेगा। जेडीए के अधिकारियों के मुताबिक लक्ष्मी मंदिर तिराहे का काम अगले साल अप्रैल तक पूरा हो सकेगा। लेकिन इसका लोकार्पण लोकसभा चुनाव बाद जून या जुलाई में ही किया जा सकेगा। इसी तरह बीटू बाइपास का काम पूरा होने में अभी एक साल से ज्यादा का समय और लग सकता है।



### ये काम शुरू किया

**टोंक** रोड पर बीटू बाइपास पर क्लोवर लीफ और अण्डरपास बनाने का काम जनवरी 2022 में शुरू हुआ, लेकिन ये काम अब तक 50 फीसदी भी पूरा नहीं हुआ। करीब 155 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में अण्डरपास का काम 60 फीसदी हुआ है, जबकि टोंक रोड पर दो तरफ बनने वाले क्लोवर लीफ का काम अब भी 40 फीसदी भी नहीं हुआ। यहां अभी पिल्लर बनाने और कुछ जगह पिल्लरों की फाउंडेशन भरने का काम चल रहा है। लक्ष्मी मंदिर तिराहे पर अण्डरपास बनाने का काम अभी चल रहा है। यहां करीब 82 करोड़ रुपए की लागत से दो अण्डरपास बनने है। टोंक रोड (गांधी नगर मोड से नेहरू बालोद्यान) पर अण्डरपास और सब्जी मंडी रोड से टोक रोड़ तक लगभग 400 मीटर लम्बाई में दो लेन अण्डरपास बनाया जाएगा। इसमें सब्जी मंडी की तरफ अण्डरपास का काम 65 फीसदी हो गया है, लेकिन अभी टोंक रोड पर बनने वाले अण्डरपास का काम 40 फीसदी हुआ है। इसमें भी गांधी नगर मोड से लक्ष्मी मंदिर तिराहे की तरफ आने वाला अण्डरपास का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2023

# रामेश्वरम् के लिए पहली ट्रेन आज होगी रवाना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2023 की पहली ट्रेन बुधवार को रामेश्वरम् के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन में प्रदेश के तीन जिलों से 970 यात्री रामेश्वरम् के लिए जाएंगे। यह ट्रेन दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से शाम 4 बजे रवाना होगी, हांलाकि यात्रियों को सुबह 11 बजे तक रेलवे स्टेशन पर पहुंचना होगा। इसे लेकर विभाग ने सभी यात्रियों को सूचनाएं भेज दी है।

तीर्थ यात्रा योजना की पहली ट्रेन में जयपुर से दौसा जिले के 410 यात्री और झुंझुनूं जिले के 220 यात्री रवाना होंगे। वहीं इसी ट्रेन में कोटा रेलवे स्टेशन से बूंदी जिले के 340 यात्री जाएंगे। ऐसे में पहली ट्रेन से 970 यात्री रामेश्वरम् के लिए रवाना होंगे। देवस्थान विभाग आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि पहली ट्रेन के 970 यात्रियों को दोनों रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि समस्त प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके, जयपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह 11 बजे तक और कोटा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1 बजे तक यात्रियों को रिपोर्ट करनी है। पहली ट्रेन के सभी चयनित तीर्थ यात्रियों को व्यक्तिगत दूरभाष और संदेश माध्यम से सूचित कर दिया गया है। यात्रियों को अपने साथ ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी, चिकित्सा प्रमाण पत्र, जनाधार, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट फोटो लेकर आना अनिवार्य है।

### 40 हजार यात्री करेंगे यात्रा

**आयुक्त** प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि तीर्थ यात्रा योजना के तहत इस बार 40 हजार वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थानों की धार्मिक यात्रा करेंगे। इसमें 36 हजार तीर्थ यात्री इस बार ट्रेन से विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाएंगे। जबकि 4 हजार यात्री हवाई जहाज से पशुपतिनाथ-काठमांडू की यात्रा करेंगे। **1.3 लाख वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी तीर्थ यात्रा का लक्ष्य :** सरकार ने करीब एक लाख 3 हजार वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न धार्मिक स्थलों की तीर्थ यात्रा करवाने का लक्ष्य तय किया है। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेशभर से 83 हजार आवेदन आए थे, जिसमें लॉटरी के माध्यम से तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया।

### राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन 15 जून से मुम्बई में, विस अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी करेंगे शिरकत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी 15 से 17 जून तक मुम्बई में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में भाग लेंगे। वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए 14 जून को मुम्बई रवाना होंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा भी उनके साथ मुम्बई जायेंगे। विधायकों के इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 80 से अधिक विषयगत सत्रों का आयोजन होगा।

सौगात : राजस्थान आवासन मंडल दो माह में तैयार करेगा परियोजना

# कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान में जिम, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल की मिलेंगी सुविधाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विधानसभा सदस्यों के लिए राजधानी जयपुर में दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब की तर्ज पर कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान बनाया जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से इसे राजस्थान आवासन मंडल तैयार कर रहा है। सितम्बर तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का समय है, लेकिन मंडल इसे अगस्त में पूरा करने का दावा कर रहा है। विधायक नगर पूर्व (विधानसभा के पास) में 09 फरवरी 2022 मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस परियोजना का शिलान्यास किया था।



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2021-22 में बजट घोषणा की थी। उसके बाद मंडल ने काम शुरू किया है। तय समय से पहले काम पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

**-पवन अरोड़ा,** आयुक्त, आवासन मंडल

### 4,948.92 वर्ग गज भूमि क्लब के लिए आरक्षित की थी जेडीए ने

» 90 करोड़ से इसे किया जा रहा है तैयार
» 05 मंजिल के अलावा भूतल और बेसमेंट का काम हो चुका है पूरा
» 165 सीट क्षमता का रेस्टोरेंट तैयार होगा।
» 100 सीटों की क्षमता का कैफेटेरिया और 5 लॉउंज
» 50 सीटों की क्षमता का होम थियेटर और हैल्थ स्पा भी होगा।
» दो बड़े हॉल बनाए गए हैं, इनकी क्षमता 125 और 225 सीटों की है।
» सेमी कवर्ड स्वीमिंग पूल और 3 कॉन्फ्रेंस और मीटिंग रूम
» बैडमिंटन कोर्ट, स्कैश कोर्ट, इंडोर गेम्स रूम और टेबल टेनिस रूम



विश्व विप्र समन्वय संघर्ष समिति का दो दिवसीय सम्मेलन सम्पन्न

# देश भर के ब्राह्मण प्रतिनिधि हुए एकत्रित

### ब्राह्मण समाज की दशा और दिशा पर हुआ गहन मंथन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सम्मेलन** के दौरान वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं संस्था अध्यक्ष डॉ. अनीता मिश्रा व अन्य प्रबुद्धजों ने जागरूक जनता समाचार पत्र के प्रधान संपादक शिव दयाल मिश्रा एवं उर्मिला मिश्रा का सम्मान किया।

जयपुर। विश्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में विश्व विप्र समन्वय संघर्ष समिति का दो दिवसीय सम्मेलन विद्याधर नगर सेक्टर 4 स्थित जांगीड़ भवन में सम्पन्न हो गई। वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं संस्था अध्यक्ष डॉ. अनीता मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न सम्मेलन में भारत के अनेक राज्यों से विप्रबंधु शामिल हुए। सम्मेलन में संस्था द्वारा तैयार किया गया 21 सूत्री मांग पत्र में वर्णित बिन्दुओं पर मंथन हुआ। दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में प्रथम दिन दो सत्र आहूत किए गए। जिनमें आगंतुक अतिथियों का सम्मान एवं परिचय कराया गया। उसके बाद ब्राह्मणों की सहायतार्थ विश्व ब्राह्मण महासभा हेल्प फाउण्डेशन के बैनरतले सम्मान समारोह सर्वजन शिरोमणि अवॉर्ड कार्यक्रम रखा गया। देश के 25 राज्यों से प्रतिनिधि शामिल हुए।

डॉ. अनीता मिश्रा ने कहा कि मैं हमेशा गरीबों के साथ रहूंगी और लोगों की सेवा करती रहूंगी। नमो नमो मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मूर्ति मीणा ने कहा कि हम आपके साथ हैं और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विनोद शास्त्री ने कहा कि शिक्षा से वंचित छात्रों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य करेंगे। अगले दिन तीन सत्र आहूत किए गए। प्रातः दस बजे से एक बजे तक चलने वाले सत्र में हमारी संस्कृति के हो रहे ह्रास पर चिंता व्यक्त की गई। लुप्त हो रही हमारी सभ्यता, संस्कृति एवं संस्कारों को पुनः स्थापित करने के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनीता मिश्रा ने अपने उद्बोधन में पूरे देश के ब्राह्मणों को एक सूत्र में बांधने और सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष डॉ. अनीता मिश्रा एवं उनकी टीम ने इस अवसर पर शिक्षा, ज्योतिष, पांडित्य, चिकित्सा, पत्रकारिता, न्यायालयीन एवं अन्य व्यवसाय से जुड़ी 151 प्रतिभाओं को प्रशंसा-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विप्र शिरोमणि अलंकार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाग लेने आए विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम के आयोजन के लिए डॉ. अनीता मिश्रा का शॉल, पुष्पमाला, प्रतीक चिन्ह एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन किया गया। इसके 21 सूत्री मांग पत्र पर सभी की राय से आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बीच-बीच में मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।



## जागरूक खबरें

### 10.80 करोड़ रुपए की लागत से होंगे पर्यटक स्थलों पर विकास कार्य

**जागरूक जनता @ जयपुर।** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पर्यटक स्थलों का जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य करवाये जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पर्यटन विकास कोष से 10.80 करोड़ रुपये की राशि के विकास कार्य करवाये जाने की मंजूरी दी है। इसमें कोटा चम्बल के श्री ठाकुर जी मंदिर ढ़ीपरी में 3.83 करोड़ रुपए, पीपलदा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 2.48 करोड़ रुपए, राजसमंद के सिंहाड़ के प्राचीन चारभुजा मंदिर में 1.45 करोड़ एवं बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ स्थित बिग्गाजी धाम में 3.03 करोड़ रुपए की राशि से विकास कार्य करवाये जाएंगे।

### पूर्व सीएम पहाड़िया के बेटे BJP में शामिल

**जागरूक जनता @ जयपुर।** विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी लगातार दूसरी पार्टियों में सेंध लगाकर अपना कुनबा बढ़ा रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता सुभाष महरिया सहित कई रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स ने भाजपा ज्वाइन की थी। इसी क्रम में कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के बेटे ओम प्रकाश पहाड़िया ने भाजपा ज्वाइन की है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री व प्रभारी अरूण सिंह और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पहाड़िया समेत चार लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इनमें कांग्रेस नेता बृजेन्द्र सिंह शेखावत, बसपा नेता अशोक वर्मा और रिटायर्ड आईएएस चंद्रमोहन मीणा भी शामिल है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है। जिसका भविष्य अंधकार में है। वहीं भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों को पता है कि वे जिस पार्टी में जा रहे हैं।

जागरूक जनता
हिन्दी अखबार
घर मंगवाये आपका अपना अखबार
खबर, विज्ञप्ति, विज्ञापन, आलेख, कार्यक्रम की सूचना, प्रेसनोट हमें भेजें
jagrukjantanews@gmail.com
0141-3587886

# अशोक गहलोत ने कहा... गलत पर्सेप्शन बन गया...

# मैं मुख्यमंत्री बने रहना चाहता था

## गहलोत बोले- सीपी जोशी से मेरे संबंध अलग तरह के, जिंदगीभर अलग तरह के ही रहेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने चुनावी साल में सचिन पायलट से खींचतान खत्म करके एकजुटता का दावा किया है। गहलोत ने अपने बारे में चल रही सियासी धारणाओं के बारे में भी नए खुलासे किए हैं। गहलोत ने किसी जमाने में सियासी कंपीटीटर रहे सीपी जोशी को अपनी कमजोरी बताया है। साथ ही परसराम मदेरणा की जगह खुद सीएम बनने की धारणा को गलत बताते हुए दावा किया है 1998 में वे मुख्यमंत्री के दावेदार ही नहीं थे। गहलोत ने एक इंटरव्यू में कहा कि एक गलत पर्सेप्शन बन गया कि मैं अध्यक्ष नहीं बनना चाहता था, मुख्यमंत्री बने रहना चाहता था, इसलिए 25 सितंबर को सब मेरे द्वारा ही प्रायोजित था।

### आज भी धारण है कि मैं अध्यक्ष नहीं बनना चाहता था, मुख्यमंत्री रहना चाहता था

**गहलोत** ने कहा- मेरा कांग्रेस अध्यक्ष बनने का तो तय हो गया था, दो दिन बाद मुझे फॉर्म भरना था। मैं विधायक दल का नेता था, मुख्यमंत्री के तौर पर मेरे रहते हुए कल्पना के बाहर की बात थी कि दो लाइन का वह प्रस्ताव पास नहीं करवा पाया। लोगों के अंदर पर्सेप्शन क्या है कि मैं अध्यक्ष बनना नहीं चाहता था, मैं मुख्यमंत्री रहना चाहता था, इसलिए सब कुछ मेरे द्वारा ही प्रायोजित था। यह पर्सेप्शन आज भी है, मुझे मालूम है। कई पर्सेप्शन ऐसे बन जाते हैं, जो खत्म नहीं होते, उनमें एक यह भी है। फिर भी उस घटना का दुख है।



### सचिन से सुलह परमानेंट

**गहलोत** ने कहा- सचिन पायलट से सुलह परमानेंट है। दिल्ली में सब हो गया। जब राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में जब प्यार मोहब्बत से सब सिखा दिया कि सबको मिलकर चलना है तो बात खत्म हो जाती है। फिर सब राजी है और राजी रहना चाहिए। अब सवाल व्यक्ति का नहीं है, पार्टी और देश का है, इसलिए मैं चाहता हूं सब मिल कर रहे। पायलट को नकारा-निकम्मा कहने और बयानों पर गहलोत ने कहा- अब स्थिति क्या है, वह घटना दुर्भाग्यपूर्ण थी, उस पर मुझे कुछ नहीं कहना। क्योंकि मैं कोई बात बोलूंगा तो दूरी बढ़ती है। हम चाहते हैं प्यार मोहब्बत से रहें, एकजुट रहकर हम लोग वापस सरकार बनाएं।

### पायलट जब ढाई साल के थे तब पहली बार मिला

**पायलट** से पहली बार मुलाकात के सवाल पर गहलोत ने कहा- जब सचिन ढाई साल के थे, तब मैं उनके यहां पहली बार गया था। यह ढाई साल की उम्र उन्होंने मुझे बताई, मल्लिकार्जुन खड़गे के घर बैठक में हम आपस में मिले तब यह बात चल पड़ी। तब उन्होंने ही यह ढाई तीन साल क उम्र में मिलने वाली बात बताई। साल 1980 में राजेश पायलट और मैं साथ में संसद में घुसे थे। तब से हमारा एक-दूसरे के घर आना जाना है, ऐसी क्या बात है?

### बचपन में राहुल-प्रियंका को जादू सिखाने की बात गलत

**गहलोत** ने कहा- कई लोग कहते हैं कि बचपन में राहुल गांधी,प्रियंका गांधी को मैंने मैजिक सिखाया। अब आप बताइए क्या-क्या किस्से लोग बना देते हैं। मैं बचपन में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से कभी नहीं मिला। फिर भी बातें चलती रहती हैं कि मैंने राहुल प्रियंका को बचपन में जादू सिखाया, इसलिए उनके परिवार का सदस्य बन गया, यह गलत पर्सेप्शन है। अब पर्सेप्शन बना दिया जाता है, उसका क्या कर सकते हैं। कई बार पर्सेप्शन से राजनीति चलती है।

### परसराम मदेरणा सीएम उम्मीदवार ही नहीं थे

**परसराम** मदेरणा और सीपी जोशी की उम्मीदवारी के बावजूद दो बार सीएम बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा- सच्चाई यह है कि परसराम मदेरणा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ही नहीं थे। मदेरणा साहब को हेल्थ प्रॉब्लम थी। उनकी एंजियोप्लास्टी बिगड़ गई थी। जब मैं जीतकर उनके पास पूछने के लिए गया तो उन्होंने साफ कहा कि मैं उम्मीदवार ही नहीं हूं। तुम जाओ जब फॉर्मेलिटी होने लगे तो मुझे सूचना करना मैं वहां विधायक दल की मीटिंग में आ जाऊंगा। मदेरणा ने अपने सबसे बड़े फॉलोअर प्रद्युम्न सिंह और उनके दामाद हरेंद्र मिर्धा को मेरे पास भेज दिया। प्रद्युम्न सिंह बाद में वित्त मंत्री बने। इस माहौल में मैं मुख्यमंत्री बना था। गहलोत ने कहा- परसराम मदेरणा के साथ हमारे रिश्ते बहुत अच्छे रहे हैं। पर्सेप्शन यह है, उनकी जगह मैं मुख्यमंत्री बन गया। हो सकता है परिवार वालों को थोड़ी बहुत तकलीफ होती है। दिव्या मदेरणा भी जानती है मेरे और परसराम मदेरणा के रिश्ते क्या थे? जब वह छोटी बच्ची थी, मैं मदेरणा से बात करता था तो वह पास बैठी रहती थी।

### सीपी जोशी एआईसीसी में बैठकर कहते थे मेरे नेता तो गहलोत हैं

**गहलोत** ने कहा- उस वक्त सीपी जोशी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए उनके फॉलोअर ट्राई करते थे, तब भी वे एआईसीसी में बैठ कर बात करते थे कि मेरे नेता तो अशोक गहलोत हैं। जब एक बार उदयपुर में उनकी बर्थडे मनाई गई तो उन्होंने कह दिया कि पहले मैं फॉलोअर था अब कॉलोबोरेटर हूं। सीपी जोशी इंटेलेक्चुअल है, प्रोफेसर हैं तो उनकी भाषा उस तरह की होती है। कई लोगों ने उस बयान को घुमाया। हमारे आपसी सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आई।

### हमने सीपी को स्पीकर बनाने के लिए राहुल गांधी को कन्वींस किया

**गहलोत** ने कहा- जिस व्यक्ति को 5 साल तक मुख्यमंत्री बनाने के लिए डेलिगेशन जाते थे और कहते थे कि गहलोत को हटाकर सीपी जोशी को बनाइए। जब स्पीकर का चुनाव हुआ तो मैंने और अविनाश पांडे ने मिलकर राहुल गांधी को कन्वींस किया कि सीपी जोशी को स्पीकर बनाइए है, वे हमारे लिए उपयुक्त रहेंगे।

### सीपी जोशी-जुगल काबरा मेरी कमजोरी

**साल** 2008 में सीपी जोशी के सीएम बनने से चूकने के सवाल पर कहा- मेरे और सीपी जोशी के संबंध अलग तरह के हैं। उस वक्त भी अलग तरह के थे और आज भी हैं, आगे भी रहेंगे। आप लोगों को लगता है कि अलग तरह के नहीं थे। जब सीपी जोशी एआईसीसी के महामंत्री थे और केंद्रीय मंत्री थे, तब कई डेलिगेशन जाते थे मुख्यमंत्री बदलो, सीपी जोशी को बनाओ तो हमारे रिश्ते अलग तरीके थे। हमारे संबंध अलग तरह के हैं और जिंदगीभर अलग तरह के ही रहेंगे। क्योंकि लाइफ में कई बातें ऐसी होती हैं, कई बार फ्रेंडशिप होती है,अटैचमेंट हो जाता है। मैं मजाक में कई बार कहता हूं सीपी जोशी और जुगल काबरा मेरी कमजोरी हैं। जुगल काबरा की डेथ हो गई है। यह दो मेरी कमजोरी रही है। जुगल काबरा बचपन से मेरे साथ ही था, वह ज्यादा कुछ नहीं बन पाए। आप समझ जाइए सीपी जोशी उसी श्रेणी में आते हैं।

### आरपीएएसी भंग करने का प्रावधान नहीं, पायलट परिवार के मेंबर

**पायलट** की आरपीएससी भंग करने की मांग पर गहलोत ने कहा- वह तो हमारे परिवार के सदस्य हैं, उनकी बात का वजन रहता है तो मैंने स्टडी करवाई। संविधान के अंदर ऐसा कोई कानूनू नहीं है कि आप इसको बंद करके नया बना दो, यह संविधान बॉडी होती है, हम लोग इसको भंग नहीं सकते हैं।

### मेरे और वसुंधरा के रिश्ते सबसे कटु

**वसुंधरा** राजे की सहमति की चर्चाओं के सवाल पर गहलोत ने कहा- वसुंधरा राजे से बैठकर मेरी कभी बात ही नहीं हुई। किसी से सबसे कटु संबंध राजनेताओं के रहे तो मेरे वसुंधरा राजे से रहे, हमारे तो टर्म भी नहीं रहे। यह तो इतिहास गवाह है। कभी किसी समारोह में मुलाकात हो गई तो अलग बात है, जबकि 20 साल में कभी अकेले बैठकर बातचीत नहीं हुई। सरकार बचाने वाले बयान का गलत अर्थ निकाला गया था।

## चिकित्सकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय

# उच्च अध्ययन हेतु 3 वर्ष तक का असाधारण अवकाश अर्हक सेवा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उच्च अध्ययन के लिए असाधारण अवकाश लेने वाले चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सक शिक्षकों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है। उच्च अध्ययन के लिए स्वीकृत 3 वर्ष तक के असाधारण अवकाश की अवधि अब विभिन्न उद्देश्यों के अंतर्गत अर्हक सेवा मानी जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस सम्बन्ध में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। ऐसे अवकाश की पूर्ण सेवाकाल में अधिकतम 3 वर्ष की अवधि अब काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत करने हेतु अर्हक सेवा मानी जाएगी। इसी प्रकार, स्वीकृत असाधारण अवकाश में से पूर्ण सेवाकाल में 3 वर्ष की अवधि राजस्थान सिविल सेवा नियम 1996 के नियम-20 के प्रावधानों के अनुसार अर्हक सेवा मानी जाएगी। डायनामिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेस (डीएसीपी) के लिए यह सेवा में गणना योग्य होगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सुपर स्पेशलाइजेशन करने वाले चिकित्सकों को स्वीकृत असाधारण अवकाश की अवधि सेवा में गणना योग्य नहीं होती है। इस कारण एम.डी./ एम.सी.एच. करने वाले चिकित्सक अपने समकक्ष चिकित्सकों से कनिष्ठ हो जाते हैं। मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से अब ऐसे चिकित्सकों को राहत मिलेगी।

राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास

योजना प्रारंभ दिनांक: 19 जून, 2023

जयपुर के प्रताप नगर में हल्दी घाटी मार्ग पर स्थित
देश के पहले कोचिंग हब में
निर्मित संस्थानिक सम्पत्तियों को अब तृतीय चरण में
इच्छानुसार पाने का सुनहरा मौका

"खुद चुनो-खुद खरीदो"

आकर्षक ब्याज दरों पर बैंक लोन उपलब्ध



सोमवार से बुधवार ऑनलाइन आवेदन करें

ऑनलाइन आवेदन
प्रत्येक सोमवार प्रातः 10:00 बजे से बुधवार सायं 4:00 बजे तक

'ओपन काउंटर सेल' की तर्ज पर तीसरे चरण का आवंटन

आवंटन का दिवस और समय
प्रत्येक बुधवार को सायं 4:30 बजे

मनचाही निर्मित संस्थानिक सम्पत्ति का चयन करें
• मौका देखकर
• मंडल की वेबसाइट पर

उपलब्ध कोचिंग परिसरों (सम्पत्तियों) का विवरण :-

| क्र.सं. | निर्मित क्षेत्रफल का वर्गीकरण | उपलब्ध संख्या | सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल (वर्गफीट) | दर प्रति वर्गफीट | कीमत (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1(i) | Type-I (Ground & Ist Floor) | 02 | 8025.56 | 4619.69 | 3,70,75,600 |
| 1(ii) | Type-I (Pair) (Ground & Ist Floor) | 04 | 16051.12 | 4619.69 | 7,41,51,200 |
| 1(iii) | Type-I (2nd & 3rd Floor) | 06 | 8025.56 | 4490.69 | 3,60,40,300 |
| 1(iv) | Type-I (Pair) (2nd & 3rd Floor) | 02 | 16051.12 | 4490.69 | 7,20,80,600 |
| 2(i) | Type-II | 11 | 4012.72 | 4233.86 | 1,69,89,300 |
| 2(ii) | Type-II (Pair) | 06 | 8025.44 | 4233.86 | 3,39,78,600 |
| 3 | Type-III | 14 | 2808.79 | 4233.92 | 1,18,92,200 |
| 4 | Type-IV | 09 | 2409.91 | 4233.85 | 1,02,03,200 |
| 5 | Type-V | 14 | 2424.65 | 4233.84 | 1,02,65,600 |
| 6 | Type-VI | 05 | 1588.06 | 4233.90 | 67,23,700 |

नोटः- उपरोक्त कीमत के अतिरिक्त नगर निगम को देय 15 प्रतिशत राशि एवं अन्य विधि व्यय पृथक से देय होंगे।

शर्तें एवं भुगतान प्रक्रिया: • पंजीकरण हेतु आवेदन शुल्क 5000/- रूपये (18%GST अतिरिक्त) • प्रोसेसिंग फीस राशि 10000/- (18% GST अतिरिक्त) • 50 प्रतिशत राशि (पंजीकरण राशि समायोजित करते हुए) आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 120 दिवस में जमा करानी होगी। • शेष 50 प्रतिशत राशि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से 180 दिवस में जमा करानी होगी। • आवंटन पश्चात् संस्था आवंटित क्षेत्रफल में आन्तरिक साज-सज्जा का कार्य करवा सकेगी। परन्तु आवंटित सम्पत्ति का विधिवत कब्जा सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही दिया जा सकेगा। • आवंटी संस्था द्वारा विधिवत कब्जा प्राप्त करने से तीन माह की अवधि में संस्था संचालन की कार्यवाही करनी अनिवार्य होगी।

किसी सम्पत्ति के लिए एकल आवेदन आने पर बिना लॉटरी के एवं एक से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी से आवंटन किया जाएगा।

संस्थानिक सम्पत्ति के चयन के लिए मौके पर स्थापित "हेल्प डेस्क" पर संपर्क करें

कोचिंग हब के प्रथम एवं द्वितीय चरण में 55 यूनिट्स कोचिंग संचालकों को आवंटित, शेष यूनिट्स के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009 कार्यालय समय उपरान्त: 9461054291/92/319 एवं 9460254319, शांतनु वार्ष्णेय (9983131666), पवन सोनी (8852000770) या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन (9828363615) से सम्पर्क करें

RHB वेबसाइट के लिए Scan करें
मौके की हेल्प डेस्क की लोकेशन के लिए Scan करें

Rera Reg. No.: RAJ/P/2022/2068 | RERA Website: http://rera.rajasthan.gov.in

अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए RHB की वेबसाइट
www.urban.rajasthan.gov.in/RHB देखें।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional | Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# चिंता का विषय डायबिटीज

भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या को लेकर आए ताजा आंकड़े निश्चित रूप से चौंकाने वाले हैं, लेकिन इन्हें चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। जाने-माने हेल्थ जर्नल 'लांसेट' में प्रकाशित इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR) की ताजा स्टडी के मुताबिक देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर हो गई है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार साल के अंदर इसमें 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जो बात इन आंकड़ों को ज्यादा गंभीर बनाती है वह यह भी है कि प्री-डायबिटीज मामलों की संख्या भी कम नहीं है। ताजा सर्वे के मुताबिक अगर देश की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज से पीड़ित है तो 15.3 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज श्रेणी में हैं। प्री-डायबिटीज कैटिगरी में उन लोगों को रखा जाता है जिनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा होता है, लेकिन इतना ऊपर नहीं होता कि टाइप-2 डायबिटीज की कैटिगरी में शामिल किया जा सके। ये ऐसे लोग होते हैं जिनके डायबिटिक होने का अंदेशा रहता है। प्री-डायबिटीज का कोई मामला डायबिटीज में शामिल होगा या नहीं और होगा तो कितने समय में, इसे लेकर निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन एक्सपर्ट्स आम तौर पर मानते हैं कि ऐसे एक तिहाई मामले डायबिटीज में तब्दील हो जाते हैं। दूसरे एक तिहाई मामले प्री-डायबिटीज कैटिगरी में ही बने रहते हैं जबकि आखिरी एक तिहाई जीवनशैली में बदलाव और ऐसे अन्य उपायों से बेहतर होकर नॉर्मल स्थिति में लौट जाते हैं। अगर प्री-डायबिटीज के एक तिहाई मामले भी डायबिटीज में कन्वर्ट हुए तो स्वास्थ्य के मोर्चे पर अगले कुछ वर्षों में गंभीर चुनौती पैदा हो सकती है। खासकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां हर एक डायबिटिक व्यक्ति पर प्री-डायबिटीज के क्रमशः चार और तीन मामले बताए जा रहे हैं। इन हालात में खास तौर पर किडनी पेशंट्स की संख्या में इजाफा होने जैसी स्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। ऐसे कई मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। न केवल ऐसी मशीनें कम हैं और ज्यादातर शहरी केंद्रों तक सीमित हैं बल्कि उनका बेहद खर्चीला होना भी उन्हें ज्यादातर किडनी मरीजों की पहुंच से दूर कर देता है। हत्तह्न और अन्य सेवाभावी संस्थाओं की ओर से जहां-तहां ऐसी सेवाएं मुफ्त या कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, लेकिन यह अव्यवस्थित, अनियमित और अपर्याप्त हैं। हाल में केरल सरकार की ओर से जरूर राज्य में किडनी पेशंट्स को फ्री डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराने की एक योजना लॉन्च की गई है, जिसके तहत हर जिले के कम से कम एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र में इसे शुरू करने की बात है। यह पहल सराहनीय तो है ही, अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है।

**जब से सरकार ने निजी सेक्टर के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के दरवाजे खोले हैं, देश के अंतरिक्ष इकोसिस्टम का चेहरा ही बदल गया है। स्पेस इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक रिपोर्ट पर नजर डाली जाए, तो पता लगता है कि देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में बूम आ गया है।**

# क्षितिज पर अपनी चमक बिखेर रही है अंतरिक्ष क्रांति



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**मौजूदा वक्त में अंतरिक्ष क्षेत्र में लगभग 102 स्टार्ट अप काम कर रहे हैं। अंतरिक्ष से संबंधित स्टार्टअप अत्याधुनिक क्षेत्रों जैसे मलबा प्रबंधन, नैनो-उपग्रह, सैटेलाइट लॉन्च कैरियर, जमीनी प्रणाली और अनुसंधान में बेहतरीन काम कर रहे हैं। संकेत यही हैं कि देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था आज एक नई ऊंचाई पर है।**

अर्थव्यवस्था के प्रति केंद्र सरकार के दृष्टिकोण की एक विशेषता यह रही है कि उसने गैरजरूरी प्रतिबंधों और विनियमों के भार को कम करके अर्थव्यवस्था के मौजूदा स्तंभों को और मजबूत किया है। व्यापार में आसानी के लिए सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में नए आयाम भी पेश किए और आज यह माना जाता है कि अगर भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी है, तो उसे वैश्विक मानकों पर खरा उतरना होगा। साथ ही यह भी पक्का है कि देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने के लिए अंतरिक्ष जैसे अब तक कम खोजे गए क्षेत्रों पर भी पूरा ध्यान देना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो स्पेस इकोनॉमी भले ही एक नई अवधारणा है, लेकिन अर्थव्यवस्था के लिहाज से इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह भी गर्व की बात है कि भले ही हमारी अंतरिक्ष यात्रा अमेरिका और सोवियत संघ जैसे देशों के कई साल बाद शुरू हुई थी, लेकिन आज ये देश इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) द्वारा प्रदान की गई हमारी तकनीक का उपयोग अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए कर रहे हैं। अब तक लॉन्च किए गए कुल 385 विदेशी उपग्रहों में से 353 पिछले 9 वर्षों के दौरान लॉन्च किए गए हैं और 174 मिलियन अमेरिकी डॉलर अर्जित किए गए हैं, जबकि यूरोपीय उपग्रहों के लॉन्चिंग से 86 मिलियन यूरो प्राप्त हुए हैं।

हाल के दौर में हाई-स्पीड इंटरनेट की मांग ने सैटेलाइट को स्पेस में लॉन्च करने को एक फायदेमंद बिजनेस बना दिया है। अर्न्स्ट एंड यंग के अनुमान के अनुसार, 2025 तक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2020 में 447 अरब डॉलर से बढ़कर 600 अरब डॉलर होने का अनुमान है। हमारा देश भारत बहुत तेजी से अंतरिक्ष के कारोबार में अपना विस्तार कर रहा है। चीन और रूस के भू-राजनीतिक अलगाव (जियो-पॉलिटिकल आइसोलेशन) का फायदा उठाते हुए भारत खुद को स्पेसएक्स के एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तैयार करने पर जोर दे रहा है। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड ने वनवेब लिमिटेड के लिए देश के पूर्वी तट के एक द्वीप से पिछले महीने 36 कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स लॉन्च किए। इस कदम ने भारत को ब्रिटेन की सैटेलाइट कंपनी की वैश्विक ब्रॉडबैंड इंटरनेट नेटवर्क बनाने वाली बोली से बचाया। एलन मस्क के स्पेसएक्स के साथ, रूस और चीन अपने लंबे समय से चल रहे राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत सैटेलाइट लॉन्चिंग के मुख्य प्रोवाइडर रहे हैं। लेकिन यूक्रेन में युद्ध और अमेरिका के साथ चीन के तनाव के चलते अब दोनों ही देश स्पेसएक्स की लिस्ट से बाहर हैं। स्पेस सेक्टर का विकास भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान का एक प्रमुख हिस्सा है, जिसका उद्देश्य दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को टेक्नोलॉजी इनोवेशन के लिए तैयार करना है। सरकार ने स्पेस एजेंसियो को काफी सपोर्ट किया है, ताकि वह ज्यादा से ज्यादा बिजनेस कर सकें। इसी के तहत 2019 में भारत स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन की कमर्शियल शाखा के रूप में न्यू स्पेस की नींव रखी गई थी। न्यू स्पेस के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डी राधाकृष्णन का कहना है कि मांग बहुत ज्यादा है, जिसके चलते भारी-भरकम लॉन्चरों की बहुत कमी देखने को मिल सकती है।



इससे पहले 2020 में, सरकार ने प्राइवेट सेक्टर की सैटेलाइट और रॉकेट कंपनियों के लिए नियमों में ढील दी थी, जिससे उन्हें इसरो के लिए पूरी तरह से सपलॉयर्स होने के बजाय स्वतंत्र स्पेस एक्टिविटीज को करने की अनुमति मिली। इसके तहत स्टार्टअप इसरो की फैसिलिटीज, जैसे लॉन्चपैड और प्रयोगशालाओं तक भी पहुंच सकते हैं। 2025 तक भारत की सैटेलाइट लॉन्चिंग सर्विस का मूल्य लगभग दोगुना होकर 1 बिलियन डॉलर हो सकता है। सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे देश ने यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ दिया है और हमें अपने उपग्रहों को लॉन्च करके राजस्व भी उत्पन्न किया है। संकेत साफ हैं - भारत अंतरिक्ष में छाने को तैयार है। देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के 2025 तक लगभग 13 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद जताई जा रही है, इसमें उपग्रह प्रक्षेपण सेक्शन में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी अहम होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्था- इसरो 15 अगस्त 1969 में अस्तित्व में आया था, तब से अब तक इसने सफलता के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। देश के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम से 1975 में छोड़े गए पहले उपग्रह ने भले ही अंतरिक्ष में जाकर 5 दिन बाद काम करना बंद कर दिया हो, लेकिन इसरो के हौसले नहीं टूटे। इसका सबूत इसरो के 7 जून 1979 को देश के 442 किलो के दूसरे उपग्रह भास्कर को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के तौर पर सामने आया।इसके बाद से इसरो ने मुड़कर नहीं देखा और आज वो चांद पर सोडियम की खोज तक का सफर तय कर चुका है। इसरो के आगे के इस सफर में कामयाबी के नए मुकाम उसका इंतजार कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मुकाम अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के उपग्रह प्रक्षेपण सेक्शन में निजी भागीदारी में तेजी से बढ़ोतरी होने से आ रहा है। इस वजह से साल 2025 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के बढ़कर लगभग 13 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के आसार नजर आ रहे हैं। इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) और अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के मुताबिक छोटे उपग्रहों की बढ़ती मांग देश में उपग्रह निर्माण को बढ़ावा देने के साथ ही इस क्षेत्र में वैश्विक स्टार्ट-अप को लुभाने में मदद देगी। इससे देश में स्पेस टेक कंपनियों को पनपने में मदद मिलेगी और उनके लिए पैसे का इंतजाम हो पाएगा। मौजूदा वक्त में अंतरिक्ष क्षेत्र में लगभग 102 स्टार्ट अप काम कर रहे हैं। ये अतंरिक्ष से संबंधित स्टार्टअप अत्या धुनिक क्षेत्रों जैसे मलबा प्रबंधन, नैनो-उपग्रह, सैटेलाइट लॉन्च कैरियर, जमीनी प्रणाली और अनुसंधान में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अनुसंधान, विकास, शिक्षा और उद्योग के एक हो जाने और समान भागीदारी होने से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में बूम आया है। इस वक्त प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप्स के संग इसरो की अगुवाई में अंतरिक्ष क्रांति क्षितिज पर अपनी चमक बिखेर रही है।

# भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता

व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी जॉन किर्बी ने भारतीय लोकतंत्र की सराहना करते हुए जो कुछ कहा है, वह न सिर्फ स्वागत-योग्य है, बल्कि इससे भारत विरोधी देशों की आंखें खुल जानी चाहिए, जो रह-रहकर दुनिया के इस सबसे विशाल लोकतंत्र और शासन-व्यवस्था पर उंगलियां उठाते रहते हैं। किर्बी ने तो यहां तक कह दिया कि जिन्हें संदेह हो, वे दिल्ली घूमकर इसकी तस्दीक कर लें। वैसे तो भारत को किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है, पर हिन्दुस्तानी जम्हूरियत कितनी जीवंत है, इसका पता इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद से आज तक यहां सत्ता का हस्तांतरण हर बार शांतिपूर्ण तरीके से और पूरी गरिमा के साथ हुआ है। यही नहीं, यहां के मतदाताओं की परिपक्वता की एक बानगी यह भी है कि राजधानी दिल्ली में ही मुल्क की निजामत के लिए जब उन्होंने भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी को चुना था, तब सूबे की कमान कांग्रेस की शीला दीक्षित को सौंपी थी। आज भी इसी क्रम में दो विरोधी सियासी जमातों के नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल पदारूढ़ हैं।



**चेतेन्द्र मिश्रा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net




भारतीय लोकतंत्र 75 वर्षों का अपना सफर पूरा कर चुका है और दुनिया आज यदि इसकी परिपक्वता व समावेशिता को सलाम कर रही है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय हमारे पुरखों द्वारा सौंपी गई उस पवित्र पुस्तक को जाता है, जिसे हम संविधान कहते हैं। इस पुस्तक ने समाज के हाशिये पर जीने वाले और महलों में पैदा नागरिकों में कोई फर्क नहीं रहने दिया। बीते 75 वर्षों में हाशिये के समाजों ने शासन के केंद्र में अपनी कैसी गरिमामयी जगह बनाई है, राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु उसकी सबसे बड़ी प्रतीक हैं। इन साढ़े सात दशकों में सत्ताएं बदलीं, शासक बदले, मगर एक छोटे-से अंतराल को छोड़ दें, तो देश के राजनीतिक नेतृत्व ने पक्ष-प्रतिपक्ष की भूमिका में यहां लोकतंत्र की जड़ों को सींचने का ही काम किया। इसी का नतीजा है कि हमारे पड़ोस के छोटे-छोटे देश जब इस शासन प्रणाली को संभालने में नाकाम दिखते हैं, तब हम एक लैंपपोस्ट की तरह हैं। मगर निष्पक्ष न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं के बावजूद हमें एक आदर्श लोकतंत्र बनने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। लोकतंत्र की सफलता सिर्फ चुनावी जनादेश के आधार पर सत्ता हस्तांतरण में निहित नहीं है। उसकी कामयाबी आखिरी आदमी की आवाज सुनने और उसे त्वरित न्याय देने में है। इस कसौटी पर खरा उतरना आसान नहीं है। हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि दुनिया के बड़े देश जब हमारी तारीफ के पुल बांधते हैं, उसी वक्त कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें हमें यह भी जताती हैं कि किन-किन मामलों में कितने सुधार की दरकार है। निस्संदेह, हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी गरीब आबादी है और उसके लिए भरपेट भोजन व सम्मानजनक जीवन के साधन जुटाने की प्राथमिकता एक बड़ी चुनौती है, पर हमने आजादी के इन वर्षों में अपनी उपलब्धियों से दुनिया को चौंकाया है। अमेरिका व यूरोप की तारीफों और आलोचनाओं से परे अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए तो हमें ही खुद कदम उठाने होंगे। भारत विशाल जनसंख्या, विविध आचार-विचारों वाला देश है, इसमें अपराध भी होंगे और शिकायतें भी रहेंगी, पर लोगों को उनकी शिकायतों का संतोषजनक हल मिले, इसके लिए तंत्र को अधिकाधिक स्वायत्त और जवाबदेह कैसे बनाया जाए, इसे हम विकसित लोकतंत्रों से जरूर सीख सकते हैं। सीखना ही चाहिए!

# नेता-चमचा, एक ही घाट



**विक्रम**
अधिवक्ता
@jagrukjanta.net



हर चुनावी वर्ष में चुनावी-बाबाओं, यानी ज्योतिषियों की बन आती है। भारत एक ऐसा अनूठा देश है, जहां हर दल के अपने ज्योतिषी हैं। कोई आका के गांव का रिश्तेदार है, तो किसी ने पहली बार उसके चुनाव जीतने की भविष्यवाणी की थी। इधर वह संबंधों को कैश करने में लगा है। वोट के पहले हर टिकटार्थी उसके दर्शन कर प्रत्याशी बनने की संभावना तलाशता है। वोट के बाद जीतने की। ज्योतिषी दल के प्रमुख का करीबी है। क्या जाने, समुचित भेंट-गिफ्ट से उससे टिकट की सिफारिश भी कर दे? वाक्पटु होना सफल नेता और कामयाब ज्योतिषी के धंधे की अनिवार्य शर्त है। ज्योतिषी बताता है कि अब तक वह छप्पन टिकटार्थियों का भाग्य बदल चुका है। उसने दल-प्रमुख को आश्वस्त किया कि ये सारे कुंडली के आधार पर जिताऊ प्रत्याशी हैं। हर दल के आका के लिए चंदे का फंड निजी संपत्ति से कौन कम है? उसे आशा है, चुनावी निवेश में मुनाफे का सौदा होना ही होना। जीते, तो सत्ता पाकर इन्हीं व्यक्तियों को स्याह-सफेद कर्मों से उसकी जेब भरनी है। पूरी पार्टी को पता है कि वह नैतिकता के मामलों में भले उदार हो, पैसा-कौड़ी के मसले में किसी रियायत का पक्षधर नहीं। समर्थक यह भी जानते हैं कि वसूली के सरकारी साधनों के अलावा, उसे गैर-सरकारी माध्यमों से भी परहेज नहीं है। कौन कहे, कितने दादा-माफिया, उसके एहसानों पर पले ही नहीं, फल-फूल भी रहे? लिहाजा, समर्थक भी उसकी नाराजगी से खौफ खाते हैं। सियासत जितनी सिद्धांतहीन होती है, चमचानुमा हस्तियों का महत्व उतना ही बढ़ता है। वर्तमान में, भारत पारिवारिक प्रजातंत्र के दौर से गुजर रहा है। बड़े से बड़ा चुनावी बाबा भी इसके भविष्य के निर्धारण में असमर्थ है। इस समय जनतंत्र के स्थापित नियमों का मूल थाल भारत से नदारद है, सिर्फ उसके प्रदर्शन का ढांचा उपलब्ध है। कौन कहे, यह स्थिति भी बदले। सियासत में जन-कल्याण का उसूल छाए और चमचे फिर चमचे रह जाएं।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



इसका नाम है अहैतुकी भक्ति। रुपया, मान, इज्जत कुछ भी नहीं चाहता। चाहता हूं केवल तुम्हारे चरणों में भक्ति यही श्रेष्ठ भाव है। वेद पुराण आदि सभी शास्त्रों में एक ईश्वर की ही बात है और उनकी लीला, जीव जगत की बात है। ज्ञान और भक्ति दोनों ही है। संसार में दासी की तरह रहो। दासी मालिक के घर में काम करती है, पर उसका मन रहता है अपने घर में। मालिक के बच्चों को पालती है, पोसती, खिलाती है। कहती है मेरा हरि मेरा राम। परंतु खूब जानती है लड़का उसका नहीं है। इसी तरह संसार में भगवान का दास बनकर रहो। संसार अपना नहीं है। यह पराया घर है। अपने सिर्फ ईश्वर हैं। विश्वास और भक्ति से ईश्वर सहज ही में मिलते हैं। पहले अपनी शक्ति से काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य इन रिपुओं को अपने वश में करो, तब भक्ति भाव से उन्हें पाया जाता है। जब भाव का उदय होता है तब भगवान भक्त को अपनी ओर खींचते हैं, जैसे लोहे को चुम्बक। जो ब्रह्म है, वही भगवान है, वही शक्ति है। भाव, भक्ति, प्रीति और विश्वास से भगवान मिलते हैं। चित्त को प्रभु चरणों में लगाना चाहिए। उन्हें प्यार करना चाहिए। वे सुधा के समुद्र हैं। इसमें डूबने से मनुष्य अमर हो जाता है, परम पद पा जाता है। ईश्वर पर प्रीति होने के बाद पूजा, यज्ञ, जप, तप आदि कुछ नहीं है। **क्रमशः**

## विशेष विवरण

# यूईएम जयपुर, परिणाम आधारित शिक्षा प्रदान करने में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा

यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर एक प्रमुख राज्य निजी विश्वविद्यालय है जिसने इंजीनियरिंग, प्रबंधन और फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों के लिए 2012 में अपने पाठ्यक्रम शुरू किए। यूईएम विश्वविद्यालय NAAC से मान्यता प्राप्त है, AICTE स्वीकृत है, ISO प्रमाणित है और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज यूके और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज फ्रांस का सदस्य है। इसके छात्रों को दुनिया भर की शीर्ष कंपनियों में बड़े बड़े पदों पर रखा गया है। पिछले साल प्लेसमेंट के लिए अधिकतम पैकेज 72 लाख प्रति वर्ष तक गया था और इस वर्ष 2023 बैच के छात्रों को अधिकतम 42 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिला है।



**प्रो. डॉ. बिस्वजोय चटर्जी**
कुलपति
@jagrukjanta.net



प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर ने बताया कि यूईएम जयपुर सभी पात्र छात्रों को परिणाम आधारित शिक्षा और प्लेसमेंट प्रदान करने में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। अनुसंधान, प्रकाशन, नवाचार और उद्यमिता के लिए समर्थन, विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम और देश भर के छात्रों के मजबूत संकाय आधार ने यूईएम जयपुर को इस क्षेत्र में एक सच्चा नेता बना दिया। उद्योगों के साथ निरंतर संपर्क यूईएम जयपुर को पाठ्यक्रम में नवीनतम और उभरते विषयों और विषयों को शामिल करने में सक्षम बनाता है, ताकि जब छात्र उत्तीर्ण हों तो वे उद्योग के लिए तैयार हों। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय एक शोध उन्मुख संस्थान है और इसके छात्र एवं शिक्षक पेटेंट लेखन, शोध लेख प्रकाशन एवं पुस्तक प्रकाशन के रूप में काफी शोध प्रकाशन कर रहे हैं। वे न्यूयॉर्क, लास वेगास, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड और यूके जैसे विदेशों में आईईएम-यूईएम समूह द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग ले रहे हैं।

डॉ. चटर्जी ने बताया कि 11 साल की छोटी अवधि के भीतर, यूईएम जयपुर अब कैम्ब्रिज अंग्रेजी मूल्यांकन परीक्षा के लिए एक अधिकृत परीक्षा केंद्र है, भारत ब्लॉकचैन एलायंस द्वारा ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी के लिए उत्कृष्टता केंद्र, साइबर सुरक्षा, सिस्को नेटवर्क के लिए पैलोआल्टो नेटवर्क के लिए अधिकृत शैक्षणिक भागीदार है। नेटवर्किंग समाधान के लिए, Amazon Web Services द्वारा क्लाउड आधारित सेवाओं और शिक्षा के लिए AWS अकादमी और बहुत कुछ। इसके अलावा छात्रों और फैकल्टी ने प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया है। इंडस्ट्री एकेडेमिया इंटरेक्शन प्रोग्राम के तहत 600 से अधिक शीर्ष उद्योगों और कंपनियों के साथ इंटर्नशिप और प्लेसमेंट टाई-अप हुए है।

विश्वविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से IIT मद्रास द्वारा NPTEL (नेशनल प्रोग्राम फॉर टेक्नोलॉजी इनेबल्ड लर्निंग) से हर सेमेस्टर में एक क्रेडिट कोर्स पूरा करना अनिवार्य कर दिया है। पिछले 6 सेमेस्टर से एनपीटीईएल में नामांकन और परिणाम प्रतिशत के लिए यूईएम जयपुर राजस्थान में सबसे अधिक रेटेड संस्थान है। डॉ चटर्जी ने संस्थान में परिणाम आधारित शिक्षा प्रदान करने जैसी शानदार उपलब्धि के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



अनुभूति डॉटर प्रेरणा-हेमंत शर्मा, नीमच

**हमे लिखे**
आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।
jagrukjantanews@gmail.com
सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 14/06/2023

**सूर्योदय :** 05:36 **सूर्यास्त :** 19:17 **चन्द्रोदय :** 02:32 **चन्द्रास्तः** 15:52 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : ज्येष्ठ **पूर्णिमांत** : आषाढ़ा **सूर्य राशि :** वृषभ **चन्द्र राशि :** मेष **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** एकादशी, 08:50 तक **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास आषाढ़ :** पूर्णिमान्त **ज्येष्ठ :** अमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **गुजराती सम्वत :** 2079 आनन्द **वार :** बुधवार।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** अश्विनी, 13:42 तक
**योग :** अतिगंदा, 26:59 तक
**प्रथम करण :** बालवा, 08:50 तक
**द्वितिय करण :** कौवाला, 20:40 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:02 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:22 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:41 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:19 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:20 पी एम से |
| अमृत काल | 06:26 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:01 ए एम, जून 15 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व
अग्निवास : पृथ्वी

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ : 05:35 - 07:18 | उद्वेग : 07:16 - 08:34 |
| अमृत : 07:18 - 09:01 | शुभ : 08:34 - 09:51 |
| काल काल वेला : 09:01 - 10:43 | अमृत : 09:51 - 11:08 |
| शुभ : 10:43 - 12:26 | चर : 11:08 - 12:26 |
| रोग वार वेला : 12:26 - 02:08 | रोग : 12:26 - 01:43 |
| उद्वेग : 02:08 - 03:51 | काल : 01:43 - 03:01 |
| चर : 03:51 - 05:34 | लाभ : 03:01 - 04:18 |
| लाभ : 05:34 - 07:16 | उद्वेग : 04:18 - 05:35 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उद्वेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज एकादशी

**आज कौन सा कार्य करें**

एकादशी : व्रत, उपवास, धार्मिक कृत्य, देवोत्सव, उद्यापन तथा कथा एकादशी में शुभ है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, एकादशी, 2080 बुधवार, 14 जून - 20 जून, 2023

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे विकसित करने का प्रयास करें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। कारोबारी यात्रा हो सकती है। परिवार का माहौल तनावमुक्त रहने वाला है।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
आपके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आलस्य और प्रमाद से बचें। रोजगार में बाधा आ सकती है। आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। अपरिचित लोगों पर अन्धविश्वास करना उचित नहीं है।

**वृषभ** (ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)
आपकी बातों का लोग अनादर कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। वाणी में नम्रता बनाये रखें। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, नू,या,यी,यू)
पुरानी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से छुटकारा प्राप्त होगा। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको नकारात्मक लोगों से मिलना पड़ेगा। हालाँकि सहयोगी काफी मदद करेंगे।

**मिथुन** (क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह)
व्यापारिक अनुबन्धों में सावधानी रखें। गले में इन्फेक्शन और जलन की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में धीमापन रहेगा। परिवार की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव रहेगा।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** (हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
मित्रों के साथ मनोरञ्जन का आनन्द उठायेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सन्तान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने की सम्भावना है।

**मकर** (भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,)
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इससे दूरगामी लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जॉब में अपेक्षानुकूल परिणाम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। व्यर्थ समय बर्बाद न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ** (गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा)
सेहत के विकार जन्म ले सकते हैं। अनावश्यक विवादों से आपको बचना चाहिये। करियर को लेकर आप कुछ विशेष योजना बना सकते हैं। फालतू खर्चों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं।

**कन्या** (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। कमीशन सम्बन्धित कार्यों से धन लाभ होगा।

**मीन** (दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)
परिवार में वर्चस्व मजबूत होगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। पुराने विवादों को लेकर झगड़ा समाप्त होने की सम्भावना है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**सीकर, बांसवाड़ा, बीकानेर, भीलवाड़ा, चूरु, नागौर और बाड़मेर में होगा निर्माण**

# 7 जिलों में 14.25 करोड़ की लागत से बनेगी खेल-अकादमी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में चुनावी साल में आम जनता को खुश करने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। ऐसे में चुनाव से 6 महीने पहले सरकार ने प्रदेश के सीकर, बांसवाड़ा, बीकानेर, भीलवाड़ा, चूरू, नागौर और बाड़मेर में खेल अकादमी बनाने का फैसला किया है। जिसके लिए शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 14 करोड़ 25 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की। जिससे खेल खेल अकादमीयों का निर्माण किया जाएगा।

इनमें सीकर के कोलिड़ा और बांसवाड़ा में फुटबॉल अकादमी, बीकानेर में साईक्लिंग अकादमी, भीलवाड़ा में कुश्ती अकादमी, चूरू के राजगढ़ में एथलेक्टिस अकादमी के साथ ही बाड़मेर और सीकर में बास्केटबॉल अकादमी की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों का निर्माण 2-2 करोड़ रुपए की लागत से होगा। जबकि नागौर के डीडवाना में कबड्डी अकादमी का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। बता दें कि मुख्यमंत्री द्वारा साल 2023-24 के बजट में इन तीनों की घोषणा की थी। जिसे पूरा करते हुए अब सरकार ने निर्माण के आदेश जारी कर दिए है। वहीं चुनावी साल में ही सरकार ग्रामीण और शहरी ओलम्पिक का आयोजन भी करने जा रही है। जिसमें 40 लाख से ज्यादा राजस्थानियों के शामिल होने की संभावना है।

# एक्सीलेंस इन इनोवेशन अवार्ड से रावत एजुकेशनल ग्रुप सम्मानित



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रावत एजुकेशनल ग्रुप को होटल क्राउन प्लाजा, सीतापुरा में आयोजित एजुकेशन समिट में एक्सीलेंस इन इनोवेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 40 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए ये अवार्ड रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत एवं निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को शिक्षा मंत्री बी डी कल्ला, एम पी रामचरण बोहरा एवं एम एल ए रफीक खान द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ग्रुप के निदेशक एवम अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने NEP Education y पर आयोजित पैनल डिस्कशन में भाग लिया और इनोवेटिव और टेक्निकल एजुकेशन के बारे में अपने सुझाव दिए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के सभी सी बी एस ई और आर बी एस ई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणामों में हमेशा अव्वल रहा करते हैं। रावत ग्रुप ऑफ कॉलेज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा से अग्रणी रहा हैं। श्री रावत ने ग्रुप की इस उपलब्धि का श्रेय रावत एजुकेशनल ग्रुप की कर्मठ टीम को दिया।

# नि :शुल्क दन्त रोग व नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजपुरोहित गोपीबल्लभ स्मृति संस्थान के तत्वाधान में श्री कृष्ण कृपा डेंटल हॉस्पिटल एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के सहयोग से दिनांक 17 जून को नादिर जी का मन्दिर, बारह भाइयों का चौराहा, नाहरगढ़ रोड में निशुल्क दन्त रोग व नेत्र रोग जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। राजपुरोहित गोपीबल्लभ स्मृति संस्थान की संस्थापिका एडवोकेट नीना पारीक ने बताया कि जनसामान्य की सुविधा व विशेषकर इस क्षेत्र के निवासियों के लिए इस निशुल्क जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट नीना पारीक द्वारा अपने दादा जी को श्रद्धांजलि स्वरूप उक्त संस्थान की स्थापना की गई है तथा जनकल्याणकारी कार्य करना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है इसके साथ ही इस संस्थान के माध्यम से वे आज की पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के प्रति सम्वेदनशीलता रखने का सन्देश भी देती है।



# सरस्वती शिक्षा सदन में टॉपर विद्यार्थियों का किया सम्मान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित सरस्वती शिक्षा सदन सैकण्ड्री स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी एवं गार्गी पुरस्कार प्राप्त छात्राओं का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में सर्वाधिक 93.5 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा हर्षिता खेमानी को 5100 रुपए नगद सम्मान स्वरूप दिए गए एवं आगामी कक्षा की यूनिफार्म एवं पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। छात्रों में सर्वाधिक अंक 89.17 प्रतिशत मो. शहनवाज आलम ने प्राप्त किए। इन्हें विद्यालय की ओर से 2100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। इसके अलावा आगामी सत्र में विद्यालय की यूनिफार्म एवं पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। संस्था प्रधान ने बताया कि इनके अतिरिक्त विद्यालय में चार छात्राओं हर्षिता खेमानी, सलोनी भाटी, शिफत नाज एवं त्रिशा शर्मा ने गार्गी पुरस्कार प्राप्त किए हैं, प्रत्येक छात्राओं को 1100 - 1100 रुपए नगद राशि सम्मान स्वरूप प्रदान की गई तथा आगामी कक्षा की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई।

# आईआईआईएम में हुई रिसेंट ट्रेन्ड्स इन आईटी विषयक सेमिनार



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित इंटरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एंड मैनेजमेंट, टेक्निकल कैम्पस(आईआईआईएम) जयपुर में विद्यार्थियों के लिए रिसेंट ट्रेंड्स इन आईटी विषयक सेमिनार हुई। इसमें मुख्यवक्ता को- फाउंडर ग्लोबल डिलीवरी एंड इंडिया यूनिट हैड, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मनोज अग्रवाल ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में हो रहे विभिन्न नवाचारों से रूबरू कराया। इस मौके पर विषय विशेषज्ञ अग्रवाल ने अपने तकनीकी क्षेत्र के लगभग दो दशक के विभिन्न अनुभव शेयर किए। उन्होंने लैटेस्ट टेक्नोलॉजीज जैसे आईओटी, बिजनेस इंटेलिजेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस सरीखे विषयों पर चर्चा की। इनसे संबंधित करिअर ऑप्शंस भी बताए। विद्यार्थियों ने विभिन्न आशंकाओं के जवाब भी जानें।सेमिनार में एक सौ से अधिक विद्यार्थियों व फैकल्टीज ने हिस्सा लिया। आखिर में संस्था की प्राचार्य डॉ.मंजू नायर ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

**ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड़ के नेतृत्व में प्रशिक्षण सम्पन्न**

# युवाओं को दी बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ अनुराग धाकड ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने घायलों को दुर्घटना स्थल पर ही बेसिक लाइफ सपोर्ट मिल सके तथा घायलों की मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से ट्रॉमा सेंटर की स्किल लैब में जन सामान्य को बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी गई । यह प्रशिक्षण पचास (50) प्रतिभागियों जिनमें महारानी गायत्री देवी (एम जी डी) विद्यालय के विद्यार्थी, ताज जयमहल होटल के कर्मचारियों एवं रॉयल आर्किड के कर्मियों को दिया गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त शिव प्रसाद नकाते इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे जिन्होंने भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण को प्रमाण पत्र दिये साथ ही उनसे आह्वान किया कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी समाज के पाँच और लोगों को यह प्रशिक्षण लेने को प्रेरित करे ताकि दुर्घटनाग्रस्त घायलों की अधिक से अधिक जान बचाई जा सके। उल्लेखनीय है कि एस एम एस हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में अभी तक तीन हज़ार से अधिक नागरिकों को बेसिक लाइफ सपोर्ट ( बी एल एस) की ट्रेनिंग निःशुल्क दी जा चुकी है। इस अवसर पर डॉ देवेंद्र पुरोहित, उपाधीक्षक डॉ जगदीश मोदी एवं स्किल लैब के नर्सिंग इंचार्ज राजकुमार राजपाल प्रशिक्षण देने हेतु उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को क्रिएटिव ड्रामा टेक्निक्स से कराया डिसीजन मेकिंग का अभ्यास



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मानसरोवर स्थित इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एण्ड मैनेजमेन्ट, टेक्निकल कैम्पस (आईआईआईएम) में दिवसीय वर्कशॉप ऑन लर्निंग लाइफ स्किल्स थ्रू थिएट्रिक्स का आयोजन किया गया। कार्यशाला का अहम मकसद विद्यार्थियों को अनुभव, प्रैक्टिस, रिफ्लेक्शन और डिसक्शन के माध्यम से अध्ययन के गुर सिखाना रहा। यशस्वीभव ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट सॉल्यूशन के फाउण्डर डायरेक्टर संदीप मेंद्यानी ने विद्यार्थियों को क्रिएटिव ड्रामा टेक्निक्स के माध्यम से रियल लाइफ एक्शंस और डिसीजन मेंकिग का अभ्यास कराया। विषय विशेषज्ञ मेंद्यानी ने बताया कि ड्रैमैटिक प्ले एण्ड एक्टिंग लर्निंग की एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें विद्यार्थी व्यवहार के संयोजन, अनुभूति, सामाजिक आयाम, एकीकृत व सम्पूर्ण अस्तित्व के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त करता है। वर्कशॉप में वॉयस मॉड्यूलेशन, रोल प्ले, एक्टिंग स्किल्स, पोस्चर ट्रेनिंग, ग्रुप प्रेजेंटेशन, फेस एक्सप्रेशन, परफॉरमेन्स, प्रेजन्टेशन के माध्यम से कम्यूनिकेशन को प्रभावी बनाने के टिप्स दिए गए। छात्रों वर्कशॉप के विषय संबंधी पाठ्य सामग्री भी दी गई। विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए गए। अंत में संस्था की प्राचार्या डॉ. मंजू नायर ने सभी आगन्तुकों को आभार जताया।

# आईआईएस यूनिवर्सिटी को 2.06 करोड़ का क्यूरी प्रोजेक्ट मंजूर

**प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने में मिलेगी मदद**

**महिला वैज्ञानिकों एवं प्रोद्यौगिकीविदों को मिलेंगे करिअर के मौके**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकीय विभाग की ओर से आईआईएस(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) जयपुर को महिला शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए 2.06 करोड़ का क्यूरी प्रोजेक्ट मंजूर किया गया है। प्रोफेसर रामफूल शर्मा के निर्देशन में प्राप्त इस प्रोजेक्ट का शीर्षक कोर रिसर्च ग्रांट टू आईआईएस यूनिवर्सिटी जयपुर अंडर क्यूरी है। इस प्रकार का प्रोजेक्ट जयपुर शहर में किसी शैक्षिक संस्थान को पहली बार मिला है। भारत सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को प्रोजेक्ट के तहत अनुदान जारी करने पर आईआईएस विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता एवं समस्त शैक्षणिक परिवार ने खुशी जाहिर की है। गौरतलब है कि विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग नॉलेज इन्वाल्वमेंट इन रिसर्च एडवांसमेंट थ्रू नर्चिंग(किरण) योजना के तहत महिला वैज्ञानिकों एवं प्रोद्यौगिकीविदों को विभिन्न करिअर अवसर उपलब्ध कराता है। इसका मकसद विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शोध एवं विकास में महिला प्रतिभाओं को सम्मिलित करते हुए विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में लैंगिक समानता लाना है।

इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय को विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी की विशिष्ट शाखाओं जैसे नैनो टेक्नोलॉजी, नैनो साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोटेक्नोलॉजी, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र,वनस्पतिशास्त्र एवं जन्तु विज्ञान की प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने एवं सुसज्जित करने में सहायता मिलेगी। इससे महिला शोधार्थी गुणवतापूर्ण शोध कार्य कर सकेंगी। इतना ही नहीं स्नातकोत्तर तथा स्नातक स्तर की छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

**रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत से जागरूक जनता हुआ रूबरू**

# संस्कारों की शिक्षा ही सर्वोच्च-रावत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जीवन में कुछ शक्सियत ऐसी होती हैं जो बहुत कम समय में औरों के लिए प्रेरणा बन जाती हैं। उनकी हर बात हर कार्य एक नवीन राह की ओर अग्रसर करता है। ऐसी ही एक शक्सियत हैं रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत। रावत अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव,समर्पण संस्था के एजुकेशन ब्रांड एंबेसेडर होने के साथ साथ मोटिवेशनल स्पीकर और सोशल वर्कर भी हैं। रावत ने अपने अथक प्रयासों, सरल व्यक्तित्व और नवाचारों के माध्यम से रावत एजुकेशनल ग्रुप को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाया है। रावत के प्रयासों से रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित हो चुका है और ब्रिटिश काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा IDS award से सम्मानित हो चुका हैं। बोर्ड रिजल्ट में भी रावत ग्रुप के सभी सीबीएसई और आर बी एस ई स्कूल अग्रणी रहे हैं और यहां के एल्युमिनी विभिन्न उच्च प्रशासनिक सेवाओं के साथ विज्ञान, कला आदि क्षेत्रों में अपनी खास पहचान बना रहे हैं। रावत सदैव संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं इस हेतु ये अक्षय पात्र फाउंडेशन से जुड़े हुए हैं और नैतिक मूल्यों की शिक्षा के साथ, भारतीय परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हवन, हनुमान चालीसा पाठ जैसे उद्धरण समस्त में परिचित करा चुके हैं। रावत को अनेक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है जिनमे हाल ही में मॉरीशस में मिला राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह दुकुन द्वारा दिया गया एजुकेशनल इंटरप्रेन्यर ऑफ द ईयर का अवार्ड प्रमुख हैं। अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव के रूप में अन्नदान ,वस्त्र दान,रक्तदान, गौ सेवा,आदि कार्यों में ये अपनी पूरी टीम के साथ जुड़े हुए हैं। हाल ही में इन्होंने सोसायटी की ओर से 21,,000 परिंडे लगाने के संकल्प के तहत पंछियों के लिए एक प्रशंसनीय प्रयास किया है। रावत एक मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं जो सोशल मीडिया में बहुत सक्रिय रहकर यूथ आइकन के रूप में सभी को प्रेरित करते रहते हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से इनके फॉलोअर्स इनकी गतिविधियों और कृत्यों से मोटिवेट होते रहते हैं। बहुत कम ही समय में इतनी उपलब्धियों को प्राप्त करने वाले सरल स्वभाव के नरेंद्र अपनी सफलता के श्रेय अपने पिता रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत एवं माता निर्मला रावत को देते हैं। अपनी मां के प्रति उनके समर्पण का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि उन्होंने राजस्थान के प्रसिद्ध ऑडिटोरियम से एक निर्मला ऑडिटोरियम का नाम अपनी मां के नाम पर रखा। रावत अपनी उपलब्धि में अपनी जीवनसंगिनी डाक्टर अक्षिता रावत एवं पुत्र अक्षेंद्र को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देखते हैं। उनका मानना हैं कि परिवार का स्नेह उन्हे एक नई ऊर्जा देता है।



## विकास के लिए पुस्तक संस्कृति महत्वपूर्ण

**राज्यपाल ने गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण किया**

जागरूक जनता @ **जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को आबूरोड में नगर सुधार न्यास आबू द्वारा विकसित गोविंद गुरु पुस्तकालय का लोकार्पण किया। उन्होंने पुस्तक संस्कृति के विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद देवजी भाई पटेल और नीरज डांगी तथा विधायक समाराम गरासिया भी उपस्थित थे। राज्यपाल सोमवार प्रातः माउंट आबू से सड़क मार्ग द्वारा आबू रोड पहुंचे। वहां पहुंचने पर जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। राज्यपाल ने पुस्तकालय भवन के लोकार्पण के बाद पुस्तकालय सुविधाओं तथा वाचनालय का अवलोकन किया और पुस्तक संस्कृति के लिए इन्हें महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से संवाद भी किया।

## अंजीर, पपीता एवं अमरूद के एक्सीलेंस सेंटर में 19 पद सृजित

जागरूक जनता @ **जयपुर।** सिरोही के अंजीर उत्कृष्टता केंद्र, दौसा के पपीता उत्कृष्टता केंद्र (एक्सीलेंस सेंटर) तथा सवाई माधोपुर के अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केंद्र के संचालन के लिए 19 पदों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। सिरोही के अंजीर उत्कृष्टता केंद्र में उपनिदेशक उद्यान (अनुसंधान), कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद स्वीकृत किए गए हैं। दौसा के पपीता उत्कृष्टता केन्द्र में उपनिदेशक उद्यान (अनुसंधान), कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद सहित कुल 7 पदों का सृजन किया जाएगा। सवाई माधोपुर के अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केंद्र में कृषि अनुसंधान अधिकारी कीट, कृषि अनुसंधान अधिकारी पौध व्याधि, सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व कनिष्ठ लेखाकार के 1-1 पद सहित कुल 5 पद सृजित होंगे। तीनों केंद्रों पर अन्य कार्मिक संविदा पर रेक्सको/होमगार्ड से लिया जाना प्रस्तावित है।

## 50 हजार किसानों को मिलेगा 5-5 हजार रुपए का अनुदान

जागरूक जनता @ **जयपुर।** प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा वृहद् स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत किसानों को जैविक बीज, जैव उर्वरक एवं कीटनाशी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस वर्ष 1.20 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित कर कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें लगभग 23.57 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार, 50 हजार कृषकों को जैविक खेती हेतु प्रति कृषक 5000 रुपए का अनुदान भी दिया जाएगा। इस राशि से कृषक खेतों की उर्वरकता बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से परियोजना प्रतिवेदन की स्वीकृति प्राप्त होने तक कृषक चयन, कृषक समूह गठन, मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण आदि गतिविधियों के लिए राज्य निधि से 5 करोड़ रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की है।

## कृषि विज्ञान कांग्रेस अक्टूबर में

जागरूक जनता @ **नई दिल्ली।** आईसीएआर-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) केरल के कोच्चि में 10 से 13 अक्टूबर तक 16वीं कृषि विज्ञान कांग्रेस और एक्सपो की मेजबानी करेगा। नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) द्वारा आयोजित 16वां एएससी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए कृषि-खाद्य प्रणालियों में बदलाव विषय पर केंद्रित होगा। कांग्रेस में भारत और विदेश से 1500 से अधिक प्रतिनिधियों, बड़ी संख्या में किसानों तथा स्थानीय लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

## प्याज बीज उपलब्ध

जागरूक जनता @ **जयपुर।** एनएचआरडीएफ के क्षेत्रीय कार्यालय कोटा के द्वारा किसानों को खरीफ प्याज बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। किसान कार्यालय समय पर मोबाइल संख्या 7827946613, 14 और 15 पर सम्पर्क करके प्याज किस्म एग्रीफाउंड डार्क रेड़ और लाइन-883 के बीज की खरीद कर सकते है। प्रभारी एके मिश्रा ने बताया कि प्याज की यह दोनों ही किस्म नर्सरी और गंठियां बनाकर प्याज बुवाई के लिए उपयुक्त है।

## अपील 2 जुलाई तक स्थगित

जागरूक जनता @ **जयपुर।** न्यायालय सहकारिता मंत्री के समक्ष राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 104 और 107 के तहत दर्ज अपील और निगरानी संबंधित प्रकरणों की होने वाली सुनवाई 2 जुलाई तक स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में सहकारिता विभाग ने आदेश जारी किए हैं।

## गुणवत्ता जांच अभियान शुरू

जागरूक जनता @ **जयपुर।** किसानों को अच्छी गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिये कृषि विभाग ने खरीफ सीजन में सघन गुण नियंत्रण अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान 7 जुलाई तक चलाया जायेगा। कृषि आदान निर्माताओ, विक्रेताओं के निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर सुसंगत अधिनियमों, नियमों और नियंत्रण आदेशों द्वारा प्रदत्त प्रावधानों के तहत बिक्री पर रोक, जब्ती, लाइसेंस निलंबन और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी ठोस कार्यवाही की जावेगी।

## अब मिलेगा नहरी पानी

जागरूक जनता @ **श्रीगंगानगर।** इंदिरा गांधी नहर परियोजना की सूरतगढ़ शाखा में नहर बंदी के बाद किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। अभी नहर में 1700 क्यूसैक पानी छोड़ा गया है। इस पानी से फसलों को लाभ मिलेगा। इलाके में पिछले दिनों बरसात के कारण नरमा की बुवाई को नुकसान हो गया था। दोबारा नरमा बोया तो ज्यादा पानी की जरूरत नहीं पडी।

**मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति : कार्यालयों के लिए 406 पदों के सृजन को मंजूरी**

# 4 एडीएम, 3 उपखण्ड, 12 तहसील, 16 उप तहसील कार्यालय खुलेंगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेशवासियों को सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 4 अतिरिक्त जिला कलक्टर, तीन नवीन उपखण्ड, एक नवीन तहसील, 11 क्रमोन्नत तहसील व 16 नवीन उप तहसील कार्यालयों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन कार्यालयों के संचालन के लिए 406 नवीन पदों का सृजन भी किया जाएगा।

इसमें रावतभाटा (चित्तौड़गढ़), भीनमाल (जालौर), सीकर शहर एवं मालपुरा (टोंक) में अतिरिक्त जिला कलक्टर कार्यालय खोले जाएंगे। साथ ही, रींगस (सीकर), माधोराजपुरा (जयपुर) एवं टपूकड़ा (अलवर) में नए उपखण्ड कार्यालय खोले जाएंगे। वहीं, टोंक के अलीगढ़ में नया तहसील कार्यालय खोला जाएगा। साथ ही राजलदेसर (चूरू), मांढण एवं प्रतापगढ़ (अलवर), रूदावल (भरतपुर), जुरहरा (भरतपुर), हदा (बीकानेर), बाटाडू (बाड़मेर), भांडारेज (दौसा), जालसू (जयपुर), पिलानी (झुंझुनूं) एवं रायथल (बूंदी) में उप तहसील कार्यालय अब क्रमोन्नत होने पर तहसील कार्यालय के रूप में संचालित होंगे। इसके अलावा बघेरा (अजमेर), डूंगरा छोटा (बांसवाड़ा), हरसानी (बाड़मेर), ददरेवा (चूरू), बसई एवं नादनपुर (धौलपुर), नारंगदेसर (हनुमानगढ़), रेनवाल मांजी (जयपुर), चंदवाजी (जयपुर), गीजगढ़ (दौसा), बबाई (झुंझुनूं), कैलादेवी (करौली), लूणवा एवं दीनदारपुरा (नागौर), कल्याणपुर (उदयपुर) तथा रिडमलसर (श्रीगंगानगर) में नवीन उप तहसील कार्यालय खोले जाएंगे। सीएम अशोक गहलोत की इस स्वीकृति से 4 एडीएम कार्यालयों हेतु कुल 40 पद, 3 उपखण्ड कार्यालयों हेतु 36 पद, एक नवीन तहसील हेतु 25 पद, 11 क्रमोन्नत तहसीलों हेतु 209 पद एवं 16 नवीन उप तहसीलों हेतु 96 पदों सहित कुल 406 पदों का सृजन होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2023-24 में विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों के सुदृढ़ीकरण के लिए घोषणा की गई थी।

**नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग**

## टॉप 40 में एक भी नहीं, प्रदेश में एसकेएनएयू टॉपर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क- 2023 में प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय अंडर 40 में अपना स्थान नहीं बना पाया है। जबकि, प्रदेश स्तर पर श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर प्रथम स्थान पर रहा है। गौरतलब है कि यह रैंकिंग केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क की ओर से जारी की जाती है। यह रैंकिंग इसलिए जारी की जाती है कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो और छात्रों को निर्णय लेने में मदद दी जा सके। संस्थागत रैंकिंग 2023 के लिए देश के 2478 विश्वविद्यालयों और संस्थाओं ने भाग लिया।

### कर्मचारियों को दी बधाई

राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अशैक्षणिक वर्ग के कार्मिकों के साथ-साथ छात्रों का बधाई दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के पांच कृषि विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय ने प्रथम रैंक हासिल की है। विश्वविद्यालय के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालयों में आधारभूत ढाचे का विकास और शैक्षणिक व अशैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। दो कृषि महाविद्यालयों का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा मान्यता की प्रक्रिया भी जारी है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने अंडर 200 में अपना स्थान बनाया है।

## मूंगफली, ग्वार, कपास की बुवाई में तेजी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी भी बिगड़ा हुआ है। कई जिलों में तेज अंधड़ के साथ-साथ बारिश दर्ज हो रही है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ की इस सक्रियता ने किसानों को मूंगफली, ग्वार, कपास की बुवाई का मौका दिया है। लेकिन, किसानों का फिर भी प्री-मानसून शॉवर की बरसात का इंतजार बना हुआ है। उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश में इस साल मानसून के प्रवेश को लेकर प्रारंभिक अनुमान जारी कर दिया है। इसके तहत इस बार मानसून का प्रवेश जुलाई के प्रथम सप्ताह के बाद होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार जयपुर क्षेत्र के आस-पास किसानों ने बीकानेर, दौसा, जयपुर, चितौड़गढ़ जिलें में मूंगफली और भरतपुर, अलवर जिले में बाजरे की बुवाई शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि कृषि विभाग ने खरीफ फसल बुवाई का लक्ष्य अभी निर्धारित नहीं किया है। कृषि विभाग की तैयारियों से देखते हुए लगता है कि इस साल सरकार का फोकस दलहन और मोटे अनाज पर ज्यादा रहेगा। बता दें कि खरीफ में मूंग, उड़द, सोयाबीन, ग्वार, अरहर, चवंला, मोठ सहित दूसरी दलहनी फसलों की बुवाई किसान खरीफ में करते है। कृषि जानकारों का कहना है कि अभी मानसून पूर्व की वर्षा का दौर शुरू नहीं हुआ है। लेकिन, आगामी पखवाड़े में मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारंभ होने संभावना है।

### 4 लाख हैक्टयर में कपास

**प्रदेश** में कपास की बुवाई 4 लाख हैक्टयर क्षेत्र में हो चुकी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में कपास की बुवाई ज्यादा हुई है। जबकि, जोधपुर, पाली, नागौर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, उदयपुर, अलवर, भरतपुर, अजमेर सहित दूसरे जिलों में किसान कपास की बुवाई कम की है। कृषि अधिकारियों के अनुसार प्री-मानसून शॉवर की बरसात होने के बाद कपास के क्षेत्रफल में और बढौत्तरी होगी। उधर, 50 हजार हैक्टयर में मूंगफली और 20 हजार हैक्टयर क्षेत्र में ग्वार की बुवाई हुई है।

## '26 जून को पटना में जुटेंगे 18 विपक्षी दलों के नेता'

जागरूक जनता @ पटना पटना में 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने के लिए 18 दलों के नेताओं ने सहमति जताई है। रविवार को जदयू अध्यक्ष ललनसिंह ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा, नीतीश कुमार प्रधानमंत्री के उम्मीदवार नहीं हैं, वे भाजपामुक्त भारत के लिए विपक्ष को एकजुट कर रहे हैं। पार्टी मुख्यालय में नीतीश फॉर पीएम के नारे लगाए जाने पर सिंह ने कहा, आप ये जो नारा लगाते हैं, इससे विपक्षी एकता में रुकावट पैदा होती है। उन्होंने कहा, देश का मुखिया जो भी होगा, वो देश में लोकतंत्र स्थापित करेगा। जदयू का दावा है कि 23 जून की बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, नेकां के फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती, आप के अरविंद केजरीवाल, डीएमके से एमके स्टालिन, झामुमो के हेमंत सोरेने, राकांपा के शरद पवार, सपा के अखिलेश यादव और शिवसेना-यूबीटी के उद्धव ठाकरे शामिल होंगे।

**क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान**

## विश्व प्रत्यारयन दिवस मनाया




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झोटवाडा रोड, बनीपार्क जयपुर में स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में विश्व प्रत्यायन दिवस मनाया गया। इस मौके पर संस्थान प्रभारी डॉ. बी.आर.मीणा ने बताया कि संस्थान के चिकित्सालय को क्वालिटी कन्ट्रोल ऑफ इंडिया ने उत्कृष्ट सेवाओं एवं उच्च क्वालिटी की सुविधाओं तथा व्यसवस्थाओं के लिए NABH मान्यता प्रदान की है। साथ ही संस्थान में अत्याधुनिक मशीनों से युक्त पेथोलॉजी प्रयोगशाला संचालित है, जिससे उत्कृष्ट प्रयोगशाला जांच सुविधा रोगियों को प्रदान की जा रही है। डिजिटल एक्सश-रे के साथ रेडियोलॉजी सुविधा उपलब्ध है। संस्थान की उच्च गुणवत्ता युक्त प्रयोगशाला को NABL की मान्यता प्राप्त करने हेतु संस्थान प्रयासशील है। अभी हाल ही में संस्थान प्रभारी डॉ. बी.आर. मीणा को सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्थान द्वारा प्रदान की जा रही उच्च कोटि की सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र नई दिल्ली में प्रदान किया गया।

विश्वत प्रत्यांयन दिवस एक वार्षिक वैश्विक पर्यवेक्षण है इसका उदेश्यप विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यापयन की भूमिका को पहचानना और बढावा देना है। प्रत्यायन उपभोक्ताओं, व्यवस्थाओं और नियामकों के बीच विश्वास और विश्वास बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अंत में डॉ. मीणा ने बताया कि यह संस्थान आमजन को उच्च कोटि की गुणवता युक्त सेवायें देने के लिए हमेशा प्रयासरत है।

**राजस्व मंडल की नई कवायद**

# किसान घर बैठे ही लड़े कानूनी लड़ाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** किसानों को अपने वाद के निस्तारण के लिए अब राजस्व अदालतों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। किसान अपनी कानूनी लड़ाई घर बैठे ही लड़ सकेंगे। राजस्व मंडल के निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशों पर नवीन प्रणाली लागू करने की कवायद शुरू कर दी गई है। बता दें कि इससे प्रदेश की करीब एक हजार अधीनस्थ राजस्व अदालतों में लंबित पांच लाख से अधिक प्रकरणों की सुनवाई में पारदर्शिता और गति बढ़ेगी। आदिवासी क्षेत्र संबधी अदालतें, आरकेट, भूमि अर्जन व पुनर्वास जैसी कई अदालतों को डिजिटलाईज प्रणाली जर्नलाइज कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (जीसीएमएस) से जोड़ा जाएगा। इसमें ई-फाईलिंग और ई सम्मन प्रक्रिया प्रथम चरण में होगी। दूसरे चरण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वर्चुअल हियरिंग की जाएगी।

### यह रहेगी प्रक्रिया

- » ऑनलाइन वाद या अपील दायर- अधीनस्थ अदालत का फैसला
- » संबंधित दस्तावेज अपलोड
- » एसएसओआईडी के जरिए लॉगइन व प्रकरण पंजीकृत अथवा दायर
- » दस्तावेज में कमी होने पर पुनः पक्षकार को लौटाई जाकर कमियां पूरी होंग
- » दस्तावेज पूर्ण होने पर पक्षकारों को नोटिस जारी
- » नोटिस तामील के बाद पुनः पत्रावली संबंधित अदालत में अपलोड होगी
- » पक्षकार को निर्धारित तिथि का लिंक दिया जाएगा
- » बैंच अथवा पीठासीन अधिकारी के समक्ष पत्रावली आने के बाद संबंधित लॉगिन से जुड़ जाएगा

### यह अदालतें होंगी शामिल

**राजस्व** मंडल, टैक्स बोर्ड, आदिवासी क्षेत्रों की अदालतें, सिविल सर्विसेज अपीलेट ट्रिब्यूनल (आरकेट), राजस्थान भूमि अर्जन पुनर्वास और पुर्नव्यवस्था प्राधिकरण।

### राजस्व वाद आंकड़ो में

» **5 लाख**-राजस्व मंडल और अधीनस्थ अदालतों में प्रकरण » **65 हजार**-राजस्व मंडल में विचाराधीन प्रकरण » **1 हजार**-लगभग अधीनस्थ राजस्व अदालतें » **315** -उपखंड अधिकारी अदालतें » **23**-राजस्व अपील अधिकारी और भू प्रबंधन अधिकारी (कार्यवाहक) » **78** - एसीएम » **408** - तहसीलें।

# 62 दिन की अमरनाथ यात्रा, 1 जुलाई से शुरू

**इस बार हलवा-डोसा-छोले सब बैन, अमित शाह ने सुरक्षा इंतजामों को लेकर की बैठक**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू हो रही है। 62 दिनों तक यात्रा चलेगी। 31 अगस्त को यात्रा समाप्त होगी। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक हाई लेवल मीटिंग में यात्रा को लेकर की गई सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने यात्रा के दौरान कई खाद्य पदार्थो के इस्तेमाल को प्रतिबंधित कर दिया है। यात्रा को लेकर अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल व सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। रिपोर्ट्स के अनुसार बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख तपन डेका, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ उपेंद्र द्विवेदी, सीआरपीएफ के महानिदेशक एसएल थाउसेन सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



### नया फूड मेनू

**श्री** अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सेहत को देखते हुए स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने नया फूड मेनू जारी किया है। यह फूड मेनू तीर्थयात्रियों के साथ ही भोजन परोसने और बेचने के लिए यात्रा क्षेत्र में आने वाले लंगर संगठनों, फूड स्टॉलों, दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर लागू होगा। अमरनाथ यात्रा 2023 के नए फूड मेनू में धार्मिक कारणों के चलते मांसाहार, शराब, तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, धूम्रपान समेत सभी नशीले पदार्थों पर प्रतिबंध लगाया गया है। तीर्थयात्रियों को पूड़ी, छोले-भटूरे, पिज्जा, बर्गर, स्टफ पराठा, डोसा, फाइड रोटी, मक्खन के साथ ब्रेड, अचार, चटनी, फाइड पापड़, चाऊमीन, फाइड राइस व अन्य फाइड और किसी भी प्रकार का फास्ट फूड खाने को नहीं मिलेगा। इसके साथ ही हलवा, जलेबी, गुलाब जामुन, लड्डू, मिठाइयाँ और रसगुल्ले पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की ओर से रोड नंबर एक खेड़ा महापुरा मुरलीपुरा के श्री बालाजी धाम में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण के लिए आयोजित महायज्ञ में तीन पारियों में श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। व्यासपीठ से प्रहलाद शर्मा ने कहा कि यज्ञ और गायत्री भारतीय संस्कृति के दो आधार स्तंभ है। यज्ञ पिता और गायत्री माता है। इन दोनों का अवलंबन लेकर व्यक्ति भौतिक और आध्यात्मिक प्रगति को प्राप्त कर सकता है। इसलिए प्रतिदिन गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए और महिलाओं को रोजाना बलिवैश्व यज्ञ करना चाहिए। डॉ. महेश सैनी ने प्रज्ञागीतों से वातावरण को सरस बना दिया। कार्यक्रम संयोजक मनोज पारीक ने बताय कि इससे पूर्व वेदमाता गायत्री, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा का पूजन किया गया। गायत्री एवं महामृत्युंजय महामंत्र के अलावा विशिष्ट मंत्रों से भी आहुतियां अर्पित की गई। यज्ञ की पूणाहुति में लोगों ने एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प लिया। यज्ञ के समापन पर लोगों को परिंडे भेंट किए गए।

इस मौके पर धर्मपाल चौधरी, सीताराम शर्मा, मुकेश माथुर, गोपाल पारीक, पुष्पा पारीक,ज्योति शर्मा, उमाशंकर खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नड्डा की टीम में प्रदेश को मिलेगी तवज्जो

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की नई कार्यकारिणी का ऐलान जल्द होगा। प्रदेश में चुनावी साल को देखते हुए माना जा रहा है कि नड्डा के पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक चेहरों को केंद्रीय संगठन में काम करने का मौका मिलेगा। फिलहाल प्रदेश से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे हैं। राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह हैं, जबकि राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल भी राजस्थान से ही हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मोदी मंत्रिमंडल में जो बदलाव होंगे, उसे ध्यान में रखते हुए केंद्रीय संगठन की नई कार्यकारिणी और विधानसभा और लोकसभा चुनावों को देखते हुए फैसला लिया जाएगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रदेश की 25 में से 24 सीटों पर भाजपा के सांसद हैं। बताया जा रहा है कि जो केंद्रीय मंत्री ड्रॉप होंगे या जिन्हें ड्रॉप करने की योजना है, उनमें कुछ चेहरों को संगठन में कामकाज की जिम्मेदारी से नवाजा जाएगा।



### पहले मंत्रिमंडल या टीम विस्तार

**पार्टी** सूत्रों का कहना है कि मोदी मंत्रिमंडल का विस्तार और बदलाव देखने को मिलेगा। इसके साथ ही नड्डा की टीम की घोषणा होगी। हालांकि ये आगे-पीछे भी हो सकते हैं। कुल मिलाकर ये दोनों एक दूसरे से कनेक्ट हैं। ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि जिन बड़े या उपयोगी चेहरों को मंत्री नहीं बनाया जाएगा, वे भी संगठन में एडजस्ट होंगे। जातिगत आधार की मजबूती के साथ ये सब देखने को मिलेगा।

### इन चेहरों की चर्चा

**मंत्रीमंडल** में सांसदों में डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, कनकमल कटारा सहित आदिवासी सांसदों के चेहरे हैं। राजस्थान से एक भी महिला सांसद मंत्री नहीं है। ऐसे में दीयाकुमारी, रंजीता कोली के नाम चर्चा में हैं। इनके अलावा राजेंद्र गहलोत, घनश्याम तिवाड़ी सहित कई चेहरों के नाम भी हैं। संगठन के लिए सतीश पूनियां सहित कई नाम चर्चाओं में हैं।

## राजस्थान के पांच मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी 21 जून तक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर ।** राजस्थान के उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सीकर, जयपुर के पांच मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई–पोर्टल पर नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस प्रक्रिया में 21 जून तक बोली लगाई जा सकती हैं। निदेशक माइंस संदेश नायक ने बताया कि उदयपुर के हरियाव जसपुरा के 94.62 हैक्टयर क्षेत्रफल के लाइम स्टोन के ब्लॉक की माइनिंग लीज के लिए नीलामी की जा रही है। इसमें 74 मिलियन टन से अधिक के लाइमस्टोन भण्डार संभावित है। इसी तरह से आयरन ओर के सीकर व जयपुर के एक-एक ब्लाकों की कंपोजिट लाइसेंस के लिए नीलामी की जा रही है।

### नीलामी प्रक्रिया 17 मई से जारी

**नायक** ने बताया कि इन सभी पांचों ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया 17 मई से जारी है। नायक ने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से ब्लॉकों की चरणवद्ध तरीके से नीलामी की कार्यवाही जारी रखी जा सके। इन ब्लॉकों में सीकर जिले के न्योराना - धान्देला आयरन ओर का 16.775 हैक्टेयर क्षेत्रफल, जयपुर–शाहपुरा के बासरी गणेशपुरा में आयरन ओर के 38 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल, उदयपुर के लदाना के बेसमेटल के 300 हैक्टेयर के ब्लॉक के साथ ही चित्तौड़गढ़ के भाभरिया का खेड़ा बेसमेटल व एसोसिएटेड मिनरल के 970 हैक्टेयर क्षेत्रफल के ब्लॉक की ई–नीलामी प्रक्रिया जारी है।

# किसान मेलाः 20 हजार किसानों से सीएम अशोक गहलोत करेंगे संवाद

## किसान मेलों की श्रृंखला में उदयपुर संभाग का दो दिवसीय किसान मेला 23-24 जून को बलीचा स्थित कृषि उपज मंडी में होगा आयोजित

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** किसानों को कृषि की नवीन तकनीक से रूबरू कराने के लिए किसान मेलों की श्रृंखला में उदयपुर संभाग का दो दिवसीय किसान मेला 23-24 जून को बलीचा स्थित कृषि उपज मंडी में आयोजित होगा। सीएम अशोक गहलोत की मौजूदगी में होने वाले मेले में संभागभर से 20 हजार किसान हिस्सा लेंगे। कलक्टर ताराचंद मीणा ने शनिवार को जिला परिषद सभागार में संबंधित बैठक में तैयारियों पर चर्चा की। मीणा ने विभागीय अधिकारियों को काम सौंपे। किसानों के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। संभागस्तरीय आयोजन के लिए राज्यस्तर से 9 समितियों का गठन किया गया। निर्देश दिए कि समितियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा करें।

### मेले में लगेगा महंगाई राहत कैंप

**कलक्टर** मीणा ने कहा कि मेला स्थल पर महंगाई राहत कैंप का सेटअप भी लगाया जाएगा। संभाग का कोई भी किसान दस्तावेजों के आधार पर राज्य सरकार की 9 योजनाओं में पंजीकरण करवा सकेगा। इसके लिए डीओआइटी संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल को व्यवस्था के निर्देश दिए।

### तैयारियों पर चर्चा

**जिलास्तर** पर 22 जून से नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए 24 घंटे संचालन की व्यवस्था व इसमें प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। किसानों की संख्या व उनके पंजीयन, आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था, रूट चार्ट, कृषकों को किट वितरण तथा प्रति जिला 50 प्रगतिशील किसानों के चयन की सूची तैयार करने की बात कही। जाजम व सेमिनार आयोजन के लिए कृषकों की भागीदारी पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। जिला परिषद सीईओ सलोनी खेमका व कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक भूरालाल पाटीदार ने अपनी बात रखी।

## जागरूक खबरें

### भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा 20 जून को

**जागरूक जनता @ उदयपुर।** शहर के गुप्तेश्वर नगर सेक्टर 7 विकास समिति और श्री जगन्नाथ धाम शिवशक्ति मंदिर विकास समिति की ओर से शनिवार को सेक्टर 7 स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रेस वार्ता कर रथ यात्रा की जानकारी दी गई । गुप्तेश्वर नगर विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम पालीवाल ने बताया की भगवान श्री जगन्नाथ जी के विभिन्न अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। 20 जून को सुबह 10.30 बजे रथयात्रा धूमधाम से निकलेगी। रथ पर विराजमान होकर भगवान श्री जगन्नाथजी, सुभद्राजी, बलभद्रजी और सुदर्शनजी के मूल विग्रह हिरणमगरी उपनगरीय क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भक्तों को दर्शन देते हुए भ्रमण करेंगे। परम्परानुसार भगवान आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भगवान गुण्डीचा [मौसी मां मन्दिर] यात्रा पर जाते हैं और सात दिन वहीं रहते हैं मौसी मां मन्दिर हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित शिव मन्दिर रहेगा। जहां 28 जून तक भगवान का प्रवास रहेगा।

### दौसा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय का नाम अब पं. नवल किशोर शर्मा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय

**जागरूक जनता @ दौसा।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, दौसा का नामकरण पं. नवल किशोर शर्मा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, दौसा कर दिया है। ये आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू होंगे।

### चिमनपुरा में खुलेगा नवीन कृषि महाविद्यालय

**जागरूक जनता @ जयपुर।** जिले के चिमनपुरा में बाबा नारायण दास राजकीय कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। यह महाविद्यालय निर्माणाधीन भवन में पृथक से संचालित होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महाविद्यालय खोलने व संचालन के लिए 29 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। चिमनपुरा में अभी बाबा भगवान दास राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य, विज्ञान तथा कृषि संकाय संचालित थे, जिसमें से कृषि संकाय को बंद करके बाबा नारायण दास कृषि महाविद्यालय खोला जा रहा है।

### निःशुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर 27 व 28 को

**जागरूक जनता @ जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्रों के व्यक्तियों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए आमेर एंव बस्सी तहसील में निःशुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) ने बताया कि दिनांक 27 जून को बस्सी तहसील के श्रीरामनगर गांव में एवं 28 जून को आमेर तहसील के उदयपुरिया गांव में निःशुल्क आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन के लिए तीन-तीन चिकित्सा अधिकारियों एवं सहयोग अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

### हर्षिता नागदा राजस्थान में अव्वल



**जागरूक जनता @ उदयपुर।** जोधपुर कृषि विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित प्री-पीजी एग्जामिनेशन - 2023 में राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर की छात्रा हर्षिता नागदा ने सम्पूर्ण राजस्थान में (सामान्य वर्ग) में प्रथम रैंक हासिल की है। हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व मम्मी-पापा चंदा-चंद्रशेखर नागदा को दिया है।

### जम्मूतवी-जैसलमेर ट्रेन का कुचामनसिटी में ठहराव शुरू

**जागरूक जनता @ कुचामन सिटी /जयपुर।** रेलवे ने जम्मू तवी-जैसलमेर एक्सप्रेस ट्रेन का सप्ताह में चार दिन कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव शुरू करने का निर्णय किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस ट्रेन का 12 जून से आवाजाही के दौरान कुचामन सिटी स्टेशन पर दो-दो मिनट का ठहराव शुरू हो गया है।

आयुक्त मिड-डे-मील की ओर से दिए गए हैं आदेश

# बच्चों से पहले शिक्षक पीएंगे दूध

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पाली।** सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को एक जुलाई से रोजाना दूध पिलाया जाएगा। मिल्क पाउडर से तैयार किए जाने वाले इस दूध को वितरित किए जाने से पहले स्कूल के शिक्षक, अभिभावक या विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य चखेंगे। दूध को दो जनों के चखने के बाद उसकी गुणवत्ता ठीक होने पर ही विद्यार्थियों को पिलाया जाएगा। विद्यार्थियों को पिलाए जाने वाले पाउडर मिल्क की मात्रा का अंकन विद्यालय की दीवार पर किया जाएगा। जिससे हर किसी को पता लग सके कि कितना दूध विद्यार्थी को दिया जा रहा है। इसके आदेश आयुक्त मिड-डे-मील की ओर से जारी किए गए हैं। दूध वितरण का भौतिक सत्यापन जिला व उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से भी करवाया जाएगा। जिला कलक्टर दूध वितरण व भंडारण की सूचना मिड-डे-मील आयुक्त को देंगे।

### प्रतिदिन करेंगे जांच

**विद्यार्थियों** को स्कूलों में रोजाना मिड-डे-मील परोसा जाता है। यह अब तक कुक कम हेल्पर आदि की ओर से बनाए जाने पर विद्यार्थियों को परोस दिया जाता था, लेकिन इसे भी नए सत्र में दो बड़े व्यक्ति, जिसमें एक अभिभावक व एक विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य चखेंगे। चखने वालों का नाम रजिस्टर में लिखा जाएगा। इसके लिए एक अध्यापक को जिम्मेदारी दी जाएगी।



### हर सप्ताह पोषाहार में यह रहेगा मैन्यू

- » **सोमवारः** रोटी, सब्जी व दाल
- » **मंगलवार :** चावल व दाल या सब्जी
- » **बुधवारः** रोटी व दाल
- » **गुरुवार :** खिचड़ी (दाल, चावल, सब्जी वाली)
- » **शुक्रवार :** रोटी व दाल
- » **शनिवार :** रोटी, सब्जी व दाल

### इतना दिया जाएगा दूध

- » **बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा तक :** हर विद्यार्थी के लिए 15 ग्राम दूध पाउडर से 150 मिलीग्राम दूध बनाया जाएगा। उसमे 8.4 ग्राम शक्कर मिलाई जाएगी।
- » **कक्षा छह से आठवीं तकः** हर विद्यार्थी को 20 ग्राम मिल्ड पाउडर से 200 मिलीग्राम दूध बनाकर दिया जाएगा। इसमे 10.2 मिलीग्राम शक्कर मिलाई जाएगी।

**दूध** व मिड-डे-मील की गुणवत्ता जांचने के लिए उसे रोजाना चखने के बाद ही विद्यार्थियों में वितरित किया जाएगा। इससे यह तय होगा कि भोजन व दूध पूर्ण रूप से सुरक्षित है।

**मदन पंवार,** जिला शिक्षा अधिकारी प्रारिम्भक, मुख्यालय, पाली

# बच्चों को मजदूरी के लिए मजबूर न करें - प्रशांत

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** बाल श्रम विरोध दिवस पर नारायण सेवा संस्थान में संगोष्ठी आयोजित की गई। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने अध्यक्ष पद से बताया कि आज विश्व में 22 करोड़ बच्चे अपना बचपन खोकर श्रम साध्य कार्य करने को मजबूर है, इसके लिए सामाजिक परिवेश जिम्मेदार है।

उन्होंने संस्थान में दिव्यांगता सुधारात्मक सर्जरी के लिए देश के विभिन्न भागों से अपने बच्चों को लेकर आए परिजनों से संवाद करते हुए कहा की बच्चे प्रायः मजदूरी के दौरान चोटिल ही नहीं होते महत्वपूर्ण अंगो से नाकाम भी हो जाते है। जो उन्हें ज़िन्दगी भर दंश दे जाते हैं। बच्चों को बजाय मजदूरी के शिक्षा और कौशल विकास के कार्यों से जोड़े। उन्होंने बच्चों के पोषण पर भी जोर दिया। उन्होंने बच्चों के परिजनों को इस बात की शपथ दिलाई कि वे परिवार की किसी भी जटिल परिस्थिति के बावजूद बच्चों से श्रम साध्य कार्य नहीं करवाएंगे और उन्हें बचपन का पूरा अहसास कराते हुए स्कूल भेजकर उनके उज्जवल भविष्य को साकार करने में सहायक बनेंगे।




# आषाढ़ में सावन सा नजारा



### अंधड़ से पेड़ और पोल उखड़े, एकबारगी तो ठहर गया जनजीवन

**जागरूक जनता @ हनुमानगढ़।** जिले में बीते दिनों आए तेज अंधड़ के साथ बेमौसम बारिश से खेत जलमग्न हो गए। मौसम में आए बदलाव के बाद अचानक जून माह में खेत पानी से लबालब हो गए। वहीं खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। अंधड़ आने से कई पेड़ धराशायी हो गए। जिले के 20-21 mjd बुगलावाली में बारिश के बाद जलमग्न खेत।

सीयूजी में 16 से 18 मई के बीच हुआ था नैक टीम का निरीक्षण

# गुजरात सेंट्रल यूनिवर्सिटी को नैक रैंकिंग में मिला 'ए' ग्रेड

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**गांधीनगर।** गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय को नैक रैंकिंग में 'ए' ग्रेड मिला है। ज्ञातव्य है कि नैक कमेटी की 5 सदस्यीय टीम टीम 16 से 18 मई 2023 तक सेंट्रल यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया था। इस दौरान आंतरिक विश्लेषण के अंतर्गत विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक लाइब्रेरी, वाई-फाई परिसर, शिक्षकों का प्रशिक्षण, ई-कंटेंट, इन्क्यूबेशन सेंटर, विभागवार प्रगति प्रतिवेदन, स्पोर्ट्स सुविधाएं, मैस, हॉस्टल और विद्यार्थियों का परफार्मेंस, शिक्षकों के शोध कार्य के अलावा प्रशासनिक कार्यालय, गोपनीय विभाग और परीक्षा विभाग की प्रोग्रेस रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय को यह ग्रेड मिली है। उल्लेखनीय है कि नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडेशन काउंसिल (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) द्वारा विश्वविद्यालय को अब तक की सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग दी गई है। विश्वविद्यालय में हो रहे शोध कार्य पूरे देश में प्रसिद्ध है। टीम के पांच सदस्यों ने एजुकेशनल फैसिलिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, विश्वविद्यालय के आंतरिक एवं बाह्रय वातावरण जैसे विभिन्न पहलुओं की जांच कर यूनिवर्सिटी को यह ग्रेडिंग प्रदान की गई है। शनिवार को नैक द्वारा परिणाम जारी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमा शंकर दूबे ने कहा कि विश्वविद्यालय ने गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य और नवाचारों में उत्कृष्ट कार्य कर यह ग्रेड प्राप्त की है। आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. अतनु महापात्रा ने बताया कि टीम ने सेक्टर-29 और 30 स्थित दोनों परिसरों का निरीक्षण किया था। टीम ने विश्वविद्यालय के शोध कार्यों के साथ ही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में हुए अभूतपूर्व कार्यों की भी सराहना की।

### हर विभाग का किया गहनता से निरीक्षण




**नैक** टीम ने सभी शैक्षणिक विभागों के अलावा डिस्पेंसरी, विभिन्न क्लब, नए कोर्सेज, शिक्षक-छात्र अनुपात, नई शिक्षा नीति के अनुरूप अध्ययन एवं अध्यापन, समर्थ पोर्टल, कम्प्यूटर एवं साइंस प्रयोगशालाएं, विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रम, पेटेंट्स और नए कैम्पस के निर्माण एवं उसके मास्टर प्लान संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एग्जिट मीटिंग को संबोधित करते हुए नैक टीम के चेयरमैन महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय में सभी संसाधनों का बेहतर ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है साथ ही नई शिक्षा नीति को भी क्रियान्वित किया जा रहा है जो कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए एक सुखद पहल है। उन्होंने कहा कि 2009 के बाद शुरू हुए केंद्रीय विश्वविद्यालयों में गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय ने शोध क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। इस दौरान विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. दूबे ने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी के समेकित प्रयासों का परिणाम है।

# सरपंच ने गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की, तो अतिक्रमी ने करोडों रूपये का घोटाला दबाने का प्रयास बताया!

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**पिण्डवाडा।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत वासा के सरपंच ने एक व्यक्ति पर गोचर भूमि पर अतिक्रमण हटाने एवं कार्यवाही के लिए जिला कलक्टर से मांग की, तो दुसरी तरफ अतिक्रमी ने बताया कि वासा में जमींन घोटाला दबाने के लिए ग्राम पंचायत झुठे आरोप लगा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वासा सरपंच प्रभूराम सरगरा ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर बताया कि जाबेजी मंदिर के गौशाला के पीछे रौनक भाई ब्राहमण द्वारा गौशाला की आड में करीब 10 बीद्या से अधिक गोचर भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है। जब ग्राम पंचायत कब्जा हटाने गई, तो लोगों को एकत्रित करता है तथा कार्यवाही करने पर धमकियां देता है। जबकि ग्राम पंचायत का दायित्व है कि गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त हो, लेकिन अतिक्रमण होने से गांव के पशुपालको को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

**अतिक्रमी** रौनक ब्राहमण गौशाला की आड में गोचर भूमि पर अतिक्रमण कर, अपना उल्लू सीधा कर रहा है। जबकि गांव के पशुपालको को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। अतिक्रमण हटाने के लिए जिला कलेक्टर को लिखा गया है।
**प्रभूराम सरगरा,** सरपंच ग्राम पंचायत वासा

**जाबेजी** के पास मेरे द्वारा फिलहाल किसी पर 91 की कार्यवाही नहीं की है और न मैंने रोकन ब्राहमण के नाम से 91 कार्यवाही की है। ग्राम पंचायत अतिक्रमियों की सूची उपलब्ध करवाने पर 91 की कार्यवाही की जायेंगी। **सरिता मीणा** पटवारी वासा

**मैंने** सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी द्वारा गांव के खसरा नम्बर 1331 में करीब 5 करोड रूपये का घोटाला उजागर किया है जिसके मेरे पास पुख्ता प्रमाण है, जिसकी जांच विचाराधीन है। और ग्राम पंचायत मुझ पर दबाव बनाने के लिए झुठे आरोप लगा रही है। गोचर भूमि पर घास गौशाला में ही जाती है किसी प्रकार कोई व्यापार नहीं हो रहा है।
**रौनक भाई** ब्राहमण, वासा सरपंच प्रभुराम सरगरा

ANCHOR उदयपुर नगर निगम

# 33 जगहों पर लगेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके लिए संबंधित कम्पनियों को शहर में जमीन उपलब्ध करवाई जा रही है। पहले चरण में उदयपुर नगर निगम सीमा में एक साथ 12 व यूआइटी क्षेत्र में 14 जगह पर चार्जिंग स्टेशन लगेंगे। निगम क्षेत्र में 12 और यूआइटी क्षेत्र में 21 स्टेशन होंगे, जो पूरी तरह से पेट्रोल पम्प की तरह होंगे।

चार्जिंग स्टेशन के लिए निगम ने जमीन उपलब्ध करवा दी है, वहीं यूआइटी में प्रक्रिया जारी है। संबंधित कम्पनियां स्टेशन पर बिजली कनेक्शन से लेकर अन्य सुविधाएं जुटाने में लगी है। चार्जिंग स्टेशनों के लिए करार के तहत रिजर्व प्राइज में कम्पनियों को जमीन उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रत्येक स्टेशन के लिए 800 स्क्वायर फीट जमीन की जरुरत होती है, जहां चार्जिंग प्वाइंट के अलावा अन्य सुविधा जुटाई जा सकेगी।




### इ-व्हीकल बिक्री की रफ्तार धीमी

शहर में अभी नाम मात्र के इलेक्ट्रिक व्हीकल चल रहे हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार व कम्पनियों ने कई तरह से सुविधा उपलब्ध करवाई थी, ताकि बिक्री बढ़े और शहर को वायु प्रदूषण से मुक्ति दिलाई जा सके। हालांकि अभी शहर में इ-व्हीकल की बिक्री की गति धीमी है। परिवहन विभाग के अनुसार अभी तक शहर में करीब 3 हजार इ-व्हीकल है, जिनमें दुपहिया वाहनों की संख्या ज्यादा है।

### शहर में प्रस्तावित चार्जिंग स्टेशन स्थल

- » स्वर्ण जयंती पार्क के बाहर
- » बलीचा रोड (होटल हर्षवर्धन के पास)
- » गुलाबबाग पार्किंग
- » सेवाश्रम पुलिया-पार्किंग
- » प्रतापनगर मुख्य रोड, जज कॉलोनी के पास
- » सवीना चौराहा (नगर निगम की रिजर्व भूमि पर)
- » लवकुश स्टेडियम पार्किंग (डब्ल्यूआरडी) ऑफिस के बाहर
- » मीरा कला केन्द्र (इन्दिरा रसोई के पास)
- » सेक्टर-4 सामुदायिक भवन के बाहर
- » टाउनहॉल पार्किंग
- » फायर स्टेशन मादड़ी, व अन्य स्टेशन पर

### इलेक्ट्रिक व्हीकल को मिलेगा बढ़ावा

- » 03 हजार इ-व्हीकल है उदयपुर शहर में
- » 33 चार्जिंग स्टेशन लगना प्रस्तावित है
- » 12 चार्जिंग स्टेशन नगर निगम सीमा में
- » 21 चार्जिंग स्टेशन यूआइटी क्षेत्र में लगेंगे।

### कबड्डी, वॉलीबाल, शूटिंग बाल व क्रिकेट के फाइनल मुकाबले 16 को

**चितौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड की ओर से आयोजित सरस खेल महोत्सव के दूसरे चरण में नगर के कृष्ण वाटिका मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के पाचवें दिन क्रिकेट के कई रोमांचक मुकाबले हुए। युवा खिलाड़ी पूरे उत्साह व उमंग के साथ अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहे हैं। पूरी प्रतियोगिता का जिम्मा निभाने वाले डेयरी चेयरमैन बद्री लाल जाट जगपुरा खेल खिलाड़ियों से परिचय कर उनका हौंसला बढ़ा रहें है। डेयरी चेयरमैन जाट 13 दिवसीय इस खेल महोत्सव में विजेताओं को 17 लाख 50 हजार रुपये के पुरस्कार राशि भी प्रदान करेंगे।

कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय वार्षिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# पान मैथी-मथानिया मिर्च को मिलेगा जीआई टैग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के कृषि क्षेत्र को जल्द ही नई पहचान मिलने वाली है। जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी है। विश्वविद्यालय ने नागौरी पान मैथी और जोधपुर की मथानियां मिर्च को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) के प्रस्ताव बनाकर संबंधित एंजेसी को भिजवाएं है। उम्मीद है कि जल्द ही दोनों फसलों का जीआई टैक मिल जायेगा। गौरतलब है कि कृषि क्षेत्र में अभी तक सोजत की मेहंदी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। यदि इन दोनों फसलों का जीआई टैग मिल जाता है तो पान मैथी और मथानिया मिर्च को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। कुलपति डॉ. बीआर चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमआईडीएच परियोजना के तहत जैव नियंत्रण एजेंट-ट्राइकोडर्मा उत्पादन की एक और इकाई जोधपुर में स्थापित की जायेगी। यह ट्राइकोडर्मा की तीसरी इकाई होगी।




### 40 प्रतिशत किस्में ही अधिसूचित

**परियोजना** के प्रभारी डॉ. एमएल मेहरिया ने बताया कि बैठक के दौरान पिछले 10 वर्षों में किये गए कार्यों की रिपोर्ट और जीरे की जैविक खेती विषय पर तैयार फोल्डर का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न मसाला फ्सलें जैसे की जीरा, सौंफ, मेथी, मिर्च आदि का गुणवत्ता युक्तबीज उत्पादित किया गया और उसके प्रसंस्करण के लिए लगभग एक करोड़ लागत की 9 प्रसंस्करण इकाइयाँ विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों पर स्थापित की गयी है।

### 187 टन बीज उत्पादित

एमआईडीएच परियोजना के तहत विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक समीक्षा बैठक में सुपारी और मसाला विकास निदेशालय, कालीकट के निदेशक डॉ. होमी चेरियन ने बताया कि देश के विभिन्न केन्द्रों पर बीजीय मसालों का 187 टन गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादित किया गया। मसाला फ्सलों की उत्तम रोपण सामग्री उपलब्ध कराने के के लिए पिछले पांच वर्षों में करीब 20 से ज्यादा नर्सरी स्थापित की गयी हैं। वहीं, 100 से ज्यादा प्रशिक्षण भी आयोजित किये गए हैं। परियोजना के अंतर्गत पूरे देश में 100 से ज्यादा बीज भंडारण और प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की गयीं। जिनमें से नौ 9 इकाइयाँ और नर्सरी कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों पर स्थापित हैं।

### एक हैक्टयर से 1.72 लाख की आमदनी

पिछले 10 वर्षों में मसाला फ्सलों के क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता में क्रमशः लगभग 4.0, 7.0 व 2.7 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। देश में उत्पादित होने वाले 112 लाख टन मसालों में से करीब 80 लाख टन निर्यात किया जाता है। उद्यानिकी फ्सलों के नर्यात में सर्वाधिक भागीदारी लगभग 40 प्रतिशत मसालों की है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान की आंकड़ो के अनुसार जोधपुर में जीरा उत्पादित करने वाले किसान को एक हैक्टेयर से लगभग 1.72 लाख रूपए की आमदनी प्राप्त होती है।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

## जागरूक खबरें

### दुनिया में 5वां नंबर

■ **हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 3.75 ट्रिलियन डॉलर**



**जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था का आकार 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत अब पांचवें नंबर पर है। सीतारमण ने ट्वीट किया कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, देश की जीडीपी का आकार करीब दो ट्रिलियन डॉलर था। बड़ी अर्थव्यवस्था के मामले में अब अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी ही भारत से आगे हैं। वित्तीय वर्ष 2023 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रहने का अनुमान है।

### विपुल कतर में भारत के नए राजदूत



**जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** अनुभवी राजनयिक विपुल को कतर में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। खाड़ी के प्रभावशाली देश कतर में दो महीने से भारत का राजदूत नहीं था। विपुल 1998 बैच के आइएफएस अधिकारी हैं। वह विदेश मंत्रालय में खाड़ी प्रभाग में संयुक्त सचिव हैं।



भुज-कच्छ में समुद्र में उठती ऊंची लहरें।

# प्रदेश में बिपरजॉय का रेड अलर्ट, असर कल से

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसका असर 15 से 17 जून तक दिखाई देगा। तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश होगी। उधर, मानसून को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि राजस्थान में जून के अंतिम सप्ताह तक प्रवेश कर सकता है।

### तूफान अभी अरब सागर में

मौसम केन्द्र जयपुर की माने तो चक्रवाती तूफान अभी अरब सागर की खाड़ी में बना हुआ है जो 15 जून को पाकिस्तान से टकराएगा और उसके बाद उत्तर-पूर्व राजस्थान की तरफ आगे बढ़ेगा। टकराने के साथ ही यह कमजोर होगा और राजस्थान में डिप्रेशन के साथ कम दबाव का क्षेत्र बनाएगा। जिसके चलते तीन से चार दिन तक मौसम में भारी बादलाव दिखाई देगा। राजस्थान के चार संभागों में भारी बारिश और तेज हवाओं का जोर रहेगा। साथ ही गर्मी से निजात मिल सकेगी।

### कल से दिखाई देगा असर

**मौसम** केन्द्र जयपुर की माने तो चक्रवाती तूफान का असर राजस्थान पर 15 जून की शाम से ही दिखाई देगा। जोधपुर और उदयपुर संभाग में भारी बारिश का दौर शुरू होगा। बताया जा रहा है कि भारी बारिश का सबसे ज्यादा असर 16 व 17 जून को रहेगा। 16 जून को जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, सिरोही, उदयपुर और आसपास के इलाकों में 45 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, जबकि इन इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में एक बार फिर से तूफानी बारिश मारवाड़ में तबाही मचा सकती है।

**ब्लूप्रिंट तैयार : केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर बोले- गेमिंग ऐप्स का होगा रिव्यू**

# सट्टेबाजी वाले ऑनलाइन गेम्स होंगे बंद

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** बच्चों और युवाओं में ऑनलाइन गेम्स की लत लगने की शिकायतें बढ़ने व देश में ऑनलाइन गेमिंग के जरिए धर्म परिवर्तन का मामला सामने आने के बाद अब केंद्र सरकार ने सभी गेमिंग ऐप्स का रिव्यू करने का फैसला किया है। केंद्रीय आइटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, यूजर्स को नुकसान पहुंचाने वाले गेम्स से लेकर बेटिंग यानी सट्टेबाजी व एडिक्शन वाले गेमिंग ऐप्स को बंद किया जाएगा।

### ये होंगे प्रभावित...

**राजीव** चंद्रशेखर ने कहा, केंद्र ने ऑनलाइन गेमिंग को लेकर एक फ्रेमवर्क तैयार किया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि गेम्स का क्लासिफिकेशन कैसे होगा। केंद्र के ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स का रिव्यू करने के फैसले से गूगल प्ले स्टोर और एपल ऐप स्टोर प्रभावित होंगे।

**लग जाती है लत...** ऑनलाइन गेम को यूजर्स को अपने साथ बांधे रखने के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। मनोवैज्ञानिकों ने कहा, इन गेम्स की लत इसलिए लगती है, क्योंकि इनका एक्सेस यूजर के हाथों में होता है। वह खाते-पीते हुए यहां तक कि बाथरूम में बैठकर भी खेल रहे होते हैं।

पितृ दोष दूर करिए
पितृ मोक्ष की राह हुई आसान

16 दिन नियमित कराएं श्री गया जी में पितृ श्राद्ध

श्री गया जी में पूरे पितृ पक्ष के दौरान रहने, खाने एवं रुकने की व्यवस्था, पंडितों की दक्षिणा, 16 दिनों तक हवन, पिंडदान एवं ब्राह्मण भोजन की व्यवस्थाओं के चलते लाखों रुपए का खर्चा होता है। जिसे आम आदमी वहन नहीं कर पाता। इसलिए ऐसे लोगों के लिए नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट ने कम खर्चे में पितृ श्राद्ध जैसा पुण्य कार्य करवाने का बीड़ा उठाया है। प्रत्येक यजमान के साथ पिंडदान कार्य करवाने के लिए अलग से ब्राह्मण की व्यवस्था सहित इसके लिए श्राद्ध कर्म में होने वाले सम्पूर्ण व्यय का आधा खर्चा संस्था वहन करेगी। जिसमें आने-जाने का किराया भी शामिल है। ये व्यवस्था लाखों में नहीं अपितु हजारों में ही हो जाएगी।



पहले आओ, पहले पाओ संख्या सीमित है

आप सोचेंगे कि अभी तो श्राद्ध पक्ष में बहुत समय बाकी है, लेकिन ऐसा नहीं है। श्री गयाजी में अभी से तैयारियां होने लग गई हैं। इसलिए ऐनमौके पर व्यवस्था करने में कठिनाई होती है। अत: श्राद्ध कराने के इच्छुक निम्न नंबरों पर अभी से सम्पर्क कर सकते हैं :-
मो. नं. 8561088777, 9928022718, 9829118962

-: सौजन्य से :-
नवारुन चेरिटेबल फाउण्डेशन एवं आरना एसोसिएट

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

Beena Shiksha Samiti
Sr. Sec. School
Knowledge is Power
RBSE Pattern Affiliated From Raj. Govt.





English / Hindi Medium Nursery to XIIth
Admission OPEN

NO ADMISSION FEE NO TRANSPORT FEE

SALIENT FEATURES
• LEARNING ENVIRONMENT.
• EXPERIENCED FACULTY.
• PARENT-TEACHER PARTNERSHIP.
• SPACIOUS PLAYGROUND.
• 100% SUPPORT AND SECURITY OF THE CHILD.
• SPLASH POOL FOR KIDS.
• AIR CONDITIONED CLASS ROOMS.
• FLEET LUXURY BUSES.

Age 18 Months & Above



Maruti Colony, Sheopur Road, Sanganer, Jaipur
Call us at : +91 9636768752

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## राहत : खाने-पीने के सामान की कीमतें घटने का असर

# फुटकर महंगाई दर 2 साल के सबसे निचले स्तर पर: मई में 4.25% पर पहुंची

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25% पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23% रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में यह कमी आई है। इससे पहले अप्रैल 2023 में रिटेल महंगाई दर 4.70% रही थी। ग्रामीण महंगाई दर 4.68% से घटकर 4.17% पर आ गई है। शहरी महंगाई दर 4.85% से घटकर 4.27% पर आ गई है। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बास्केट में लगभग आधी हिस्सेदारी खाने-पीने की चीजों की होती है। मई में खाद्य महंगाई दर घटकर 2.91% पर आ गई है। अप्रैल 2023 में यह 3.84% और मार्च में 4.79% रही थी।

### महंगाई घटना इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत

**महंगाई** में आई गिरावट को लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत है। सप्लाई चेन में सुधार और कमोडिटी की कीमत में राहत का भी फायदा मिला है। हालांकि इस महीने हुई मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग की जानकारी देते हुए RBI गवर्नर ने कहा था कि महंगाई को लेकर चिंता और अनिश्चितता अभी भी बरकरार है।

### महंगाई कैसे प्रभावित करती है?

**महंगाई** का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए, यदि महंगाई दर 7% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 93 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।



### RBI कैसे कंट्रोल करती है महंगाई?

महंगाई कम करने के लिए बाजार में पैसों के बहाव (लिक्विडिटी) को कम किया जाता है। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) रेपो रेट बढ़ाता है। जैसे RBI ने अप्रैल और जून में रेपो रेट में इजाफा न करने का फैसला किया था। इससे पहले RBI ने रेपो रेट में लगातार 6 बार इजाफा किया था। RBI ने महंगाई के अनुमान में भी कटौती की थी।

### महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?

महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वह ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

### CPI क्या होता है?

एक ग्राहक के तौर पर आप और हम रिटेल मार्केट से सामान खरीदते हैं। इससे जुड़ी कीमतों में हुए बदलाव को दिखाने का काम कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स यानी CPI करता है। हम सामान और सर्विसेज के लिए जो औसत मूल्य चुकाते हैं, CPI उसी को मापता है। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मेन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 300 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।

### RBI ने कहा- महंगाई पर अर्जुन की नजर रखने की जरूरत

RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने महंगाई पर अर्जुन की नजर बनाए रखने की जरूरत को दोहराया था। उन्होंने कहा था कि महंगाई अभी भी 4% के टारगेट से ऊपर बनी हुई है। RBI के अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 (FY24) में महंगाई 4% के ऊपर ही रहने की संभावना है। RBI ने महंगाई अनुमान को FY24 में 5.2% से घटाकर 5.1% किया है।

# RTDC में लागू होगी ओल्ड पेंशन स्कीम

**राजस्थान पर्यटन विकास निगम बोर्ड बैठक में हुआ फैसला, 10 होटल्स का होगा रेनोवेशन**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अब ओल्ड पेंशन स्कीम का फायदा मिल सकेगा। जयपुर के पर्यटन भवन में RTDC चैयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़ की अध्यक्षता में राजस्थान पर्यटन विकास निगम बोर्ड की 192वीं बैठक में यह फैसला किया गया। इसके साथ ही बैठक में प्रदेशभर में RTDC की होटल्स के रेनोवेशन, RTDC होटल्स के शुल्क में छूट की श्रेणी में राजस्थान रत्न से सम्मानितों को शामिल करने और अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों में शिथिलता देने का फैसला किया गया।

राठौड़ ने कहा कि निगम प्रबन्धन प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार बेहतर से और बेहतर काम कर रहा है। यहीं कारन है कि RTDC की होटल इकाइयां और पैलेस ऑन व्हील्स भी प्रॉफिट में चल रही है। ऐसे में अब हम प्राइवेट होटल्स से प्रतिस्पर्धा के लिए प्रदेश की 10 RTDC होटल को भी रेनोवेट करेंगे। ताकि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को और ज्यादा बेहतर सुविधा मिल सके।आरटीडीसी अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान वेडिंग एंड कॉफ्रेन्स डेस्टिनेशन के रूप में देश के एक प्रमुख राज्य के रूप विकसित हो चुका है। ऐसे में सरकार द्वारा बनाए गए एमआईसीई (मीटिंग्स, इन्सेन्टिव, कॉफ्रेन्स एंड एक्जीबिशंस) सेन्टर्स की स्थापना की है। जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को और बेहतर सुविधा मिलेगी। राजस्थान पर्यटन विकास निगम बोर्ड की 192वीं बैठक में सदस्यों के तौर पर पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, राजस्थान पर्यटन विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक विजयपाल सिंह और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल समेत आला अधिकारी मौजूद रहे।

## 50 हजार किसान होंगे शामिल

# राजस्थान किसान महोत्सव 16 से

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाने के लिए राज्य सरकार कृषक मेले का आयोजन कर रही है। कृषि, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में लोगों को एक मंच पर लाने और कृषि एवम संबंधित क्षेत्रो में समावेशित विकास सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि दिनांक 16-18 जून को जे.ई.सी.सी. सीतापुरा, जयपुर में 'राजस्थान किसान महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 23-24 जून को उदयपुर एवं 30 जून-01 जुलाई को जोधपुर में संभाग स्तरीय किसान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय किसान मेले में 50 हजार और संभाग स्तरीय मेले में 20-20 हजार किसान हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में नयी कृषि तकनीकें किसानों को सिखायी जाएंगीं जिससे कम लागत में अधिक आय प्राप्त हो सके और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बन सके। कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. एसएस शेखावत ने बताया कि राज्यस्तरीय कृषि मेले को कुछ इस तरह से सजाया जायेगा कि आने वाला प्रत्येक किसान आधुनिक तकनीक से रूबरू होकर अपने गांव लौट सके। उन्होंने बताया कि इस बार चौपाल कार्यक्रम में परम्परागत विषयों से हटकर नए विषयों पर किसानों को जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। एक साथ तीन चौपाल आयोजित की जायेगी। इसके अलावा स्मार्ट कृषि फार्म भी किसानों के आकर्षण का केन्द्र होगा। इस फार्म में संरक्षित खेती तकनीक, सूक्ष्म सिंचाई तकनीक, फार्मपौंड, फर्टिगेशन, हाइड्रोपॉनिक सहित दूसरी तकनीक का प्रदर्शन होगा। वहीं, पशुपालन के क्षेत्र में भीम आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके अलावा गाय, भैंस, बकरी, भेड़, पोल्ट्री, ऊंट की विभिन्न नस्लों का प्रदर्शन लाइव स्टॉक फार्म में होगा। आधुनिक कृषि मशीनरी का प्रदर्शन भी मेले के दौरान किया जायेगा। मेले में 200 से ज्यादा स्टॉल लगेगी। जिसमें कृषि स्टार्टअप, कृषि संस्थान, एफपीओं, आदान कम्पनियां सहित सम्बद्ध क्षेत्र शामिल है। कृषि आयुक्त गौरव अग्रवाल ने कहा कि मेले में प्रदर्शित ग्रीन हाऊस के माध्यम से बेमौसम की खेती करने, शेडनेट हाऊस के जरिये उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन, जल संरक्षण, प्लास्टिक मल्चिंग के जरिये खरपतवार की रोकथाम और फूड प्रोडक्टों का भी प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही कृषि यंत्र, अत्याधुनिक कृषि मशीनरी और उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर विकसित उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। आयोजन में संरक्षित खेती, सिंचाई, प्लास्टिक मल्च, जैविक कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, पौध संरक्षण रसायन, स्टार्टअप, सोलर पम्प, की प्रदर्शनियां भी लगाई जायेंगी।

### राहत का यूं होगा वितरण

**राज्य** स्तरीय किसान मेले में लंपी राहत राशि प्रदान की जायेगी। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत किसानों और पशुपालकों को प्रति गाय 40 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जायेगी। लम्पी रोग आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। इसके तहत 40 से 50 हजार पात्र पशुपालकों को लगभग 180 करोड़ की राशि उनके खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस आर्थिक सहायता से पशुपालकों को न केवल आर्थिक सम्बल मिलेगा। बल्कि, वे अपने पशुधन में भी वृद्धि कर सकेंगे।

# डेयरी बूथ में सामान्य वर्ग की कटऑफ रही ज्यादा

**280 चयनित होने थे, 8 अधिक को करना पड़ा शामिल, कमेटी करेगी निर्णय**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर में बेरोजगारों को आवंटित हुए डेयरी बूथ में सामान्य वर्ग की कटऑफ ज्यादा होने के कारण चयनित अभ्यर्थियों से 8 अधिक का चयन हुआ है। ऐसे में अब एक कमेटी और बैठेगी जो अधिक चयनित हुए अभ्यर्थियों को भी डेयरी बूथ आवंटन प्रक्रिया में शामिल किया जाना है या नहीं इस पर चर्चा करेगी।

बता दे कि 563 लोगों के लिए डेयरी बूथ आवंटन के लिए निविदा निकाली गई थी। इसमें अब 571 लोगों को चयनित किया गया है। ऐसे में समान्य कैटेगरी में 8 अधिक लोगों का चयन होना परेशानी का सबब बन सकता है। हालांकि संख्या से अधिक लोग होने पर इनको भी प्राथमिकता मिल सकती है। गौरतलब है कि 1872 लोगों को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए चयनित किया गया था। 13 दिनों तक चले साक्षात्कार में 1802 लोग ही उपस्थित हुए थे। इस दौरान 70 लोग अनुपस्थित रहे थे। इसके चलते इन्हें एक विज्ञप्ति जारी कर अनुपस्थित घोषित कर दिया गया। साक्षात्कार के लिए दो पैनल गठित किए गए थे। इसमें पहले पैनल में शिप्रा शर्मा डीसी राजस्व, आरओ रेवेन्यू पवन मथूरिया, एईएन लाइट विकास शर्मा दूसरी पैनल में सोहन राम चौधरी डीसी प्लानिंग, आरओ अजय कुमार और एईएन राजेश मीना को शामिल किया गया था।

### जानें किस कैटेगरी में कितने लोगों का चयन

**विकलांग-** 28; भू.पू. सैनिक (महिला+पुरुष) - 70; अनुसूचित जनजाति (महिला+पुरुष)- 15 अनुसूचित जाति (महिला+पुरुष) - 50, सामान्य महिला - 120
सामान्य अनु.जाति (महिला+पुरुष)- 280+8

**आवंटन** को लेकर 13 दिन तक चले साक्षात्कार में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। सभी वर्ग की कटऑफ जारी की गई। सामान्य वर्ग में कटऑफ ज्यादा होने से 8 अधिक लोगों का चयन हुआ है। कमिश्नर को अवगत करा दिया गया है।

**-शिप्रा शर्मा**, डीसी राजस्व

# वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव 16 से, राजस्थान से 13 संगठन के 24 प्रतिनिधी निमंत्रित!

**'हिन्दू राष्ट्र' के अलावा विकल्प नहीं ! सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगले, राष्ट्रीय मार्गदर्शक, हिन्दू जनजागृति समिति**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** गोवा में गत 11 वर्षों से हो रहे 'अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' के कारण हिन्दू राष्ट्र की चर्चा अब केवल भारत में ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर हो रही है। हिन्दू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो समाज को जोड सकता है, विश्वबंधुत्व की एवं 'वसुधैव कुटुंबकम' की संकल्पना प्रस्तुत कर सकता है। इसलिए भारत के पुनः टुकडे होने नहीं देने हैं, तो भारत को आदर्श रामराज्य अर्थात हिन्दू राष्ट्र बनाने के अतिरिक्त विकल्प नहीं। हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति देने के लिए प्रतिवर्ष 16 से 22 जून 2023 तक 'श्री रामनाथ देवस्थान', फोंडा, गोवा में एकादश 'अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन' अर्थात 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' आयोजित किया गया है। ऐसा हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगले ने पत्रकार परिषद में कहा। राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, झुंझुनूं, ब्यावर, अलवर इन जिलों से 13 संघटन के 24 पदाधिकारी निमंत्रित है ।

इस अधिवेशन का सीधा प्रक्षेपण हिन्दू जनजागृति समिति की वेबसाइट एवं यूट्यूब विश्वभर के हिन्दुत्वनिष्ठ 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव'का लाभ लें। ऐसा आवाहन हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से किया गया। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में अधि. विष्णु शंकर जैन, प्रवक्ता, हिन्दू फ्रंट फॉर जस्टिस तथा सनातन संस्था की प्रवक्ता कु. कृतिका खत्री भी उपस्थित थे । भोजशाला सहित अन्य मंदिरों की मुक्ति पर भी होगा मंथन किया जाएगा। अधि. विष्णु शंकर जैन ने कहा कि काशी, मथुरा, भोजशाला, कुतुब मीनार मुक्ति, प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट, वक्फ एक्ट, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एक्ट, सच्चर कमिटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय, भारतीय संविधान के अंतर्गत आए धर्मनिरपेक्षता शब्द, मंदिर अधिग्रहण इत्यादि के विषम में निरंतर न्यायालयीन संघर्ष कर रहे हैं और हिन्दू राष्ट्र स्थापना हेतु न्यायालयीन संघर्ष करते रहेंगे। मंदिर मुक्ति के माध्यम से हिन्दू राष्ट्र स्थापना में योगदान कर रहे हैं तथा हिन्दुओं को आवाहन करते हैं कि जागृत होकर अपने आस्था के केंद्रों के पुनर्जीवन हेतु संघर्ष करें। इस हिन्दू राष्ट्र महोत्सव से हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति मिलेगी। इस अवसर पर सनातन संस्था की प्रवक्ता कु. कृतिका खत्री ने कहा कि इस बार के अधिवेशन में 'हिन्दू राष्ट्र संसद' इस विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। 'लव जिहाद', 'हलाल सर्टीफिकेशन', 'लैंड जिहाद', 'काशी-मथुरा मुक्ति', 'धर्मांतरण', 'गोहत्या', मंदिर संस्कृति की रक्षा', 'कश्मीरी हिन्दुओं का पुनर्वसन', 'पाकिस्तान एवं बांग्लादेश के हिन्दुओं पर अत्याचार' जैसे विविध विषयों के साथ ही हिन्दू राष्ट्र की नींव रखने के लिए आवश्यक विषयों पर इस महोत्सव में विचारमंथन होगा। अधिवेशन में देश-विदेश के अनेक विद्वान भाग लेंगे।

हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगले ने कहा, इस अधिवेशन के लिए अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, बांग्लादेश, नेपाल सहित भारत के 28 राज्यों के 350 से भी अधिक हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

**ANCHOR** | **जिला स्तरीय प्रतियोगिता**

# विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में लिया बढ़-चढ़कर भाग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ़।** जी 20 देशो की महाराष्ट्र के पुणे में 16 से 18 जून तक प्रस्तावित बैठक से पूर्व बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान की समस्त गतिविधियों का आयोजन सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद कुमार दशोरा ने बताया कि बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान की समस्त गतिविधियों के आयोजन के तहत 1 से 10 जून के मध्य जिले के समस्त विद्यालयों में तीन दिवसीय एफ एल एन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें विद्यार्थियों को गतिविधि आधारित शिक्षण की ओर आकर्षित करने का सफल प्रयास किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को खेल खेल में सीखने पर बल दिया गया। विद्यालय स्तर पर सफल आयोजन के बाद चयनित विद्यार्थियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 12 से 14 जून तक शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय स्टेशन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों की रंगोली, चित्रकला व कविता प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़े उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का नोडल केन्द्रीय विद्यालय को बनाया गया था। कार्यक्रम संयोजक मगनाराम माली ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतियोगिताओं के आरम्भ में विद्यार्थियों को जी 20 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सहायक परियोजना समन्वयक योगेश चन्द्र अडानिया के अनुसार प्रतियोगिता के अन्तिम दिन आज नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य नागरिक, अध्यापक तथा विद्यार्थी भाग लेंगें। कार्यशाला में उपस्थित संभागियो को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान आदि से सम्बन्धित जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला के पश्चात पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

जो दिखेगा वही बिकेगा

आज ही बुक करें विज्ञापन



आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन क्लासीफाइड डिस्प्ले प्रॉपर्टी वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें: 9928022718 9829329070

## जागरूक खबरें

### इसरो चेयरमैन ने कहा- 12 से 19 जुलाई के बीच लॉन्च होगा चंद्रयान-3

जागरूक जनता @ बेंगलुरु। इसरो के मून मिशन चंद्रयान -3 को 12 से 19 जुलाई, 2023 के बीच लॉन्च किया जाएगा। इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ सोमवार को इसरो द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप और स्पेस एग्जीबीशन के उद्घाटन कार्यक्र म में बोल रहे थे।

### तिब्बत के शिजांग में आया भूकंप, 4.3 मापी गई तीव्रता

जागरूक जनता @ नई दिल्ली। तिब्बत के शिजांग में मंगलवार को भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक, सुबह 3:23 बजे यह भूकंप आया। इसका केंद्र जमीन से 106 किलोमीटर नीचे था। अभी तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है।

### काम के दौरान सरकारी कर्मचारी लेंगे योगा ब्रेक, केंद्र सरकार का आदेश

जागरूक जनता @ नई दिल्ली। केंद्र ने अपने कर्मचारियों को तनाव कम करने, तरोताजा रहने के लिए छोटी अवधि का 'Y-ब्रेक- योगा एट ऑफिस चेयर' लेने को कहा है। मंत्रालय ने एक आदेश में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से ऑफिस में लोगों के लिए इस नए योग प्रोटोकॉल को अपनाने और बढ़ावा देने को कहा है।

### बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने ममता बनर्जी को भेजे 600 किलो आम

जागरूक जनता @ कोलकाता। बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गिफ्ट के तौर पर 600 किलोग्राम आम भेजे हैं। बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन के एक अधिकारी ने कहा, राजनयिक प्रयासों के तहत बनर्जी को 'हिमसागर' और 'लंगड़ा' किस्मों के आम भेजे गए हैं। पिछले साल भी हमने आम भेजे थे।

### टीम 10 कर ही रोजाना श्रमदान



जागरूक जनता @ जयपुर। टीम 10 अर्पण एक प्रयास ग्रीन बेल्ट विद्याधरनगर में करती है रोज सुबह श्रमदान इस भीषण गर्मी में भी पेड़ो को पानी उनकी साफ सफाई आदि का कार्य प्रतिदिन किया जाता है। टीम सयोजक मनोज गोयल ने बताया कि टीम 10 के सभी सदस्य रोज नियमित रूप से श्रमदान कर प्रकति को अपना समय देते है।बारिश का मौसम आने वाला है नए पेड़ लगाए जाएंगे साथ ही पेड़ो की देखभाल के लिए उनकी कटाई छटाई और उनमें नियमित खाद व पानी का ध्यान टीम के सदस्य रोज सुबह रखते है। गर्मी को देखते हु पानी के टेंकर दोपहर में टीम द्वारा कॉरिडोर में लगे पौधों में डाला जाता है। टीम संरक्षक सुशील अग्रवाल,भामाशाह रामानंद मोदी आदि काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहते है।

## 21 जून को 4 दिन के दौरे पर अमेरिका जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

# मोदी थाली लॉन्च: अमेरिकी रेस्टोरेंट में मिलेगा तिरंगा इडली और कश्मीर डिश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



ट्रेंटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले न्यू जर्सी के एक रेस्टोरेंट ने मोदी जी के नाम से खास थाली लॉन्च की है। रेस्टोरेंट के शेफ श्रीपद कुलकर्णी ने इस 'मोदी जी थाली' को डिजाइन किया है। इसमें कई भारतीय डिश शामिल हैं। मोदी जी थाली में खिचड़ी, रसगुल्ला, सरसों का साग और दम आलू से लेकर कश्मीरी भोज, तिरंगे के रंग की इडली, ढोकला, छाछ और पापड़ मौजूद हैं। शेफ कुलकर्णी ने बताया कि इस थाली को प्रवासी भारतीयों के सुझाव के आधार पर बनाया गया है। साथ ही इस थाली को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के लिए एक ट्रिब्यूट के तौर पर भी पेश किया गया है। दरअसल, UN ने 2019 में भारत सरकार की पहल पर साल 2023 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित किया था। इसका मकसद मोटे अनाजों के बारे में जागरूकता फैलना है। पीएम मोदी 21 जून को पहली स्टेट विजिट पर अमेरिका जाएंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन स्टेट डिनर भी होस्ट करेंगे। मोदी जी थाली की कीमत फिलहाल सामने नहीं आई है। न्यू जर्सी के रेस्टोरेंट के शेफ ने बताया कि वो जल्द ही भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम पर भी एक स्पेशल थाली लॉन्च करेंगे। उन्होंने कहा- मुझे पूरी उम्मीद है कि ये थाली भी बेहद लोकप्रिय रहेगी। हालांकि, ये पहली बार नहीं है जब किसी रेस्टोरेंट ने पीएम मोदी को थाली समर्पित की है। पिछले साल 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन से पहले दिल्ली के कनॉट प्लेस के Ardor 2.1 रेस्टोरेंट ने 56 इंच की नरेंद्र मोदी थाली नाम की एक स्पेशल थाली लॉन्च की थी।

### भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर अमेरिका

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बिजनेस काउंसिल समिट में कहा- भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी है। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र और सबसे बड़ी डेमोक्रेसी वाले देश के बीच एक खास रिश्ता है। हालांकि, अभी हमें दोनों देशों के बीच ट्रांसपेरेंसी को और बढ़ाना है जिससे हम एक बेहतर ट्रेड रिलेशन स्थापित करते हुए रिश्तों को और मजबूत कर पाएं। 2022 में भारत और अमेरिका के बीच 191 अरब डॉलर का ट्रेड हुआ था। इसी के साथ अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बन गया था।

### दूसरी बार अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। दौरे के तहत पीएम मोदी 22 जून को दूसरी बार अमेरिकी संसद (कांग्रेस) को भी संबोधित करेंगे। इससे पहले उन्होंने 2016 में भी कांग्रेस को एड्रेस किया था। पीएम मोदी ऐसा करने वाले भारत के पहले प्रधानमंत्री होंगे। 21 जून को पीएम मोदी न्यूयॉर्क में UN मुख्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके बाद वो शिकागो में भारतीय समुदाय के साथ एक बड़े कम्युनिटी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

### 6 बार मिल चुके हैं पीएम मोदी-राष्ट्रपति बाइडेन

पीएम मोदी इससे पहले 6 बार अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन से मुलाकात कर चुके हैं। उनकी पहली मुलाकात सितंबर 2021 में अमेरिका में हुई थी। तब दोनों नेताओं ने व्हाइट हाउस में करीब 90 मिनट तक बातचीत की थी। इसके बाद मोदी और बाइडेन अक्टूबर में इटली में G-20 समिट के दौरान मिले थे। दोनों नेताओं की अगली मुलाकात मई 2022 में QUAD समिट के दौरान हुई थी। फिर दोनों जून 2022 में G-7 समिट के दौरान जर्मनी में मिले थे। इसके बाद मोदी-बाइडेन नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में G-20 समिट के दौरान मिले थे। दोनों नेताओं की आखिरी मुलाकात मई 2023 में हुई जब वे जापान के हिरोशिमा में G-7 समिट के लिए पहुंचे थे।

## केंद्र सरकार का छठा रोजगार मेला

# पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 70 हजार से ज्यादा युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 70,126 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आज 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। रोजगार मेला हमारी सरकार की नई पहचान बन गई है। हम इसके प्रति समर्पित भी हैं। रोजगार मेले के दौरान नई नियुक्तियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज, भारत में एक निर्णायक सरकार और राजनीतिक स्थिरता है। राजनीतिक भ्रष्टाचार, सरकारी योजनाओं में विसंगतियां और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग पिछली सरकारों में खूब होते थे। छठे रोजगार मेले में कई केंद्रीय मंत्री भी देश के अलग-अलग हिस्सों से जुड़ें। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चेन्नई से और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी लखनऊ से रोजगार मेले से जुड़ीं। उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे वाराणसी से, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी सिकंदराबाद, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर से और रोड ट्रांसपोर्ट मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से कार्यक्रम में शामिल हुए।

### मोदी बोले- करप्शन बन गया था पहचान

**युवाओं** को नियुक्ति पत्र बांटने के बाद अपने संबोधन में पीएम ने कहा पुरानी सरकारों का काम सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार करना था । भ्रष्टाचार पहचान बन गया था। सब बस अपनी झोली भरने में लगे हुए थे। लेकिन पिछले 9 सालों में भारत की पहचान उसके निर्णायक फैसले से है। हम सब को मिल कर अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। भारत पर पूरी दुनिया विश्वास कर रही है। तमाम विपरीत परिस्थिति के बाद भी भारत अपनी अर्थव्यवस्था को आगे ले जा रहा है। यह हमारे देश के सामर्थ्य का उदाहरण है।

### विपक्ष पर लगाए ये आरोप

**इस** संबोधन के दौरान पीएम ने विपक्षी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा, देश में चल रहा यह रोजगार अभियान पारदर्शिता और सुशासन का जीता जगता प्रमाण है। हमने देखा है कि कैसे हमारे देश में परिवारवादी राजनीतिक दलों ने हर व्यवस्था में भाई-भतीजावाद को बढ़ावा दिया। लालू यादव का नाम लिए बगैर उन्होंने लैंड फॉर जॉब स्कैम का जिक्र भी किया, जिसके आरोप में राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मिसा भारती घिरी हुई है। पीएम ने आगे कहा पहले जब सरकारी नौकरी की बात आती थी तो भी ये भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार ही करते थे। सरकारी नौकरी देने को पहले ये लोग अपने बैंक-बैलेंस को बढ़ाने का मौका समझते थे। देश के करोड़ों लोगों के साथ इन पार्टियों ने विश्वासघात किया है। हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में पारदर्शिता लाई है और हमने भाई-भतीजावाद को भी खत्म किया है।

### कब-कब लगा रोजगार मेला

**बता** दें कि, सरकार से विपक्षी पार्टियां बेरोजगारी पर खूब सवाल उठाती है, यह सवाल उठाना सही भी है। इसी को टैकल करने के लिए सरकार ने पिछले साल 22 अक्टूबर को देश के युवाओं को 2023 के अंत तक 10 लाख सरकारी नौकरियां देने के लक्ष्य से रोजगार मेले का पहला चरण शुरू किया था। इसी कड़ी में वे अभी तक 362000 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर दे चुके हैं।

- » **पहला रोजगार मेला 22 अक्टूबर 2022-** इसमें 75 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर मिले।
- » **दूसरा रोजगार मेला 22 नवंबर 2022-** इसमें 71 हजार से ज्यादा जॉइनिंग लेटर बांटे गए।
- » **तीसरा रोजगार मेला 20 जनवरी 2023-** इस रोजगार मेले में 71 हजार से ज्यादा जॉइनिंग लेटर दिए गए थे।
- » **चौथा रोजगार मेला 13 अप्रैल 2023-** 71 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर दिए गए थे।
- » **पांचवां रोजगार मेला 16 मई 2023-** 70 हजार से ज्यादा लोगों को जॉइनिंग लेटर दिए गए थे।

## हाजी महबूब ने मंसूरी उपरेड़ा से की मुलाकात



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। हाजी महबूब भाई ने पैदल यात्री मुबारक हुसैन मंसूरी उपरेडा से मुलाकात की। भीलवाड़ा शहर अजमेर होते हुए किशनगढ़ जयपुर पैदल यात्रा कर रहे हैं और मंसूरी आयोग का गठन करवाने वाले मुबारक़ अली जी से में मिला तो मेरी आँख में आंसू थे अब हमें ओर कितनी कुर्बानियां देनी पेड़गी मुक्यमंत्री जी आज तक हमारे समाज को कुछ नही दिया अब हम एक माघ कर रहे हैं इस माघ कर रहे इशे तो पूरी कर दे आपकी मरबानी होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी महबूब भाई ने पैदल यात्री मुबारक हुसैन मंसूरी उपरेडा से मुलाकात की भीलवाड़ा शहर अजमेर होते हुए किशनगढ़ जयपुर पैदल यात्रा कर रहे हैं और मंसूरी आयोग का गठन करवाने वाले मुबारक़ अली जी से में मिला तो मेरी आँख में आंसू थे उनके पैरों के छाले जो यह बयां कर रहे थे कि अब तो मंसुरी विकास बोर्ड बन कर रहेगा। अब हमें ओर कितनी कुर्बानियां देनी पेड़गी। मुख्यमंत्री जी आज तक हमारे समाज को कुछ नही दिया। अब हम एक मांग कर रहे हैं इस मांग को तो पूरी कर दे आपकी मेहरबानी होगी।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## डायबिटीज एवं अधिक ब्लड प्रेशर प्रबंधन पर व्याख्यान आयोजित

# तनाव रहित रहकर करें काम-भटनागर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अविकानगर। केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में मंगलम मेडिसिटी हॉस्पिटल जयपुर के डॉ. अमित भटनागर ने अविकानगर के सभागार में डायबिटीज एवं अधिक ब्लड प्रेशर प्रबंधन पर अविकानगर संस्थान के कर्मचारियों को व्याख्यान के माध्यम से संबोधन दिया गया। डॉ भटनागर ने बताया कि शारीरिक व्यायाम, संतुलित भोजन, कम तनाव आदि के द्वारा यह डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप को रोका या कम किया जा सकता है। अविकानगर में आयोजित हेल्थ कैंप के समन्वयक डॉ. दुष्यंत कुमार शर्मा, डॉ. अर्जुन लाल यादव एवं सह समन्वयक भीम सिंह एवं सुरेश दायमा ने किया। मंगलम मेडिसिटी हॉस्पिटल के टीम द्वारा अविकानगर संस्थान के कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया। अविकानगर संस्थान के निदेशक ने सभी कर्मचारियों को डॉ अमित भटनागर द्वारा बताई गई सलाह को मानते हुए अपने काम पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक तनाव रहित रहने की अपील की। अविकानगर संस्थान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुष्यंत कुमार शर्मा द्वारा किया गया। अविकानगर परिवार के सभी सदस्यों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया गया। अविकानगर संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ अमर सिंह मीना ने शेयर की जानकारी।

## हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। अकादमिक सत्र 2023–24 के लिए हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2023 है। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित पूरी जानकारी और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट (https://www.hju.ac.in) पर उपलब्ध है। पत्रकारिता और जनसंचार में 3 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (बीए–जेएमसी) के साथ ही दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एमए (मीडिया स्टडीज), एमए (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) एमए (विज्ञापन एवं जनसंपर्क) एमए (न्यू मीडिया) और एमए (विकास संचार) के लिए आवेदन किया जा सकता है। साथ ही स्ववित्तपोषित पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों–पीजी (डिप्लोमा इन डैस्कटॉप पब्लिशिंग) पीजी डिप्लोमा इन फोटोग्राफी, पीजी डिप्लोमा इन ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म और पीजी डिप्लोमा इन पब्लिक हेल्थ एंड मास कम्युनिकेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) सुधि राजीव ने बताया कि 2023–24 सत्र से पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप संचालित होंगे। मीडिया क्षेत्र में जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है।

# पीकअप से 492 किग्रा अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त, चालक गिरफ्तार

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चितौड़गढ़। डीएसटी व शंभूपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार तड़के नाकाबंदी के दौरान शम्भुपुरा थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 4 क्विंटल 92 किलोग्राम 100 ग्राम अवैध डोडा चूरा व पिकअप को जब्त कर पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला विशेष टीम में पदस्थापित कांस्टेबल दिनेश को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि अवैध डोडा चूरा से भरी हुई एक पिकअप शंभूपुरा के सावा से होकर कन्नौज रोड़ की तरफ जाने वाली है। सूचना विश्वसनीय होने के कारण डीएसटी ने उक्त सूचना से थानाधिकारी शंभूपुरा अध्यात्म गौतम को अवगत कराया। थानाधिकारी शंभूपुरा मय जाप्ता व डीएसटी ने सावा गांव स्थित तमन्ना महल के पास सावा-कन्नौज रोड पर पहुंच नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध पिकअप आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस टीम ने हाथ का इशारा देकर रुकवाने का प्रयास किया।

पुलिस टीम को देखकर चालक पिकअप को तेज गति से भगाने लगा जिससे पिकअप रोड से नीचे खड्डे में गिरकर रुक गई। पिकअप की खलासी साइड से दो व्यक्ति बाहर निकल कर झाड़ियों की तरफ भागे जिनका पुलिस टीम ने काफी पीछा किया लेकिन जंगल होने के कारण दोनों भागने में सफल रहे। वाहन चालक ने भी भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस जाप्ते ने मुश्किल से पकड़ा। पुलिस ने नियमानुसार पिकअप की तलाशी ली तो 23 प्लास्टिक के कट्टों व एक कपड़े बोरे में भरा हुआ अवैध डोडा चूरा मिला। पुलिस ने नियमानुसार डोडा चूरा का वजन किया तो कुल वजन 492.100 किलोग्राम हुआ। पुलिस ने उक्त अवैध अफीम डोडा चूरा को जब्त कर उदयपुर जिले के वल्लभ नगर थाना क्षेत्र के डांगी खेड़ा गांव निवासी दुर्गाशंकर पुत्र मांगीलाल डांगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस थाना शम्भुपुरा पर जब्त की गई पीकअप के चालक व भागने वाले आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में हेड कानि भूपेंद्र सिंह, महावीर कुमार, कानि मुनेंद्र सिंह, अजय, दुर्गाराम, दिनेश, जीतराम, पूनमचंद, प्रकाश चंद्र, चालक कानिस्टेबल गजेंद्र सिंह का सहयोग रहा।

**मारूति कार से 33 किलो डोड चूरा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार :** जिले के राशमी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक मारुति कार से 33 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से बच कर भागते कार पलटी खाने से डोडाचूरा के साथ आरोपी पकड़ाया।

## राजस्थान आवासन मंडल की झोली में आए 4 और प्रतिष्ठित अवार्ड

# प्रतिष्ठित पुरस्कारों से लकदक हुआ राजस्थान आवासन मंडल

### सिटी पार्क, कोचिंग हब, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री प्रहरी-अध्यापक आवासीय योजना को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा

### बोर्ड को 4 वर्षों में मिले 21 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा जब बोर्ड की झोली में 4 राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड आए। शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई आईबीसी (इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस) ने मंडल के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया। दिल्ली के एपी शिंदे सिंपोजियम में आयोजित भव्य समारोह में सीपीडब्ल्यूडी के पूर्व निदेशक शैलेंद्र शर्मा, हुडको के पूर्व निदेशक वी सुरेश, आईबीसी के चेयरमैन विजय सिंह वर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद वालिया उपस्थित रहे। मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय) विजय अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त (सिटी पार्क) केके दीक्षित, उप आवासन आयुक्त एच आर दुपका, आवासीय अभियंता जीपी अग्रवाल और रोहित सिंह ने हजारों लोगों की उपस्थिति में विभिन्न सम्मान ग्रहण किए।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं बल्कि पूरी टीम का होता है। विगत 4 वर्ष पूर्व आमजन का विश्वास आवासन मंडल से पूरी तरह उठ गया था, मंडल लगातार घाटे में जा रहा था लेकिन मंडल के अधिकारियों और कार्मिकों की ऊर्जा ने नामुमकिन को भी मुमकिन कर दिखाया। उन्होंने कहा कि मंडल की झोली में निरंतर पुरस्कारों का डलना मंडल की आमजन के प्रति प्रतिबद्धता व मेहनत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा। गौरतलब है कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा की अगुवाई में पिछले चार वर्षों में मण्डल को कुल 21 अवार्ड मिल चुके हैं। इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस, स्कॉच अवार्ड-2021, अवार्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवार्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवार्ड' और नरेडको द्वारा दिए 'रियल एस्टेट कॉन्क्लेव' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार के समर्थन से स्थापित यह निकाय हर साल विभिन्न श्रेणियों के भवनों में 'निर्मित पर्यावरण में उत्कृष्टता' (एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट) के लिये आईबीसी अवार्ड प्रदान करता है।

### राष्ट्रीय स्तर पर सराहे गए मंडल के चारों प्रोजेक्ट्स रहे चर्चा में

दिल्ली के भव्य समारोह में सराहे गए सिटीपार्क, कोचिंग हब, चौपाटी और शिक्षक प्रहरी आवास योजना इससे पूर्व भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी चर्चित रह चुके हैं। टिकट लगने के बावजूद भी सिटी पार्क में प्रतिदिन हजारों की संख्या में स्थानीय और विदेशी पर्यटक इसकी खूबसूरती का दीदार करने आते हैं। प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूज़ीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरुआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो दो अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं। चौपाटियों पर चलने वाला लाइव बैंड के आगंतुक खासे मुरीद हैं। प्रताप नगर में बना कोचिंग हब देश का पहला ऐसा संस्थान है, जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन में निजी कोचिंगें एक साथ संचालित होने को हैं। इनके अलावा प्रदेश में शिक्षक और कांस्टेबल के लिए पहली बार बनी आवास परियोजना रही जहां रहवासियों को स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स अरेना, कम्युनिटी एरिया, लैंड स्कैपिंग तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

### टीम भावना और प्रोत्साहन के लिए भेजे अधिकारी

**मंडल** आयुक्त पवन अरोड़ा ने टीम भावना और अधिकारियों के प्रोत्साहन के चलते स्वयं ना जाकर पुरस्कार ग्रहण करने के लिए इंजीनियर्स को दिल्ली भेजा। इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों के लिए आयुक्त ने मंडल के अन्य अधिकारियों को भेज कर उनका उत्साह बढ़ाया।

## जागरूक खबरें

### छात्राध्यापकों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा भारत के सम्मान में जी 20 की अध्यक्षता के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् के निर्देश पर जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेवाड़ कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग गंगरार के छात्राध्यापकों व छात्राध्यापिकाओं ने प्राध्यापिका डॉ किरण त्रिपाठी के संयोजन में जी 20 के संदर्भ में विश्व एक परिवार होने के संदेश पर केन्द्रीत रंगोली बनाने में उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रारम्भ में प्राचार्या डॉ. अरुणा दुबे ने छात्राध्यापकों को जी 20 के संबंध में कलाकौशल के साथ रंगोली सम्बंधी मार्गदर्शन किया। इसके बाद निर्णायक मंडल द्वारा अवलोकन कर परिणाम घोषित किया गया। प्राध्यापिका मंजु चाष्टा ने निर्णायकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विद्या जटिया एवं सुमन, द्वितीय स्थान मस्तीराम एवं निशा प्रजापत तथा तृतीय स्थान सुमन कंवर चौहान एवं मोनिका श्रीवास्तव के ग्रुप ने प्राप्त किया।

# कांग्रेस सरकार जनता को राहत कैंप के नाम पर धक्के खिला रही- महेन्द्रसिंह

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के साथ पीपाड़ शहर में राहत कैंप में वर्तमान बोर्ड व सरकार के नुमाइंदे भेदभाव रवैए से पेश आ रहे है। कर्मचारी भी नदारद रहते है पुर्व चैयरमेन महेन्द्रसिंह कच्छावाह ने कैंप का औचक निरीक्षण किया और पार्षद ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारीगण और वर्तमान चैयरमेन को फोन पर अवगत कराने के लिए भी फोन किया लेकिन कोई फोन का प्रतिउत्तर नही दिया। यह आमजन के साथ धोखा हो रहा है और इसमें जरूरत को कोई लाभ नही मिल रहा है। चुनावी साल में वोटरों का दर्द महसूस करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा और मंहगाई राहत शिविर सहित अनेक मुद्दों पर घेरा। कच्छावाह ने आरोप लगाया कि चुनावी वर्ष में सरकार वोट बटोरने के लिए जनता को राहत कैंप के नाम पर धक्के खिला रही है। वार्ड 27 भाजपा पार्षद गोमती देवी ने गहलोत सरकार पर निशाना साधा. सरकार को



पेयजल समस्या, बिजली कटौती, बिजली सरचार्ज में बढ़ोतरी, कोयला संकट, भ्रष्टाचार, महंगाई राहत कैंप में आमजन को परेशानी सहित हर मुद्दे पर आड़े हाथों लिया।

शहर के पुर्व चैयरमेन कच्छावाह ने आरोप लगाया कि चुनावी वर्ष में सरकार वोट बटोरने के लिए जनता को राहत कैंप के नाम पर धक्के खिला रही है. जिस प्रकार सरकार ने घोषणा की थी कि बिजली दरें नहीं बढ़ाएंगे लेकिन फिर भी सरचार्ज लगाकर बढ़ोतरी कर दी गई है. कांग्रेस खुद दो धड़ों में बंटी हुई है, उनकी लड़ाई सड़कों पर आ चुकी है. सत्ता के लालच में कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में झगड़ रहे हैं हर रोज शहर में अपराध बढ़ रहे है कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है. इसके अलावा पेयजल व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है. शहर की जनता प्यासी है, और कहा कि व्यवस्था नही सुधरी तो आने वाले समय में भाजपा की ओर से बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दूसरे घर पीपाड़ शहर में भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के वार्ड में कैंपों के यह हालात बने हुए हैं सिर्फ नाम के कैंप लगते हैं काम किसी का नहीं होता है बहुत ही बड़े दुर्भाग्य की बात है की पीपाड़ शहर में कैंप के नाम पर सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम किया जा रहा है सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है सिर्फ सरकारी खजाना को लूट करके सरकार अपने नाम के लिए जनता को गुमराह कर रही है।

**महेंद्र सिंह कच्छावाह,** पूर्व चैयरमेन नगर पालिका, पीपाड़ शहर

## विश्व रक्तदाता दिवस-विशेष

# कई जिस्मों में जिंदा रहने की साधना : रक्तदान



**भगवा प्रसाद गौड़**
सामाजिक विचार पत्रकार
@jagrukjanta.net

**विज्ञान** ने सबकुछ बना लिया, चांद -तारों तक उसकी पहुंच है। लेकिन वो आजतक नहीं बना सका और शायद बना भी नही पायेगा, वह है - रक्त। कोई ऐसी मशीन नहीं बनी जिससे खून बनाया जा सके ऐसे में जरूरत पड़ने पर एक इंसान का खून ही दूसरे को चढ़ाया जाता है। यह कहना गलत नहीं है कि रक्त अमूल्य है मनुष्य जीवन के लिये। खून के बिना शरीर मांस और हड्डियों से बना सिर्फ एक कंकाल रह जाता है। खून की कमी से व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ सकता है। इस कमी को दूर करने के लिए हर साल लाखों-करोड़ो लोग रक्तदान करते हैं। बावजूद इसके रक्तदान को लेकर जितनी जागृति होनी चाहिये उतनी हुई नहीं है। रक्तदान को लेकर लोगों के मन में गलत धारणाएं आज भी मौजूद हैं। वे ऐसा सोचते है कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती हैं और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं। जिसे मेडिकल साइंस ने सिरे से खारिज किया हैं। रक्तदान हम सभी की सामूदायिक जिम्मेदारी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल में जाने वाले सात लोगों में से लगभग एक व्यक्ति को खून की जरूरत होती हैं। कई बार खून न मिलने से जान जाने से कई परिवार संकट में आ जाते हैं।

अमेरिका जैसे विकसित देश में भी रक्तदाताओं की कमी एक बड़ी समस्या है। अमेरिकन रेडक्रास के मुताबिक यूएस में हर दो सैकण्ड में किसी न किसी को खून की जरूरत पड़ती है। जनवरी 2022 में अमेरिकन रेडक्रास ने बताया कि ओमिक्रॉन उछाल के बीच एक दशक में रक्त उपलब्धता की सबसे खराब स्थिति रही। वहीं भारत में आबादी का केवल 37 प्रतिशत हिस्सा ही रक्तदान करने योग्य है। उसमे से भी 10 प्रतिशत से कम लोग ही हर साल रक्तदान करते हैं। रक्त प्रकृति प्रदत्त सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की मदद कर सकते हैं। रक्तदान शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता बल्कि इससे स्वास्थ्य की दृष्टि से कई लाभ होते हैं।

**स्वस्थ व्यक्ति कब व कितनी बार कर सकता है दान** - स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक एक स्वस्थ इंसान को हर तीन महिने में रक्तदान करना चाहिए। शरीर में 90 से 120 दिन के अन्दर रेड ब्लड सेल्स स्वतः खत्म हो जाते है और नये सेल्स बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है और वह किसी भी मौसम में किया जा सकता हैं।

**सहनशीलता बढ़ाने में उपयोगी** - मोटापे और अधिक वजन से परेशान लोगों के रक्तदान करने से उनका वजन कम होता है। रक्तदान से सहनशक्ति भी बढ़ती हैं। रक्तदान से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि** - स्वास्थ्य के लिये रक्तदान लाभकारी है। जब कोई व्यक्ति डायलिसिस या रक्तदान से गुजरता है, तो प्लीहा, लाल रक्त कोशिकाओं के लिए जिम्मेदार अंग पूरी तरह से नई एनर्जी के साथ काम करने लगते हैं। रक्त प्लाज्मा में भी ल्यूकोसाइट्स की वृद्धि होती है। जो हमारी प्रतिरक्षा कोशिकाएं हैं। ये हमें कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाती हैं।

**हृदय रोग का खतरा होता है कम** - नियमित रक्तदान करने से शरीर में आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है। रक्त में आयरन की उच्च मात्रा धमनियों को ब्लॉक करने लगती हैं। जिससे रक्तसंचार ठीक प्रकार से नहीं हो पाता और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। रक्तदान से हृदय रोग की संभावना घट जाती है।

**नहीं होता है कैंसर** - खून में आयरन जमा होने से ब्लड कैंसर का खतरा बढ़ जाता है लेकिन रक्तदाताओं को शरीर में आयरन के जमाव से छुटकारा मिलने लगता है।

**मेंटल हेल्थ के लिये लाभकारी**- रक्तदान के यूं तो कई लाभ है लेकिन बड़ा लाभ मनोवैज्ञानिक है। जब आप रक्तदान करते हैं तब मन में एक सुखद अनुभूति होती हैं। आपके रक्तदान से किसी को कहीं न कहीं जीवनदान मिल जाता है। आपात स्थिति में किसी की जान बचाने की आपकी खुशी अद्भुत होती है। इस मदद से मेंटल हेल्थ में सुधार होता ही है इससे व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत भी बनता है। रक्तदान न केवल महादान है, बल्कि कई घरों के बूझते चिरागों को ज्योतिर्मय करने का पुण्य अवसर और कई लोगों को प्राणदान देते हुए उनके दिलों में अपने को जिंदा रखने की साधना हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# योग शिविर के सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ में दी आहुतियाँ





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहे इस भाव के तहत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर जी, नगर निगम ग्रेटर की पहल पर आयोजित जयपुर योग महोत्सव 2023 के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्टी गिनती कार्यक्रमों की श्रृंखला में 10 दिन शेष होने के अवसर पर माननीया महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर जी की अध्यक्षता में गायत्री सप्त क्रान्ति ट्रस्ट एवं नगर निगम ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान नगर विस्तार विकास समिति के सहयोग से पवन वाटिका, जनक मार्ग, हनुमान नगर विस्तार, सिरसी रोड़ पर मंगलवार को प्रातः 6 से 7 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया।

योग की शुरुआत 15 मिनट के सूक्ष्म गायत्री महायज्ञ से हुई, जिसमें गायत्री महामंत्र की आहुतियाँ समर्पित की गयी। इस नवाचार को महापौर सहित सभी ने सराहा तथा अब अब से आगे आने वाले प्रत्येक योग कार्यक्रम का शुभारंभ इस सूक्ष्म यज्ञ से से ही किया जाएगा मंगलवार को हुए इस योग शिविर में वैशाली नगर, सिरसी रोड़ एवं चित्रकूट के निवासी भाई-बहिनों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के आसन एवं प्राणायाम सीखें। योग शिविर मुख्य योगाचार्या हेमलता शर्मा योगास्थली के द्वारा कराया गया। योग शिविर के अंत में एक नन्ही से बालिका प्रिया ने बहुत ही क्लिष्ट आसनों का प्रदर्शन कर सभी को हतप्रभ कर दिया। सभी ने प्रदर्शन को बहुत ही सराहा एवं प्रेरणा ली। योग शिविर में महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, मेघ सिंह, स्थानीय 8 वार्डो के पार्षद वीरेंद्र सिंह जी, गणेश सिंह नाथावत, विजेंद्र पाल सिंह, अजय सिंह चौहान, सुमेर सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, शेर सिंह धाकड़, राम किशोर प्रजापति तथा अन्य गणमान्य महानुभाव यथा रामकुमार जी मास्टर जी अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह जी उपाध्यक्ष हनुमान नगर विस्तार विकास समिति मौजूद रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर युग साहित्य एवं मंत्र पट्टी भेंटकर स्वागत किया गया। गायत्री परिवार के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी साहित्य का वितरण एवं स्टॉल लगाई गयी।



# रस्साकस्सी प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाया दमखम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक चंद्रभान सिंह आक्या की मेजबानी में चित्तौड़गढ़ विधानसभा खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रवीण सिंह राठौड़ ने बताया कि खेलों के तीसरे दिन सोमवार सांयकाल देर रात्री तक क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल व रस्साकस्सी के मेच आयोजित किये जाते रहे। दुधिया रोशनी में आयोजित मेचो के दौरान खिलाड़ियो का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओ की रस्साकस्सी में घोसुण्डा महिला मण्डल की अध्यक्ष रोशन अहीर के नेतृत्व में ग्राम रामाखेड़ा की टीम में तीन सगी बहने कैलाशी कुमावत, रतनी कुमावत व प्रेम कुमावत अपनी टीम को जिताने के लिये जोर आजमाईश करती रही। उन्होंने खेल महाकुंभ में खुशी जाहिर करते हुए बताया कि तीनो बहने पहली बार गांव से बाहर किसी प्रतियोगिता में शामिल हुई है। यहां आकर उन्हे पता चला की खेलो में भी आगे बढ़ने के इतने अवसर मिलते है, अब वे प्रतिदिन स्वयं तो खेल को अपने जीवन में अपनाएगी साथ ही गांव की लडकियों एवं महिलाओ को खेल के प्रति प्रेरित करेंगी। राजस्थान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान सुमीत्रा जाट ने विधायक खेल महाकुंभ में प्रत्येक मैदान में जाकर खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर उनका होसला बढ़ाया। उन्होने खेल महाकुंभ की व्यवस्थाओ की तारीफ करते हुए कहां कि ऐसे आयोजन होते रहने से प्रतिभाओ को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगें। खेल महाकुंभ में मंच पर विभिन्न समाजों, क्लबो व संस्थाओ के पदाधिकारियो का जिला प्रमुख सुरेश धाकड़ व पूर्व सभापति सुशील शर्मा की उपस्थिति में अभिनंदन किया गया।

### खेल मैदान बना जंग का मैदान

विधायक खेल महाकुम्भ का मैदान युद्ध के अखाड़े में तब्दील हो गया, जहा कबड्डी मैच के दौरान आमने सामने खेल रखी टीमों के खिलाडी आपस भीड़ गए। इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित विधायक खेल महाकुम्भ में कबड्डी प्रतियोगिता में बस्सी और चंदेरिया टीम के बीच मैच चल रहा था, उस दौरान अचानक मैच रहे खिलाडी किसी बात पर आपस में उलझने लगे, बात हाथपाई तक जा पहुंची जिसके चलते मैच का मैदान अखाड़े में तब्दील हो गया। काफ़ी देर तक चले लाते घुसे के बीच विधायक चंद्रभान सिंह आक्या बीच बचाव करते हुए खिलाड़ियों का समझाईश के प्रयास कर माहौल शांत कराया।

# प्राचीन जल स्त्रोत झालीबावं का होगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** नगर परिषद द्वारा शहर के प्राचीन जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार एवं सौंदर्यकरण के कराए जा रहे कार्य का राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत एवं सभापति संदीप शर्मा ने मौका निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्राचीन बावडी झालीबाव स्थित होकर यह पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, नगर परिषद द्वारा इसके पुनरुद्धार एवं सौंदर्यकरण पर एक करोड़ 8 लाख रुपए व्यय कर इसको नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत इस बावड़ी में सीढ़ियो का नया स्वरूप दिया जावेगा, इसके साथ ही पूरी बावड़ी में धौलपुरी लाल पत्थर लगाकर इसे पूरा सुन्दर स्वरूप एवं पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जोवगा। इसके साथ ही शहर के वार्ड नंबर 44 में बनाई जा रही सीसी सड़क एवं गांधीनगर से चामटीखेड़ा को जोड़ने वाले हाईवेल ब्रिज के अन्तिम चरण के रिवाल्विंग बॉल एवं अंतिम स्पान के कार्य का मौका निरीक्षण करते हुए संबंधित तकनीकी अधिकारियों को ब्रिज को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद बालमुकुंद मालीवाल, देवराज साहू, सहायक अभियन्ता मुनीर अली, कनिष्ठ अभियन्ता हरिमोहन प्रजापति, जागृति बंसल, नगेंद्र सिंह राठौड़, राजेश सोनी, गोपी खटीक, नवरतन जीनगर, शंभू लाल प्रजापत, विनोद लड्ढा, गुलाम रसूल खान, आरिफ हुसैन सहित अन्य क्षैत्रवासी उपस्थित रहे।

# यूथ कांग्रेस ने की संसद भवन में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने की मांग

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चुंडावत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल से मिलकर नए संसद भवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। केंद्र सरकार ने भारत के सभी महा पुरुषों की तस्वीर या मूर्ति लगाई है लेकिन वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति नहीं है, जिन्होंने अपने प्राण की रक्षा नहीं करते हुए इस मेवाड़ को गुलाम होने से बचाया था। हृदय सम्राट महाराणा प्रताप के इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता। ज्ञापन के दौरान महेंद्र सिंह शक्तावत, नितिन वर्मा, संजय रेगर, रामेश्वर माली, कमलेश माली, कृष्ण पाल सिंह सोलंकी, खूमेंद्र गुर्जर, कुलदीप सिंह राणावत, पृथ्वीराज सिंह सिसोदिया, इरफान खान, रिजवान खान, पंकज तंबोली ,मनोज सेन, देव व्यास, राहुल सिंह सोलंकी, नितेश रेगर आदि यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बेजुबानों के लिए बांधे परिण्डे



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की ओर से हर वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए परिंदो के लिए परिंदा अभियान कार्यकम की मुहीम की जाती है जिसमे हर वर्ष 5100 परिंडे. जयपुर शहर में लगाए जाते है। 2023 के कार्यर्₹ म की शुरुवात आज 27 मई को रामबाग सर्किल स्तिथ वेदा पणिग्रह मैरिज गार्डन से की गयी थी और परिंडे लगाए गए। इसके चलते अलग- अलग संस्थाओ के साथ संस्था द्वारा परिंडे लगाए जाते है। 13 जून को महिमा आई. आर. आई. स. सोसाइटी में परिंडे लगाए गए। इलीट मिस राजस्थान के डायरेक्टर गौरव गौर ने बताया भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए एक छोटा सा प्रयास किया गया है, आप भी इस मुहीम का हिस्सा बने और सोसाइटी के लिए कुछ अच्छा कार्य करे। साथ ही ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कोमल चौहान ने गौरव गौर का आभार व्यक्त किया, साथ ही तन्नू चौधरी, देवश्री हाडा, वरुणावी सिंह, खुशी विजय, नवीन मौजूद रहे।

ANCHOR

## अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ

# संत तुकाराम महाराज जी की पालखी में सेवा साधना

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पुणे।** अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ महाराष्ट्र में निकलनी वाली सभी डांडियों, पालखियों में सेवा साधना का प्रयास कर रहा है। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ गजानन महाराज जी की पालखी में वारी यात्रा मार्ग में सेवा साधना किया, आज संत तुकाराम महाराज जी की पालखी में सेवा साधना किया। निगड़ी में आज संत तुकाराम महाराज जी की पालखी यात्रा पंहुची। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ ने सेवा साधना से संत तुकाराम महाराज जी की पालखी एवं माउली श्रद्धालु भक्तों का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के पदाधिकारियों, वालेंटियर्स द्वारा जल सेवा किया गया। झाड़ू लगाकर एवं कचड़ा एकत्र कर स्वच्छता का संदेश दिया। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के सेवा साधना से राजनीतिक दल प्रभावित हुए। शिवसेना



और कांग्रेस दोनों राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपने मंच पर आमंत्रित कर उत्कृष्ट सेवा साधना के लिए सम्मानित किया। दोनों राजनीतिक दलों के मंच पर अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ की राष्ट्रीय समन्वयक एवं महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी मनीषा पटेल एवं मातृशक्ति विंग की राष्ट्रीय संयोजक यशश्री विश्वास तावसे को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के साधकों ने चिलचिलाती धूप में अपनी सेवा साधना किया। अखिल भारतीय मां नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के पदाधिकारी सुश्री मनीषा पटेल राष्ट्रीय समन्वयक एवं महाराष्ट्र प्रभारी, यशश्री तावसे जी राष्ट्रीय संयोजक मातृशक्ती विंग

डॉ सुरुची नाईक जी राष्ट्रीय महासचिव पर्यावरण विंग, श्री उपेंद्र पेंडसे जी राष्ट्रीय संयोजक डीजीटल मीडिया एवं सोशल मीडिया, श्री लक्ष्मण सीताराम पाटील जी राष्ट्रीय सह संयोजक परिक्रमा वासी विंग, श्री सुधीर कुलकर्णी जी महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक श्री दिलीप महाराज ठाकरे जी शास्त्र प्रचार प्रसार विंग महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक, श्रीमती माधुरी घाणेकर जी मातृशक्ति विंग महाराष्ट्र प्रदेश संयोजक श्रीमती रूपा अक्षीकर जी पश्चिम महाराष्ट्र संयोजक, श्री अशोकराव चव्हाण जी पश्चिम महाराष्ट्र महासचिव, डॉ सुनीता उत्तरवार जी मातृशक्ति विंग मुंबई संयोजक, श्री श्रीधर कुरूहाडे जी शास्त्र प्रचार प्रसार विंग महाराष्ट्र प्रदेश सह संयोजक, श्रीमती मनीषा गवळी जी सेवा विंग महाराष्ट्र सह संयोजक, श्री संदीप शिंदे जी पिंपरी चिंचवड संयोजक, श्रीमती स्नेहा शिंदे जी सदस्य, श्रीमती शर्वरी शिंदे जी सदस्य श्रीमती श्रुती शिंदे जी सदस्य श्री संतोष ताम्हणकर जी पिंपरी चिंचवड महासचिव, श्रीमती वर्षा ताम्हणकर जी सदस्य, श्री रविंद्र भिसे जी शास्त्र प्रचार प्रसार विंग पुणे जिल्हा संयोजक, श्रीमती अंजली भिसे जी सेवा विंग पुणे जिल्हा संयोजक, श्री रमेश जोगळेकर जी सेवा विंग पुणे जिल्हा महासचिव, श्रीमती माधुरी जोगळेकर जी सेवा विंग पुणे जिल्हा सह संयोजक, श्रीमती अरुणा रामेकर जी मातृशक्ति विंग पिंपरी चिंचवड संयोजक, श्रीमति वंदना मराठे जी, मातृशक्ति विंग मुम्बई, श्री दत्तात्रय गवारे जी शास्त्र प्रचार प्रसार विंग पुणे जिल्हा सह संयोजक, श्रीमती स्वाती पिटके जी मातृशक्ति विंग पिंपरी चिंचवड सह संयोजक, श्रीमती कल्पना टंगसाळे जी मातृशक्ति विंग पुणे जिल्हा सहसंयोजक, श्री गणेश शिंदे जी, संयोजक, बारामती श्री संजय दातार जी, सदस्य, श्री गिरीश पाटिल जी, सदस्य आदि सेवा साधकों ने साधना किया।

# ठगी पीड़ित निवेशकों ने भुगतान के लिये एक खिड़की खोलने की रखी मांग

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** ठगी पीड़ित निवेशकों ने ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के तत्वाधान में संयुक्त निवेशक संघ के राष्ट्रीय संयोजक भरत कुमावत, देवी लाल, कान्ति लाल शर्मा, सुनील टांक, दीपक अग्रवाल, प्रमोद मूंदड़ा, दिलीप सुराणा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल तथा अतिरिक्त कलक्टर अभिषेक गोयल से मुलाकात कर लाखों की संख्या में पीड़ित निवेशकों को बड्स एक्ट के तहत भुगतान आवेदन जमा करने हेतु प्रत्येक तहसील स्तर तक भुगतान करवाने के लिए एकल खिड़की खोले जाने के लिए प्रशासनिक प्रबंध करवाने की मांग की। जिला कलक्टर कार्यालय स्थित गार्डन में आयोजित बैठक में आगामी चुनावों में निवेशकों के भुगतान को प्रमुख मुद्दा बनाने, निवेशकों में जन जागृति लाने, एजेंट्स की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने, बड्स एक्ट के तहत सभी निवेशकों के फॉर्म भरवाने तथा निवेशकों को भुगतान दिलवाने के लिए सभी एजेंट्स, एडवाइजर्स, कर्मचारियों एवं पीड़ित कंपनी के निवेशकों को एकजुट करने के उपायों पर चर्चा की गयी। बैठक में सत्यनारायण धाकड़, दीपक अग्रवाल, मिठुलाल डांगी, सत्यनारायण छीपा, कान्तिचन्द शर्मा, सुरेश चन्द्र कुम्हार, बन्शी लाल डांगी, शान्ति लाल प्रजापत, रतन लाल, रोशन लाल धाकड़, बाल किशन, नाना लाल गर्ग, ललीत कुमार धाकड़, बालु राम कुम्हार, राम लाल शर्मा, प्रमोद कुमार मूंदड़ा, अनिल खटोड़, सुनील कुमार टांक, श्याम लाल चोटिया, राम चन्द्र धाकड, धनराज धाकड़ आदि उपस्थित थे।








## सड़क पर धरने पर बैठे जोशी, राठौड़ और मीणा

# भाजपा नेताओं ने दीं गिरफ्तारियां



सभी फोटो : अमित काला

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के खिलाफ जयपुर में बीजेपी ने बड़ा प्रदर्शन किया। चंद्र प्रकाश (सीपी) जोशी के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जयपुर में बड़ा प्रदर्शन हुआ है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस आमने-सामने हो गए।

बीजेपी मुख्यालय पर जमावड़े के बाद सैकड़ों कार्यकर्ता-नेता सचिवालय की ओर बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें स्टेच्यू सर्किल पर रोक लिया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कर आगे बढ़ने की कोशिश की पर पुलिस की संख्याबल के आगे उनकी नहीं चली। वे वहीं कांग्रेस सरकार और सीएम गहलोत के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। बड़े नेताओं की मौजूदगी में वहीं धरना-प्रदर्शन करते रहे। सीपी जोशी, राजेन्द्र राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने गिरफ्तारियां भी दी। सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा को घायल होने पर स्र्स्स अस्पताल ले जाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और श्रवण सिंह उनसे मिलने पहुंचे।

### राठौड़ बोले- सरकार जाएगी नहीं, डिलीट होगी

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस सरकार पर सियासी हमला करते हुए कहा कि यह सरकार जाएगी नहीं, डिलीट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कहा जाता था चेचक का रोगी बताओ 10 हजार पाओ। अब वो समय आएगा जब कहा जाएगा कि कांग्रेस का विधायक बताओ, 1 लाख रुपए पाओ।

### लाहोटी बोले- पैसे अकाउंट में आ जाएं, तभी मोबाइल खरीदना

वहीं, बीजेपी मुख्यालय पर विधायक अशोक लाहोटी ने कहा- पहले सरकार ने महिलाओं को मोबाइल देने की घोषणा की थी। अब कह रही है, हम खाते में पैसे देंगे। महिलाएं खुद मोबाइल खरीद लें। मैं महिलाओं से कहना चाहता हूं कि पहले पैसे अकाउंट में आ जाएं, तभी मोबाइल खरीदना। इस सरकार के पास पैसे ही नहीं हैं। कहीं आप मोबाइल भी खरीद लो और पैसे भी नहीं आएं।

### जोशी के पीएसओ की पिस्टल गायब

प्रदर्शन के दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के पीएसओ की पिस्टल गायब हो गई। अशोक नगर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। इसमें पीएसओ महेन्द्र मीणा ने बताया है कि धरना प्रदर्शन के दौरान उसकी सरकारी पिस्टल को अज्ञात व्यक्ति ने निकाल लिया।

### ज्ञानदेव आहूजा के बिगड़े बोल

बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा ने कहा- राहुल गांधी और अशोक गहलोत जूते खाने का काम करते हैं। इनकी मोहब्बत की दुकान ने 1947 में लाखों लोगों को मरवाया। 1984 में हजारों सिखों को मरवाया। वहीं, 1990 में करीब 2 हजार कश्मीरियों को मरवाने का काम किया हैं। प्रभारी अरुण सिंह ने कहा- इस बार तो गहलोत सरकार जाएगी ही। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने सचिवालय जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। वहीं, पुलिस के बैरिकेड्स और ट्रैफिक डायवर्ट करने से सुबह से ही आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा, सांसद रामचरण बोहरा, सांसद राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, जयपुर शहर के विधायक व विधायक प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहे।

---

**यूआईटी और विकास प्राधिकरण के कमिश्नर की पॉवर बढ़ाई**

# 25 हजार वर्गमीटर जमीन की कर सकेंगे 90ए

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मौजूदा गहलोत सरकार के कार्यकाल के अब केवल 3-4 माह का समय बचा है। ऐसे समय में कोई गलत या विवादित मामले की फाइल पर हस्ताक्षर करके न फंसे इसके लिए मंत्री अभी से काम से दूरी बनाने लगे है। नगरीय विकास विभाग में ऐसा हाल ही में जारी हुए आदेशों में देखने को मिल रहा है। भूमि अवाप्ति के मुआवजे संबंधि पॉवर अधिकारियों को देने के बाद अब मंत्री ने एग्रीकल्चर जमीन की 90ए और उसके पट्टे जारी करने के अधिकारी भी अधिकारियों को दे दिए।

नगरीय विकास विभाग से जारी आदेशों के मुताबिक सरकार ने अब विकास प्राधिकरण, यूआईटी या दूसरी नगरीय निकाया (नगर पालिका, नगर परिषद या नगर निगम) में मौजूद एग्रीकल्चर जमीन की 90ए और उसके पट्टे जारी करने अधिकारियों को बढ़ा दिया है। यूआईटी लेवल पर सचिव और विकास प्राधिकरण स्तर पर कमिश्नर अब 25 हजार वर्गमीटर एग्रीकल्चर जमीन की 90ए करके उसका आवासीय, फार्म हाउस या रिसोर्ट निर्माण के लिए पट्टा जारी कर सकते है। इसी तरह कॉमर्शियल उपयोग के लिए ये सीमा 15 हजार वर्गमीटर जमीन की कर दी। अभी तक यूआईटी और विकास प्राधिकरण स्तर पर आवासीय जमीन के लिए 10 हजार वर्गमीटर और कॉमर्शियल के लिए 4 हजार वर्गमीटर जमीन तक 90ए करने और पट्टा जारी करने के पॉवर कमिश्नर या सचिव स्तर पर थे।

**निकायों में अब 15 हजार वर्गमीटर जमीन तक के अधिकार**

इसी तरह नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम एरिया में कमिश्नर या प्राधिकृत अधिकारी 15 हजार वर्गमीटर आवासीय उपयोग के लिए जमीन का पट्टा जारी कर सकता है। अभी तक इन अधिकारियों के पास केवल 5 हजार वर्गमीटर जमीन के पट्टे जारी करने के ही अधिकार थे। इससे बड़ी साइज की जमीन के लिए फाइल को मंत्री स्तर पर भेजना पड़ता था।

### इसलिए लिया निर्णय

सूत्रों के मुताबिक अधिकारों को डायवर्ट करने के पीछे कारण पिछले कार्यकाल का अनुभव माना जा रहा है। पिछली बार जब साल 2013 में सरकार के बदलाव के बाद सत्ता में भाजपा की सरकार आई थी। तब वसुंधरा सरकार ने गहलोत सरकार के आखिरी 6 माह के कार्यकाल की जांच करवाई थी। इसके अलावा एकल पट्टा प्रकरण की भी पिछली सरकार ने जांच की थी। जिसमें यूडीएच मंत्री धारीवाल के जेल जाने के स्थिति बन गई थी। हालांकि धारीवाल उस प्रकरण में जेल नहीं गए, लेकिन तत्कालीन यूडीएच के प्रमुख शासन सचिव जी.एस. संधु, जेडीए के उपायुक्त और यूडीएच के डिप्टी सेर`ट्री को जेल जाना पड़ा था।

---

# दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन हेतु शिविर 22 को

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चितौड़गढ़।** राज्य के समग्र औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति और जनजाति की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र एवं वाणिज्यक के महाप्रबंधक मोहित सिंह ने बताया कि उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 22 जून प्रातः 11 बजे स्थान ग्रामीण हाट कीर खेड़ा में किया जाएगा। इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति और जनजाति के पात्र व्यक्तियों को नवीन उद्यम स्थापित करने और विस्तार करने के लिए राज्य सरकार की ओर से योजनान्तर्गत कम लागत पर ऋण सुविधा, सीजीटीएमएसई अंतर्गत गारन्टी फीस, मार्जिन मनी अनुदान, ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। ऐसे में इन वर्गो का आर्थिक सशक्तिकरण हो सकेगा। योजना अर्न्तगत ऋण एवं अनुदान योजना अर्न्तगत उद्यम के प्रकार मे अधिकतम ऋण सीमा में विनिर्माण क्षेत्र में 10 करोड़ रू. सेवा क्षेत्र में 5 करोड़ एवं व्यापार क्षेत्र में 1 करोड़ रू है । ऋण सुविधा व ब्याज अनुदान में नवीन, विस्तार, विविधिकरण और आधुनिकीकरण के लिए अधिकतम ऋण राशि व ब्याज अनुदान 25 लाख रू. तक 9 प्रतिशत, 25 लाख से 5 करोड़ रू. तक 7 प्रतिशत और 5 करोड़ से 10 करोड़ रू. तक 6 प्रतिशत है। मार्जिन अनुदान के रूप में परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अथवा 25 लाख रू. जो भी कम हो ऋण वितरण के बाद तीन वर्ष तक उद्यम सचालित होने पर ऋणी के खाते में समायोजित होगा।

---

**16 जून को जीईसीसी, जयपुर में आयोजित होगा राज्य स्तरीय लम्पी रोग आर्थिक सहयता वितरण कार्यक्रम**

# 47 ज़िलों के लाभार्थियों के खाते में पहुंचेंगे 176 करोड़ रूपए

### किसान महोत्सव में मुर्रा नर शूरवीर एवं राजा, कड़कनाथ मुर्गा सहित अन्य पशु रहेंगे आकर्षण का केंद्र

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री विकास सीतारामजी भाले ने समस्त ज़िलों के पशुपालन विभाग के अधिकारीयों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 15 नए ज़िलों सहित कुल 47 ज़िलों में लम्पी रोग आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय अन्य विभागों के साथ आवश्यक एवं समुचित समन्वय स्थापित कर सभी पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले मंगलवार को यहाँ पशुधन भवन में राज्य स्तरीय लम्पी रोग आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि लाभार्थी पशुपालकों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। लाभार्थियों के खाते में पहुंचेंगे 176 करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता राशि श्री भाले ने कहा कि 16 जून को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय लम्पी आर्थिक सहायता वितरण राशि कार्यक्रम के दौरान 42 हजार पात्र पशुपालकों के खातों में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा 176 करोड़ रूपए की सहायता राशि सीधे पशुपालकों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इससे राज्य के पशुपालकों में आत्म विश्वास में बढ़ोतरी होगी साथ ही बेहतर पशुपालन एवं पशुधन उत्पाद वृद्धि की दिशा में पशुपालक अग्रसर हो सकेंगे। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि 16 से 18 जून तक जेईसीसी में आयोजित होने वाले राजस्थान किसान महोत्सव में विभिन्न प्रकार के उन्नत नस्लीय पशु पशुपालकों एवं आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

---

# रणथम्भौर में शुरू होगा कैराकल ब्रीडिंग सेंटर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**सवाईमाधोपुर।** रणथम्भौर को यूं तो बाघों की नगरी के नाम से जाना जाता है। देश विदेश से लाखों की संख्या में यहां पर्यटक बाघों की अठखेलियां देखने के लिए आते हैं। लेकिन रणथम्भौर में बाघों के साथ- साथ जंगली बिल्ली की एक खास प्रजाति कैराकल कैट यानि सियागोश के कुनबे में भी धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में रणथम्भौर में करीब 35 से अधिक कैराकल कैट यानि सियागोश है। गौरतलब है कि कैराकल कैट मध्यम आकार की जंगली बिल्ली होती है। इसकी ऊंचीछंलांग लगाने की क्षमता काफी अधिक होती है। यह अधिकतर मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, सेंण्ट्रल एशिया के जंगलों में अधिक पाई जाती है।

### संख्या बढ़ाने के लिए ब्रीडिंग कराने की योजना

वन अधिकारियों ने बताया कि रणथम्भौर में कैराकल कैट को लेकर अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश के अधिकतर अभयारण्य और टाइगर रिजर्व में कैराकल कैट नहीं है। जबकि अभी रणथम्भौर में ना केवल कैराकट कैट की मौजूदगी है बल्कि इनकी संख्या भी ठीक है। ऐसे में अब वन विभाग की ओर से सियागोश की संख्या में वृद्धि कराने के लिए ब्रीडिंग सेंटर शुरू करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए विभाग की ओर से पांच से दस कैराकल कैट को पकड़कर उनमें ब्रीडिंग कराई जाएगी। हालांकि अभी तक स्थानीय अधिकारियों की ओर से इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करके उच्च अधिकारियों को भिजवाया गया है उच्च अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद ही काम शुरू किया जाएगा।

### 2020 में कराई थी गणना

वन विभाग की ओर से रणथम्भौर में 2020 में तात्कालीन सीसीएफ मनोज पाराशर व उपवन संरक्षक मुकेश सैनी ने कई माह तक विशेष अभियान चलाकर सियागोश को खोजा था। इसके लिए वन विभाग की ओर से रणथम्भौर के जंगल में 215 जगहों पर फोटो ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। उस समय रणथम्भौर में करीब 35 सियागोश होने की पुष्टि वन विभाग की ओर से की गई थी। प्रदेश के अन्य किसी भी टाइगर रिजर्व या अभयारण्य में सियागोश नहीं है। ऐसे में इस दुर्लभ प्रजाति की बिल्ली के रणथम्भौर में इतनी संख्या में होना भी एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। गौरतलब है कि रणथम्भौर में वर्तमान में 7 प्रजाति के वन बिलाव (वाइल्ड कैट) पाए जाते हैं, जिनमें बाघ के समकक्ष ही सियागोश को स्थान प्रदान है।

**कैराकल** कैट एक दुर्लभ प्रजाति का वन्यजीव है। रणथम्भौर में कैराकल को लेकर अपार संभावनाए हैं। ऐसे में इसके संरक्षण को लेकर प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भिजवाया गया है। उच्च अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद ही आगे का काम शुरू किया जाएगा।

**- सेडूराम यादव,** सीसीएफ, रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर

---




**व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन**

# सफल लोकतंत्र के लिए चुनाव में हर मतदाता की भागीदारी है जरूरी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व होता है इसलिए सफल लोकतंत्र के लिए चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। यह कहना है जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित का। राजपुरोहित मंगलवार को जयपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजपुरोहित ने मतदाता साक्षरता क्लब के कैम्पस एम्बेसडर श्री अंश तिवारी द्वारा तैयार की गई ईएलसी पर आधारित गाइडलाइन पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने 17 वर्ष आयुवर्ग के भावी मतदाताओं से वोटर हेल्पलाइन एप और वेबसाइट एनवीएसपी पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील भी की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी चुनावों में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होगी इसलिए उन्हें अपने मत का तो प्रयोग करना ही चाहिए साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय, जयपुर की कार्यवाहक प्राचार्य स्निग्धा शर्मा सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

---

# नीट का रिजल्ट जारी

### तमिलनाडु के प्रभंजन और आंध्र के बोरा वरुण टॉपर, दोनों के 99.99 पर्सेंटाइल

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (NEET-UG) 2023 का रिजल्ट मंगलवार रात जारी कर दिया गया है। तमिलनाडु के प्रभंजन जे और आंध्र के बोरा वरुण चक्रवर्ती ने टॉपर्स रहे हैं। दोनों ने 99.99 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। सबसे अधिक स्टूडेंट्स UP से सफल रहे हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान के स्टूडेंट्स सफल रहे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) यह टेस्ट लेती है। इस बार परीक्षा में करीब 20 लाख 87 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। ये परीक्षा मेडिकल दाखिले के लिए होती है। इसकी परीक्षा 7 मई 2023 को हुई थी। देश के 499 शहरों के चार हजार से ज्यादा सेंटर्स पर इसकी परीक्षा का आयोजन किया गया था। भारत के अलावा 14 अन्य देशों में भी इसका आयोजन किया था। मणिपुर में हिंसा के चलते वहां के स्टूडेंट्स के लिए अलग से 6 जून को टेस्ट लिया गया था।

---

**महंगाई राहत कैंप में 3 लाख से ज्यादा गारंटी कार्ड जारी**

# प्रदेश की पहली पंचायत समिति बनी गोविन्दगढ़

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आमजन को महंगाई के दंश से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर आयोजित किये जा रहे महंगाई राहत कैंप में जनता का उत्साह बरकरार है। रजिस्ट्रेशन के मामले में जयपुर जिले की गोविन्दगढ़ पंचायत समिति ने एक बार फिर खुद को अव्वल साबित किया है। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि गोविन्दगढ़ महंगाई राहत कैंपों में 3 लाख से ज्यादा मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी करने वाली राजस्थान की पहली पंचायत समिति बन गई है। उल्लेखनीय है कि एक लाख एवं 2 लाख गारंटी कार्ड जारी करने का आंकड़ा भी गोविन्दगढ़ पंचायत समिति ने ही पार किया था।

### अब तक 52 लाख से ज्यादा गारंटी कार्ड हुए वितरित

**कलक्टर** ने बताया कि 24 अप्रैल से आयोजित हो रहे महंगाई राहत कैंपों में अब तक 13 लाख 93 हजार 817 परिवारों को 52 लाख 22 हजार 506 मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के तहत 7 लाख 37 हजार 752, मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख 7 हजार 381, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 10 लाख 7 हजार 381, मुख्यमंत्री निःशुल्क कृषि बिजली योजना में 82 हजार 98, मुख्यमंत्री निःशुल्क घरेलू बिजली योजना में 8 लाख 53 हजार 466 लाभार्थियों को गारंटी कार्ड जारी हुए हैं।